सुप्रभात

रांची, बुधवार
05.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 231




12 अमेरिका ने यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकी

**रोजा का समय**

**सेहरी** (06.03.2025): 04.44 बजे
**इफ्तार** (05.03.2025): 05.55 बजे




मुख्यमंत्री ने पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में लोगों से की अपील

# राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने का लेना होगा संकल्प

**झामुमो स्थापना दिवस**

- सीएम बोले-कई लाख पुरुषों ने महिला के नाम पर पैसा निकाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरिडीह झामुमो स्थापना दिवस समारोह में कहा कि आज राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प हम सब को लेना है। हम लोगों के लिए काम करें और चोर लोग राज्य की संपत्ति चुरा कर ले जायें तो कैसे चलेगा, ऐसे में राज्य अपने पैरों पर कैसे खड़ा होगा। इसलिए हम अपील करते हैं कि ऐसा काम हम लोग नहीं करें कि राज्य को दलदल से निकालने में हमें युग बीत जाये। समारोह में सीएम, केंद्र सरकार पर भी जम कर भड़के। झारखंड से सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया और चेताया भी। उन्होंने कहा, झारखंड को उसका हक नहीं मिला तो कोयला को एक ढेला भी उठने नहीं देंगे। सीएम ने कहा कि नीति आयोग ने देश के चार सर्वश्रेष्ठ राज्यों में झारखंड का नाम रखा है जो अपनी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत कर रहा है।



समारोह में सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन को चांदी का मुकुट पहनाया गया।

### लाखों पुरुष, महिला के नाम पर उठा लेते हैं पैसा

सीएम हेमंत सोरेन ने लोगों को कहा कि अभी महिलाओं के खाते में पैसा जाने से रुका है। हमें पता चला कि इतना बड़ा पैसा जो हम राज्य की आधी आबादी को दे रहे हैं, तो कुछ चालक और चतुर लोग पीछे के दरवाजे से वह पैसा निकालने का काम कर रहे हैं। कई लाख लोगों ने पुरुष, महिला के नाम पर पैसा निकालने का काम किया है। यह दुर्भाग्य की बात है। उनकी चलनेवाली नहीं है।

### गांव से चलेगी कल्याणकारी सरकार

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार रांची से नहीं गांव से चलने वाली सरकार है। यही कारण है अधिकारी गांव में जाकर यहां के लोगों की समस्या को दूर कर रहे हैं। मंईयां सम्मान योजना का खाता के लिए, फॉर्म भरने के लिए कैम्प लगवाया गया। जाति, आय, निवासी प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑफिस के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। अधिकारी और कर्मी गांव में जाकर प्रमाण पत्र बनवायेंगे।

### केंद्र सरकार को आम लोगों की कोई चिंता नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश की राजनीती एक ऐसे मोड़ से गुजर रही है, जहां देश के विकास को लेकर केंद्र सरकार को चिंता है न भय है। महंगाई आसमान छू रही है। सभी चीजों में इतना टैक्स कभी जीवन में नहीं लगा। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य था, अब पिछड़ा नहीं रहेगा।

### समारोह में भीड़ देखकर भावुक हो गयीं कल्पना


कल्पनासोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह वही मंच है जहां एक साल पहले आपने मुझे रोते हुए देखा था। यह वही मंच हैं जहां सब थे, सिर्फ एक व्यक्ति नहीं था वह था आपका बेटा हेमंत सोरेन, लेकिन आज हेमंत हैं। अभिभावक घर में न हो तो परिवार क्या करता है। परिवार के बड़े लोग वह फर्ज निभाते हैं। पिछली बार जनता ने यही साथ निभाया। मैं आपलोगों की ऋणी हूं। हमलोगों ने चुनावी समय में जो प्रण लिया था उसे पूरा करने में हेमंत सोरेन जुटे हैं। धैर्य रखियेगा हरेक वादा पूरा किया जायेगा।

भारत ने आस्ट्रेलिया से वर्ल्डकप में मिली हार का लिया बदला

# अब चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की बारी

**एजेंसी**

**दुबई।** टीम इंडिया ने 2023 में अपनी धरती पर विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली हार का बदला चैंपियंस ट्राफी में ले लिया। मंगलवार को सेमीफाइनल उसे 4 विकेट से हरा दिया। भारत ने फाइनल में जगह बना ली है। वनडे विश्व कप 2023 की उपविजेता, 2024 टी-20 विश्व कप की विजेता टीम इंडिया अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब



की भी दावेदार हो गयी है। दुबई में खेले गये पहले सेमीफाइनल में स्टार बल्लेबाज कोहली (84) जीत के नायक बने। उन्हें मैन आफ

**कंगरुओं को हरा कर भारत फाइनल में**

द मैच घोषित किया गया। पहले खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई ने 264 रन बनाये। जवाब में भारत ने 43 रन पर दोनों ओपनर्स गंवा दिये, लेकिन श्रेयस अय्यर ने 45 और विराट कोहली ने 84 रन बनाकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। अंत में हार्दिक पांड्या ( 28) के साथ केएल राहुल ने बड़ी हिट लगाकर भारत की झोली में जीत डाल दी।

सदन में पूर्व वित्त मंत्री ने कहा-अर्थनीति से साधी जाती है राजनीति

# मंईयां सम्मान की राशि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को करेगी मजबूत

- कांग्रेस विधायक सह पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने बजट को सराहा
- पॉलिटिक्स से ज्यादा इकोनॉमी हाई हुई। इनकम डिस्ट्रिब्यूशन का प्रयास सफल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सह पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की तारीफ की और कहा कि यह बजट बेहतर है। श्री उरांव मंगलवार को सदन में बजट पर चर्चा में भाग ले



रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने रोटी-कपड़ा और मकान पर जितना काम किया, उतना काम पहले नहीं हुआ। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस राज्य के निर्माण में सबका योगदान है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने राज्य गठन को मंजूरी जरुर दिलायी, लेकिन, इसके लिये वर्षों से संघर्ष होता रहा है। हमें क्रेडिट देने की बात करने से ज्यादा इस राज्य को संवारने पर फोकस करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सीएसआर के पैसे की रेवेन्यू कलेक्शन में गिनती करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार बजट के जरिये राजनीति साधती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मंईयां सम्मान योजना लेकर आयी। हमें यह समझना होगा कि इस योजना से अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। झारखंड में आय में असमानता है। इस राशि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गति आयेगी।

### न्यूज डायरी

### रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल कार्यालय से एसीबी की टीम ने कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी को दस हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सिमरिया प्रखंड के शिला गांव निवासी अनिल कुमार से लंबित भूमि वाद के मामले में उसके पक्ष में फैसला दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी। एसीबी ने जांच पड़ताल के बाद मामले को सही पाया।

### मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में कैदी ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में फांसी लगाने के कारण गढ़वा निवासी कैदी शाबीर अंसारी की मौत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाज के क्रम में हो गयी। शाबीर अंसारी को वर्ष 2023 में गढ़वा जेल से मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में शिफ्ट किया गया था। जो हत्या के मामले में सजा काट रहा था। इससे केंद्रीय कारा की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। मामले में पुलिस जांच कर रही है।




# आपत्ति निराकरण के बाद ही नयी वरीयता सूची जारी हो : हाइकोर्ट

## टेट उत्तीर्ण शिक्षकों ने इंटर ट्रेंड शिक्षकों को प्रोन्नति दिये जाने पर कोर्ट में जतायी थी आपत्ति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीते 27 फरवरी को झारखंड उच्च न्यायालय ने टेट से संबंधित महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करते हुए मध्य विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (ग्रेड 4) शिक्षक के पद पर प्रोन्नति देने के लिए नये सिरे से वरीयता सूची जारी करने का आदेश दिया है।

**क्या है मामला:** राज्य के प्राथमिक शिक्षकों (इंटर प्रशिक्षित शिक्षक) को मध्य विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (ग्रेड 4) शिक्षक के पद पर प्रोन्नति दिया जा रहा है। इस पर राज्य के टेट उत्तीर्ण शिक्षकों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि आरटीई के प्रावधानों के अनुसार और एनसीटीई के गाईडलाइन के अनुसार किसी भी नए पद पर प्रोन्नति के लिए टेट उत्तीर्ण होना आवश्यक है और ग्रेड 4 की प्रोन्नति में भी इसे अनिवार्य बनाते हुए केवल टेट उत्तीर्ण को ही प्रोन्नति देने की बात कही है। इसे लेकर सरायकेला खरसावां जिले



के शिक्षक मंगल सिंह बेसरा बनाम राज्य सरकार के मामले में शिक्षकों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता सौरभ शेखर ने पक्ष रखते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की। इस पर जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने अपने आदेश में डीसी सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति सरायकेला खरसावां और गुमला को आवेदकों की आपत्ति का निराकरण करने के बाद ही नयी वरीयता सूची जारी करने का आदेश दिया है। इस आदेश को टेट उत्तीर्ण शिक्षकों की बड़ी जीत मानी जा रही है। अब केवल टेट उत्तीर्ण शिक्षकों को ही पद प्रोन्नति मिल सकेगी। बताते चलें कि पूर्व में मद्रास हाई कोर्ट और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी समान मामले में प्रोन्नति में टेट को अनिवार्य माना है। मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर सुनवाई अंतिम दौर में है और जल्द ही इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय भी आ सकता है। इस पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ आरटीई के समस्त प्रावधानों को पूरी तरह से लागू करने का पक्षधर है और चाहता है कि शिक्षा में गुणवत्ता को देखते हुए सभी प्रकार की प्रोन्नति प्रकिया में टेट को अनिवार्य किया जाए और उच्च न्यायालय का यह आदेश स्वागत योग्य है।

### खबर एक नजर में

### हाईकोर्ट में ईडी के अधिकारियों पर दर्ज केस की जांच याचिका पर हुई सुनवाई, सीएम ने दी है याचिका

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के अधिकारियों पर दर्ज करवाए गए केस की जांच की मांग के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी के अधिकारियों विरुद्ध पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार देते हुए सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। दरअसल पिछले वर्ष 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले झारखंड के तत्कालीन सीएम की ओर से रांची के एससी, एसटी थाने में ईडी अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गई थी। जिसकी जांच फिलहाल रांची पुलिस कर रही है। रांची पुलिस ने सीआरपीसी-41ए के तहत ईडी के सहायक निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा, अनुपम कुमार और एक अन्य अधिकारी समेत ईडी अधिकारियों को नोटिस भेजा था। हालांकि झारखंड हाईकोर्ट ने नोटिस पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट से ईडी के सभी अधिकारियों को राहत मिली हुई है। वहीं ईडी के अधिकारी अदालत से यह मांग कर रहे हैं कि उनके खिलाफ दर्ज मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए।

### लैंड स्कैम : ईडी के जवाब पर छवि रंजन को अपना प्रतिउत्तर देने का निर्देश, अंतिम बहस 19 मार्च को

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में ईडी की जवाब के आलोक में प्रार्थी को प्रतिउत्तर (रिप्लाई ) देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया। कोर्ट ने अंतिम बहस के लिए 19 मार्च की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक केस चलाने के लिए सीआरपीसी की धारा 197 के तहत अभियोजन स्वीकृति आदेश लेना जरूरी है लेकिन ईडी की ओर से इस केस में ऐसा नहीं किया गया है इसलिए उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाए। दरअसल, बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी टीम ने 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, उसी समय से वे जेल में है। बता दें कि मामले में ईडी द्वारा छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया गया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। मामले में छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ आरोप भी गठित हो चुका है, लेकिन अभी ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया था. जिसके आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया।

### प्रदीप यादव ने संथाल परगना में बढ़े हुये मानदेय की मांग की

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने संथाल परगना में मांझी हड़ाम, ग्राम प्रधानों और परगनैतों के लिये दोगुने किये गये मानदेय का लाभ न मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्ति करने की अपील की।

**क्या है मामला :** सरकार ने हाल ही में इन पारंपरिक पदाधिकारियों के मानदेय को दोगुना करने का निर्णय लिया था। लेकिन, संथाल परगना क्षेत्र के मांझी हड़ाम और ग्राम प्रधानों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। इस पर प्रदीप यादव ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि संथाल परगना से खुद मुख्यमंत्री, चार मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष आते हैं। फिर भी मांझी हड़ाम और ग्राम प्रधानों तक बढ़े हुये मानदेय का लाभ नहीं पहुंचा है।

# विधानसभा में विपक्ष का बदला तेवर न हंगामा, न ही वेल में हंगामेबाजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र में इस बार एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। वो विपक्ष, जो हर छोटे-बड़े मुद्दे पर सत्ता पक्ष को घेरने के लिये हंगामा करता था। अब शांत नजर आ रहा है। न वेल में जाकर नारेबाजी, न कार्यवाही में बाधा डालने की कोशिश हो रही है। आखिर विपक्ष के इस बदले हुये व्यवहार के पीछे क्या रणनीति है। तीन मार्च को सरकार का बजट पेश किया गया और हैरानी की बात ये रही कि विपक्ष ने बिना किसी शोर-



शराबे के पूरा भाषण सुना। न कोई टोका-टोकी, न कोई वॉकआउट। पिछले दो दिनों से विधानसभा की कार्यवाही में जिस तरह की शांति दिख रही है, वो झारखंड की राजनीति में एक नयी तस्वीर पेश कर रही है।

**विपक्ष की नई रणनीति या मजबूरी**

सत्ता पक्ष के खिलाफ हर मुद्दे पर हमलावर रहने वाला विपक्ष अब सदन में सहयोग करता दिख रहा है। बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायक अपनी बातें तो रख रहे हैं। लेकिन आक्रामक तेवर गायब हैं। सत्ता पक्ष के खिलाफ खामियां गिनाने के साथ-साथ सुझाव भी दिये जा रहे हैं। सवाल ये उठता है कि ये विपक्ष की रणनीति है या संख्याबल की मजबूरी।

सदन के अंदर का गणित इस बार पूरी तरह सत्ता पक्ष के पक्ष में झुका हुआ है। इंडिया गठबंधन के पास 56 विधायकों की मजबूत संख्या है, जबकि, एनडीए के पास मात्र 25 विधायक। पहली बार झारखंड में विपक्ष इतना कमजोर नजर आ रहा है और इसका सीधा असर विधानसभा की कार्यवाही पर दिख रहा है। विपक्ष शायद जानता है कि उसके पास सरकार को घेरने के लिये पर्याप्त संख्या नहीं है। राजनीति में अचानक आने वाले बदलाव हमेशा किसी बड़े घटनाक्रम की ओर इशारा करते हैं। विपक्ष का यह शांत रवैया कहीं किसी बड़ी योजना का हिस्सा तो नहीं। या फिर यह उनकी मजबूरी बन गई है।

आने वाले दिनों में यह साफ होगा कि विपक्ष का ये नया रूप सिर्फ दिखावा है या वाकई वे अब नई रणनीति के साथ सरकार से टक्कर लेने की तैयारी में हैं।

# जरूरत होगी तो झारखंड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी करेंगे बदलाव : संजय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि वर्तमान सरकार राज्य में छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये काफी गंभीर है। जरूरत होगी तो सरकार द्वारा झारखंड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी बदलाव किया जायेगा। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की गिरती स्थिति को लेकर विपक्ष ने मंगलवार को मुद्दा उठाया। जवाब में मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि अभी तो सरकार बनने के तीन माह ही हुये हैं। थोड़ा सा हमें समय दीजिये। सरकार मजबूती से सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देगी। इससे पहले विधायक राज सिन्हा ने प्रश्नकाल के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की स्थिति का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में मध्यम उद्योग में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन 34,000 सूक्ष्म और लघु उद्योगों में रोजगार की कमी आई है। प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत सरकार राज्य के छोटे उद्योगों से माल की खरीद नहीं कर रही है। ऐसे उद्योगों के कल-कारखाने स्थापित करने के लिये भी राज्य सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करा रही है। उन्होंने पूछा कि जियाडा के अंतर्गत 135 उद्योगों को भूमि उपलब्ध करायी गई है। इसमें कितने लघु एवं सूक्ष्म उद्योग वर्तमान में चल रहे हैं।

**दोनों ही बातों पर नजर है :** विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि साल 2019 में झारखंड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी बनी थी। इसमें राज्य के छोटे उद्योगों से 25 प्रतिशत माल खरीदने का प्रावधान था। पॉलिसी में साल 2019 में संशोधन कर इसे 20 प्रतिशत किया गया। लेकिन, आज स्थिति यह है कि अगर किसी उद्योगों से जुड़ा कोई माल पड़ोसी राज्यों में सस्ता मिलता तो ठेकेदार वहां से उठा लेते हैं। इससे राज्य के छोटे उद्योगों को नुकसान पहुंचता है। छोटे-छोटे उद्योग तो धीरे-धीरे करके खत्म होते जा रहे हैं।

### झारखंड में चालकों के लिए कल्याण योजना की मांग

**रांची।** अरूप चटर्जी ने मंगलवार को सदन ने चालकों के लिये कल्याण योजना लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार में चालक कल्याण योजना लागू की गई है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि पड़ोसी राज्य की नीतियों का विस्तृत अध्ययन कर इस पर निर्णय लिया जायेगा। इस पर कम से कम छह महीने लगेंगे। वहीं, अनंत प्रताप देव ने वंशीधर नगर को तीर्थस्थल कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की मांग की।

### आदिवासी के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया: जनार्दन

लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि चतरा के कुंदा में खतियानी जमीन पर बसे लोगों के 20 घरों को वहां के डीएफओ राहुल कुमार मीणा के आदेश पर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। ये घर आदिवासी और पिछड़ी जातियों के हैं। इसकी जांच कर कराकर दोषी अफसर पर कार्रवाई करें। जिस अफसर पर जांच होना चाहिये। उसी अफसर ने रिर्पोट भेजा है। इस मामले की विधानसभा की कमेटी बनाकर जांच कराई जाये।

### घूस लेने के आरोपी सदर सीओ मुंशी राम को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद तत्कालीन रांची सदर सीओ मुंशी राम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में मुंशी राम की जमानत पर सुनवाई हुई। इससे पहले 31 जनवरी को रांची एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की विशेष कोर्ट ने मुंशी राम को बेल देने से इनकार कर दिया था। दरअसल 2 जनवरी को एसीबी की टीम ने रांची के टाउन सीओ मुंशी राम को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मुंशी राम को एसीबी ने उनके ऑफिस में ही घूस लेते पकड़ा था। जिसके बाद मुंशी राम के घर पर हुई छापेमारी में एसीबी ने सात लाख रुपये बरामद किये थे। मुंशी राम एक व्यक्ति से उसकी जमीन नापी के लिए 40 हजार की रिश्वत मांग रहे थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। मुंशी राम की ओर से वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने बहस की।

### चार्जशीटेड सात आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड आरोपी जमशेदपुर के डीआरडीए के निदेशक संतोष कुमार गर्ग समेत 7 आरोपियों की अग्रिम जमानत देने से अदालत ने इनकार किया है। आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने पिछले दिनों याचिकाकर्ता संतोष कुमार गर्ग, अनंत कुमार, ज्योति कुमारी झा, सुषमा नीलम सोरेंग, सीमा सिंह और कामेश्वर नारायण की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। वहीं, रांची नगर निगम के पूर्व अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन समेत अलका कुमारी, परमेश्वर मुंडा, मोहन लाल मरांडी और जितेंद्र मुंडा की याचिका पर अदालत अपना आदेश 5 मार्च को सुनायेगी। सभी आरोपियों की याचिका पर पिछले दिनों सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। मालूम हो कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

### ग्रीका और प्राणा का रूफटॉप बंद करने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**रांची।** राजधानी में चल रहे दो रूफटॉप बार और रेस्टूरेंट के संचालकों को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कांके रोड स्थित ग्रेका किचन एवं बार और हरमू रोड स्थित प्राणा बार एंड लाउंज को बंद किए जाने के रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल रांची नगर निगम की ओर से इन दोनों बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को बंद करने का आदेश पारित किया गया था। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में गुहार लगाई गई है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस बिल्डिंग में चल रहे हैं उसका मैप प्लान रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफटॉप पर कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई स्ट्रक्चर बना है। ये रेस्टोरेंट फायर सुरक्षा के मापदंड को भी पूरा कर रहे हैं, अग्निशमन विभाग से भी इन्होंने नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लिया है।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI,
Phone No..: 9431707301, Email ID- gm.jusnl@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) is invited from the reputed parties, having adequate financial and technical resources to undertake the following work :-

| Sl No | NIT No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(RS.) | Cost of Tender (Non Refundable) (RS.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 418/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 220/132KV Grid Sub-Station **Hatia-II** from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS.80500/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 2 | 419/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Hatia-I** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS.74000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 3 | 420/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Namkum** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS.34500/- | RS.5900/-(including 18 % GST) |
| 4. | 421/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Kanke** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS. 59000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 5. | 422/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Lohrdaga** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26. | RS. 62500/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 6. | 423/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Tamar** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26. | RS. 71000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 7. | 424/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station **Khnuti** from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS. 57000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 8. | 425/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Annual Maintenance work of 220/132/33KV Grid Sub-Station **Burmu (Ratu)** from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26. | RS. 82000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 9. | 426/PR/JUSNL/ 2024-25 | Work for Carrying out Routine Patrolling, Preventive /Breakdown shutdown maintenance of 132 KV Transmission Lines under Transmission Sub-Division Hatia-I from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. – 2025-26 | RS. 37000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 10. | 427/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out Routine Patrolling, Preventive and Breakdown shutdown maintenance of 220 KV Burmu (Ratu) – Katia D/C Transmission Lines under Transmission Sub-Division Burmu (Ratu) from01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26 | RS. 32000/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |
| 11. | 428/PR/JUSNL/ 2024-25 | Carrying out Patrolling, Preventive and Breakdown maintenance of 132 KV Transmission Lines under Transmission Sub-Division Kanke from 01.04.2025 to 31.03.2026 of F.Y. - 2025-26. | RS. 44500/- | RS. 5900/-(including 18 % GST) |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | **From 05.03.2025 at 03.00 PM to 25.03.2025 upto 03:00 PM** |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 25.03.2025 upto 03:00 PM |
| Last date & Time of submission of hard copy of bid. | 25.03.2025 upto 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 26.03.2025 at 02.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | General Manager, Transmission Zone – I, Kusai Colony, Doranda, Ranchi |

A complete set of bidding documents may be downloaded by any interested bidder from website https://jharkhandtenders.gov.in. Interested bidders have to necessarily register themselves on https://jharkhandtenders.gov.in to participate in the bidding under this NIT. It shall be the sole responsibility of the interested bidders to get themselves registered at the aforesaid website and apprise themselves adequately regarding all the relevant procedures and provisions related to uploading of the bids on the aforesaid website.

1.0 Bidder shall pay the EMD and BOQ cost through online mode , as a proof of payment towards e-Tender fee, copy of online receipt of e-Tender( UTR/Reference no. of online payment) must be submitted along with the technical bid before opening date and time of the bid as mentioned in tender document failing which bid will not be considered.
2.0 The detailed Qualifying Requirements (QR) are given in the bidding document.
3.0 e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no.**0651-2400178**.
4.0 The bids will be received through electronic tendering mode only.
5.0 No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
6.0 JUSNL reserves the right to accept or reject any bid partly or fully or cancel the bidding without assigning any reasons thereof and in such case no bidder/ intending bidder shall have any claim arising out of such action.
7.0 **Address for Communication:**
**GENERAL MANAGER,**
TRANSMISSION ZONE-I,JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
**Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300 (Mobile)**

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR.NO.347786 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D


# आदिवासी-मूलवासी विरोधी सोच दिखती है बजट में : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अबुआ सरकार आदिवासी- मूलवासी, ग्रामीण और किसान विरोधी सोच वाली सरकार है। 2024- 25 के बजट की तुलना में वर्तमान बजट में बड़ी कटौतियां की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025- 26 के बजट में किसानों से जुड़े कृषि विभाग के बजट में 700 करोड़ रुपयों की बड़ी कटौती की गई। इसके अतिरिक्त मत्स्य, डेयरी विभागों में भी कटौतियां की गई। गरीबों को अन्न पहुंचने वाले खाद्य आपूर्ति विभाग में और स्वास्थ्य विभाग में की गई कटौती समझ से पड़े हैं। ऐसा लगता है शिक्षा भी सरकार के फोकस में नहीं है। तभी तकनीकी, उच्च एसेकेंडरी और प्राथमिक शिक्षा के भी बजट को घटा दिया गया है। सरकार का फोकस उद्योगों पर भी नहीं है।इसलिये, उद्योग विभाग के बजट में भी कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक



कल्याण का ढोंग करने वाली सरकार ने इसका बजट भी घटा दिया। पहले से हर घर में नल से जल योजना में पीछे चल रही राज्य सरकार ने पेयजल स्वच्छता विभाग के बजट में 800 करोड़ की बड़ी कटौती कर दी। मूलभूत संरचना का विकास सरकार के फोकस में नहीं है। पथ निर्माण के विभाग के बजट में 200 करोड रुपये की कटौती की गई। ग्रामीण विकास के बजट में 2395 करोड़ की बड़ी कटौती दिखाता है कि सरकार गांव के आधारभूत संरचनाओं के विकास पर फोकस नहीं कर रही। इन विभागों से ही रोजगार मिलता है और जीएसडीपी बढ़ता है। नगर विकास के बजट में भी 1356 करोड़ की कटौती कर सरकार ने दिखा दिया कि वह गांव और शहर सबकी अनदेखी कर रही है।

उन्होंने कहा ऐसा बहुत कम होता है कि मुख्यमंत्री 45 प्रतिशत बजट की कुल राशि अपने पास रख ले। यानी लगभग आधा बजट उनके पास है। इसका साफ संदेश है कि उन्हें अपने बाकी मंत्रियों पर भरोसा नहीं है। झामुमो के मंत्रियों के कोटे में लगभग 70 प्रतिशत बजट का हिस्सा गया है। सरकार में पिछलग्गू बन बैठी कांग्रेस को सिर्फ 26 प्रतिशत बजट में हिस्सा मिला है।दअरसल, यह महागठबंधन सरकार का बजट न होकर झामुमो का बजट प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रवक्ता का बजट पेश होने के पहले ही बजट की बारीकियां की जानकारी के मुद्दे पर सरकार खामोश है।जाहिर है सरकार बचाव कर रही है।ये संजोग नहीं हो सकता कि कांग्रेस के प्रवक्ता का बजट की बारीकी पर दिया गया बयान और बजट का वास्तविक आकार बिल्कुल समान निकला।

# बजट भाषण में अटल जी का नाम नहीं लेना कुत्सित राजनीति का परिचायक : मरांडी

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- केंद्र सरकार को जानबूझकर बदनाम करती है हेमंत सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बजट भाषण में अटल बिहारी वाजपेयी का नाम नहीं लेना कुत्सित राजनीति का परिचायक है। श्री मरांडी मंगलवार को सदन में बजट परिचर्चा पर भाग ले रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनामद की राशि को बजट में घटाया, गैर योजना का बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बजट के पैसे कहां से आयेंगे, इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं है। उन्होंने बजट पर चर्चा के दौरान राज्य सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने बजट को दिशाहीन,अदूरदर्शी, विकास विरोधी बताते हुये कहा कि राज्य सरकार बजट भाषण में भी राजनीति कर



रही है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के सपने को अटल जी ने पूरा किया। आज सत्ता पक्ष में वही लोग बैठे हैं, जिनका इतिहास झारखंड आंदोलन को बेचने, खरीदने और बदनाम करने का रहा है। कभी अपने लाश पर अलग राज्य बनने की बात करने वाले आज सत्ता में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मुख्यद्वार पर श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा लगी हैएवे झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैंएलेकिन वित्तमंत्री बड़े छोटे मन के निकले। उन्होंने कहा कि बजट का आकर देखने में बड़ा है लेकिन जनता तक इसकी राशि नहीं पहुंचती है।

सरकार का प्रबंधन विफल है। अगर राज्य सरकार थोड़ी बहाली भी करती है तो गैर योजना मद में राशि और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सरकार का राजस्व संग्रहण अबतक मात्र 58.82 प्रतिशत है और उसमें भी केंद्रीय कर की हिस्सेदारी 28.35 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनता के बीच केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार और भ्रम फैलती है। जबकि, मोदी सरकार सभी क्षेत्रों में झारखंड को भरपूर सहायता उपलब्ध कराती है। उन्होंने आंकड़े देते हुये कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में यूपीए की मनमोहन सरकार से कई गुना ज्यादा पैसे राज्य को दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेवारी से भाग रही है।केवल लंबे चौड़े घोषणाओं से सरकार चलाना चाहती है।

वास्तविकता यह है कि पिछले पांच सालों से राज्य में इंडी गठबंधन की सरकार है लेकिन राज्य की 41 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने को मजबूर है। विधि व्यवस्था आज पूरी तरह ध्वस्त है। उन्होंने राज्य सरकार को जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की नसीहत दी।

# साझा सेंट्रल लाइब्रेरी से लगातार हो रही बाइक चोरी से छात्र परेशान, किया हंगामा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मोरहाबादी मैदान स्थित साझा सेंट्रल लाइब्रेरी में छात्र बाइक चोरी की समस्या से दो चार हो रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि लाइब्रेरी के बाहर से उनकी बाइक चोरी कर ली जा रही है। जिसके बाद बाइक चोरी की घटनाओं से परेशान छात्रों ने परिसर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने मीडिया से चर्चा में कहा कि साझा सेंट्रल लाइब्रेरी के बाहर से 2 महीनों के बीच 8 से ज्यादा दोपहिया वाहनों की चोरी हुई है। ताजा घटना मंगलवार की है यहां एक छात्र की बाइक चोरी हो गई। जिसके बाद छात्र आक्रोशित हो गए। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने लाइब्रेरी प्रबंधक के ऑफिस के सामने जमकर हंगामा किया। हंगामा और प्रदर्शन कर रहे छात्रों की मांग है कि लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने के लिए आने वाले छात्रों की बाइक और स्कूटी गायब हो रही है। ऐसे में सभी छात्रों को लाइब्रेरी के अंदर बाइक रखने की स्थायी व्यवस्था की जाए।

**नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला :** छात्रों का आरोप है कि चोरी की वारदात में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। जबकि लालपुर थाना पुलिस इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है। इस हंगामे की सूचना पर लालपुर थाना की पुलिस ने छात्रों को समझाया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी बाइक के लिए उचित जगह का चयन करके के बाद स्थान मुहैया करा दी जाएगी। वही आक्रोशित छात्रों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी है।

## साइकिल की सीट तक हो रही चोरी

मंगलवार को जिस राजकिशोर नामक छात्र की बाइक चोरी हुई थी। उसने मीडिया को बताया कि लाइब्रेरी के बाहर सुरक्षा को लेकर लालपुर थाना पुलिस का रवैया लापरवाह वाला रहा है। 2 महीने के भीतर कई बाइक और स्कूटी चोरी हो चुकी है। जबकि कुछ छात्रों ने यह भी बताया कि चोरों का दुस्साहस इतना है कि वह साइकिल की सीट तक खोलकर ले जाते हैं।

## आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है पुलिस

वहीं मामले को लेकर लालपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि अब तक 11 बाइक चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। छात्रों को भी इसकी जानकारी दी गई है। वहीं छात्रों की मांग है कि उन्हें बाइक और स्कूटी पार्किंग के लिए लाइब्रेरी के अंदर जगह दी जाए। इस मामले को लेकर लाइब्रेरी प्रबंधन और छात्रों के बीच वार्ता रखी गई है। वही लाइब्रेरी के बाहर पुलिस गश्त बढ़ाने पर सहमती हो चुकी है।

खबर एक नजर में

## बजट पर चर्चा के दौरान शेरो-शायरी का दौर
## ये सफर आसान नहीं... हेमलाल

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन बजट पर चर्चा के दौरान शेरो-शायरी का दौर चला। झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू बजट के समर्थन में बोलते हुए कहा कि ऐतिहासिक और समावेशी बजट है। जो पिछले वर्ष की तुलना में13 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि ये सफर आसान नहीं है, हौसले बुलंद हैं। झारखंड के इस सफर में हम आगे हैं। इस पर सीपी सिंह ने कहा कि सदन के अंदर काफी दिनों के बाद हेमलाल मुर्मू का भाषण सुनने को मिल रहा है। इस पर हेमलाल मुर्मू ने कहा कि सफर में धूप तो होगी, चल सको तो चलो, सभी हैं भीड़ में तुम निकल सको तो निकलो।

**शराब पी कर आये तो ठोक दो :** चर्चा के दौरान हेमलाल ने कहा कि अगर कोई पति शराब पीकर घर आता है, तो उसे ठोक देना चाहिए। महिलाएं उनसे पूछती हैं कि पति को ठोक दें या नहीं। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र की महिलाएं उन्हें फोन कर पूछती हैं कि उनका पति शराब पीकर घर आया है, क्या उसे ठोक दें। वह उन्हें सुझाव देते हैं कि ठोक दो।

**क्यों पति को पत्नी से पिटवाने पर तुले हैं :** श्री मुर्मू के सुझाव पर भाजपा विधायक नीरा यादव ने चुटकी लेते हुए कहा कि राज्य सरकार झारखंड में शराब बेचवा कर क्यों पति को पत्नी से पिटवा रही है। इस पर हेमलाल ने कहा कि आप महिलाओं के बीच नहीं जाती हैं। आपको पता नहीं है।

## बीपीएससीएल प्रदूषण मामले में चलते सत्र में ही जांच रिपोर्ट सौंपेंगे : योगेंद्र प्रसाद

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा है कि बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बीपीएससीएल) द्वारा प्रदूषण फैलाने के मामले में कंपनी पर 73.32 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पूरी मामले की जांच के लिये एक तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। कमेटी को एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट देने का निर्देश है। जांच रिपोर्ट को चलते सत्र में रखा जायेगा। अगर रिपोर्ट में कुछ भी खामियां दिखीं तो आवश्यकतानुसार सदन के सदस्यों की कमेटी भी बनाकर पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच करायेंगे। दरअसल जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय ने मंगलवार को सदन में प्रश्न काल के दौरान बीपीएससीएल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बीपीएससीएल फ्लाई ऐश निकासी के लिये केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के निदेशों का पालन नहीं कर रहा है। उसके सभी छह ऐश पौंड भर गये हैं और ऐश पौंड का पानी बोकारो स्टील लिमिटेड के स्लज पौंड और कूलिंग पौंड होकर गरगा नदी से दामोदर नदी में गिर कर जल प्रदूषण फैला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री कहते हैं कि सरकार ने मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है। कमेटी में सदस्य वही हैं। जिसके खिलाफ जिसकी जांच होनी चाहिये, ऐसे में जांच कैसे होगी। उन्होंने कहा है कि सभी पौंड भर गए हैं। केंद्र सरकार के दिसंबर 2021 के नियम के तहत ऐश पौंड को खाली करना जरूरी है। लेकिन एक भी पौंड खाली नहीं किया गया। राज्य का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्रवाई नहीं कर रहा है। प्रभारी मंत्री जुर्माना की बात करते हैं। लेकिन यह जुर्माना तो वर्ष 2022 में तटबंध टूटने के कारण लगा था।

## झारखंड के बजट में शिक्षा व स्वास्थ्य पर जोर, पर कार्यान्वयन की कमी: सीपीएम

**रांची।** सीपीएम ने झारखंड के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य के मद में आवंटित राशि का उपयोग केवल आधारभूत ढांचे को बढ़ाने की ओर है, लेकिन कार्यान्वयन की कमी है। पार्टी ने कहा है कि राज्य में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं, लेकिन वहां विभिन्न विभागों की स्थापना नहीं हुई है और जो विभाग खोले गए हैं, वहां डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। इसी तरह, जिले में डिग्री कॉलेज खुल गए हैं, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी के चलते पठन-पाठन नहीं हो रहा है।

**अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए कम आवंटन :** सीपीएम ने कहा है कि राज्य में अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए उनके उप योजना मद में राशि का आवंटन नहीं किया गया है। इसके अलावा, उन्हें जाति प्रमाण पत्र मिलने में हो रही कठिनाई का सामना भी करना पड़ रहा है।

**रोजगार सृजन के लिए कम फोकस :** पार्टी ने कहा है कि बजट में रोजगार सृजन के लिए और फोकस किए जाने की जरूरत थी। हालांकि, केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ पूरी तरह असमानता का रुख अपनाता है।

## रेलवे व एनएचएआई से एनओसी लेने के लिये चाहिये था तत्पर रहना : स्पीकर

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन राजसिन्हा ने धनबाद में पेयजलापूर्ति का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि धनबाद में शुद्ध के लिए 917.69 करोड़ की तीन महत्त्वपूर्ण योजनायें हैं।जो पिछले पांच-छह साल पहले ही शुरू हुई थी। लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इन योजनाओं में कहीं विभागों से एनओसी प्राप्त न हो पाना, पाईप लाइन बिछाने के कार्य धीमा होना और विभागीय शिथिलता व विभाग तथा संवेदकों के मिलीभगत से बार-बार योजनाओं के रि इस्टीमेट के कारण सिर्फ 60 फीसदी ही योजनाएं पूरी हो पाई हैं। राज सिन्हा ने यह भी पूछा कि पांच साल तक बगैर एनओसी के योजना कैसे शुरू हो गयी। इस योजना के पूरा होने में और कितने साल लगेंगे।

## एनओसी मिलने के बाद एक साल में हो जायेगा पूरा : योगेंद्र प्रसाद

**रांची।** प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने राज सिन्हा के सवाल का जवाब देते हुये कहा कि फेज वन एनओसी मिलने के बाद एक साल में पूरा कर लिया जायेगा। फेज टू एनओसी मिलने के बाद 15 महीने में पूरा होगा। वहीं झामडा की योजना तीन महीने में पूरी कर ली जायेगी। इसपर रागिनी सिंह ने भी कहा कि झरिया में पानी की समस्या है। नगर आयुक्त का भी रवैया ठीक नहीं है। मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि एनएचएआइ और रेलवे से एनओसी लेने का प्रयास हो रहा है। पत्राचार पर पत्राचार हो रहा है। लेकिन केंद्र नहीं सुन रहा है। इस पर स्पीकर ने कहा कि जब डीपीआर बन रहा था। तब रेलवे और एनएचएआइ से एनओसी लेना चाहिए था। इसके लिये उसी समय तत्पर रहना चाहिये था।

## झारखंड सचिवालय सेवा के 14 अवर सचिव बने उपसचिव, मिली पोस्टिंग

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय सेवा के 14 अवर सचिव को उप सचिव के पद पर प्रोन्नति दिया है। इसके साथ ही उन्हें पोस्टिंग भी दे दी गयी है। इसी के तहत राजेंद्र चौधरी को महाधिवक्ता कार्यालय में उपसचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, मो. बशीर अहमद को कर्मचारी चयन आयोग में उप सचिव बनाया गया है। अश्विनी कुमार लाल को ग्रामीण कार्य विभाग में उप सचिव मनाया गया है। मनोज कुमार को राज्य सूचना आयोग में उप सचिव बनाया गया है। कृष्ण कुमार को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में उप सचिव बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार राजीव रंजन तिवारी और शिव कुमार चौधरी को अवर सचिव के पद से प्रोन्नति देचे हुए कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में उप सचिव बनाया है। वहीं, विपिन कुमार को ग्रामीण कार्य विभाग में उप सचिव बनाया गया है। राजीव कुमार, मिथिलेश कुमार नीरज और घनश्याम प्रसाद को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार में उप सचिव मनाया गया है। सुशील कुमार को खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग में उपसचिव बनाया गया है। मदन मोहन झा को जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय दुमका में उपसचिव बनाया गया है और घनश्याम प्रसाद सिंह को उद्योग विभाग में उपसचिव बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के संयुक्त सचिव रवि आनंद के आदेश से जारी कर दिया गया है।

# रिम्स के पीजी रेजिडेंट में स्नेहा कांता बनी यूनिवर्सिटी टॉपर

### रिम्स के पीजी रेजिडेंट में स्नेहा कांता ने यूनिवर्सिटी में मारी बाजी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रिम्स के विभिन्न विभागों के लिए पीजी रेजिडेंट का रिजल्ट प्रकाशित कर दिया गया। सोमवार को प्रकाशित रिजल्ट में फार्मोकोलॉजी की छात्रा डॉ स्नेहा कांता ने सबसे ज्यादा अंक लाकर पूरे यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। डॉ स्नेहा कांता को 73.25 प्रतिशत अंक मिले हैं। डॉ स्नेहा कांता अपने विभाग में तो अव्वल रही ही हैं, पूरे यूनिवर्सिटी में भी बाजी मारी है। इस उपलब्धि के लिए डॉ कांता को दो-दो गोल्ड मैडल मिलेंगे।

बताते चलें कि डॉ कांता रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ हरे राम सिंह की पुत्री हैं। डॉ हरे राम सिंह झारखंड में अपनी सेवाकाल के दौरान राज्य के कई अस्पतालों में काम किये। अस्वस्थता के कारण डॉ सिंह ने स्वैक्षिक सेवानिवृति ले ली। परिवार में विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ स्नेहा कांता ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डॉ कांता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता डॉ हरे राम सिंह को देती हैं।

उन्होंने कहा कि उनके पिता की यह इच्छा थी कि वह भी चिकित्सा के क्षेत्र में आये। बचपन से ही उनके पिता ने उन्हें चिकित्सा सेवा में आने के लिए प्रोत्साहित किया। रांची विश्वविद्यालय द्वारा जारी पीजी रेजिडेंट के परिणाम में शिशु रोग विभाग में डॉ प्रतिक पांडेय, सर्जरी में डॉ प्रियंका, डमेटोलॉजी में डॉ अमन केसरी, नेत्र रोग में डॉ नेहा, रेडियोलोजी में डॉ हर्ष कौर, चरम रोग में डॉ हेमंत केसरी ने परचम लहराया है।

## झारखंड सरकार की बजट खोखली : कुमुद



**रांची।** ड्रीम फाउंडेशान की अध्यक्ष और भाजपा नेत्री कुमुद झा ने कहा कि झारखंड सरकार ने जो बजट पेश किया है, उससे यह प्रतीत होती है कि सरकार की मंशा राज्य की तररकी का नहीं है। झारखंड सरकार द्वारा 24 विभागो के बजट में कटौती की गई है। इसके अंतर्गत शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग भी शामिल है। खासकर शिक्षा जैसे विभाग( उच्च शिक्षा,तकनीकी शिक्षा,सेकेंडरी शिक्षा और प्राथमिक शिक्षा ) का बजट बढ़ाये जाने के बदले घटाया जाना बिलकुल सही नहीं है। शिक्षा समाज के हर वर्ग के लिए अहम है और यह देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अगर शिक्षा के बजट में कटौती की जाती है, तो इसका असर बच्चों और युवाओं की शिक्षा पर पड़ेगा, जो भविष्य में न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रगति बल्कि पूरे राज्य और राष्ट्र के विकास के लिए भी हानिकारक हो सकता है। शिक्षा में निवेश बढ़ाना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर अवसर और समाज में समानता मिल सके।

# 12 को मारवाड़ी भवन रांची में होगा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो





रांची। कवि सम्मेलन आयोजन समिति रांची के तत्वाधान में 12 मार्च को रात्रि 9 बजे से हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन मे होली के अवसर पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया एवं मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्साह एवं उमंग के पावन पर्व होली के अवसर पर 12 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुनील पॉल (लाफ्टर चैलेंजर), ठहाको के सरदार जानी बैरागी, हास्य व्यंग कवि रमेश मुस्कान, इटावा वीर रस के कवि गौरव चौहान, श्रृंगार रस की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी एवं हास्य-व्यंग्य के कवि शशिकांत यादव पधार रहे हैं। आमंत्रित कवि अपने हास्य रस, वीर रस, श्रृंगार रस, व्यंग कविता प्रस्तुत कर दर्शकों को हंसी के ठहाके की बौछार के साथ-साथ तीखे बाण व्यंग्य का मधुर संगम पेश करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस बार आयोजन में समिति द्वारा चार नए सदस्यों अंजय सरावगी, हरिशंकर कनोडिया, निर्भय शंकर हरित एवं चंद्र प्रकाश धेलिया को जोड़ा गया है। निर्वतमान अध्यक्ष विनोद कुमार जैन एवं पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि कवि सम्मेलन को सफल व्यवस्था हेतु निम्न कमेटी बनाई गई है।

कमेटी के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेवारियां जिसमें- स्वागत सत्कार-पवन शर्मा एवं विनोद जैन, अर्थ-व्यवस्था- ललित कुमार पोद्दार, सभागार व्यवस्था- अनिल कुमार अग्रवाल, सुरक्षा व्यवस्था- पवन पोद्दार एवं कमल जैन, मंच सज्जा रतन मोर एवं मनोज बजाज, प्रशासनिक कार्य किशोर मंत्री एवं कमल जैन, अल्पाहार व्यवस्था- पवन पोद्दार, तथा कार्यक्रम मीडिया प्रभारी - संजय सर्राफ को दी गई है। समिति के सचिव अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि कवि सम्मेलन मे पूर्णतया प्रवेश निःशुल्क है। महिलाओं को बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं दर्शकों के लिए एलईडी भी मैदान में लगाए जाएंगे। हल्के जलपान की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन के द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन मिला है।

# मंत्री से रूफटॉप पर चल रहे बार का लाइसेंस रद्द करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रूफटॉप में चल रहे सभी बार का लाइसेंस रद्द करने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि रांची शहर में 33 बार अवैध रूप से रूफटॉप में चल रहे हैं। इन अवैध बारों पर कार्रवाई करते हुए बंद करने का निर्देश हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को दिया है। हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद रांची नगर निगम और उत्पाद एवं मद् निषेध विभाग अवैध बारों को भी वैध करने के प्रयास में लगे हुए हैं। पूरा नगर निगम और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग अवैध रूप से बार का संचालन कर शराब बेचने वाले को लाभ पहुंचाने में लगे हुए हैं।

ज्ञापन में उत्पाद मंत्री से मांग की गई कि हाई कोर्ट के निर्देश के आलोक में राजधानी के 33 अवैध बार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सभी का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि उत्पाद विभाग और नगर निगम द्वारा रूफटॉप में ही बार चलाने की अनुमति के लिए हर संभव प्रयास क्यों किया जा रहा है। बार संचालक रूफटॉप के बजाय बहुमंजिल इमारत के किसी भी तल्ला में बार चला सकते हैं।

ज्ञापन में मंत्री से कहा गया है कि रूफटॉप में निर्माण, व्यवसाय और बार चलाने की अनुमति देने से राज्य के हजारों अपार्टमेंट के रूफटॉप में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो जाएगी। जिससे अपार्टमेंट में रहने वाले लाखों लोग रूफटॉप में कॉमन पैलेस की सुविधा से वंचित हो जाएंगे। मंत्री से मांग की गई है कि रूफटॉप में चल रहे सभी बार का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए।

# फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष और निबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड फामेर्सी छात्र संघ का एक शिष्टमंडल राज भवन में मिला। इस दौरान उन्होंने झारखंड राज्य फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष एवं निबंधक-सह-सचिव के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने को लेकर राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष द्वारा गलत सूचना देने एवं निबंधक पद पर अनुचित नियुक्ति की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया है। साथ ही, विधिक एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त शिष्टमंडल ने डिप्लोमा-इन-फामेर्सी परीक्षा समिति द्वारा डी फार्मा में की गई अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग भी की।

## झारखंड में 7930 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे, बगैर छात्र चल रहे 103 विद्यालय

खबर मन्त्र ब्यूरो

### झारखंड विधानसभा में शिक्षा प्रणाली की राज सिन्हा ने खोली पोल

**रांची।** झारखंड विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक राज सिन्हा के एक सवाल से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सवालों के घेरे में आ गया है। राज सिन्हा का सवाल था कि कितने स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी छात्र नहीं है फिर भी शिक्षक पदस्थापित हैं। उन्होंने यह भी जानना चाहा था कि कितने स्कूल ऐसे हैं जहां सिर्फ एक-एक शिक्षक के भरोसे स्कूल का संचालन हो रहा है, जबकि छात्रों की संख्या अच्छी खासी है।

राज सिन्हा केसवाल के जवाब में विभागीय मंत्री रामदास सोरेन ने यू-डायस के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए बताया कि राज्य में 7930 स्कूल ऐसे हैं, जो सिर्फ एक-एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इन स्कूलों में कुल 3,81,455 बच्चे पढ़ रहे हैं। साथ ही 103 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चा नामांकित नहीं है, लेकिन 17 शिक्षक पदस्थापित हैं।

शिक्षक और छात्र अनुपात को सुधारने की पहल के बाबत पूरक सवाल पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि 26,001 सहायक आचार्य की नियुक्ति की कार्रवाई जेएसएससी में प्रक्रियाधीन है। मंत्री ने कहा कि यदि अनुशंसा मिलती है तो छात्र एवं शिक्षक अनुपात के अनुसार पदस्थापना की जाएगी।

# कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक में लोहरदगा के लिए दो सदस्यीय टीम गठित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुशासन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कमिटी के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। विगत विधानसभा के चुनावों में पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ अनुशासनहीनता का मामला जिलाध्यक्ष एवं पार्टी के प्रत्याशी के द्वारा समिति के संज्ञान में लाया गया था, जिसके आलोक में समिति ने इन तमाम नेताओं से अपना-अपना स्पष्टीकरण देने हेतु पत्र लिखा था। समिति के पत्र के बाद लोगों ने अपना स्पष्टीकरण समिति को दिया है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा बताया कि संपन्न हुई बैठक में समिति ने यह निर्णय लिया कि लातेहार के पप्पू पासवान, सलाम अंसारी, धनबाद के इम्तियाज अली, पलामू के लक्ष्मी नारायण तिवारी के द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए यह चेतावनी भी दी गई कि भविष्य में अनुशासनहीनता माफ नहीं की जाएगी। वहीं लोहरदगा के पार्टी प्रत्याशी और विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा प्रेषित पत्र में वर्णित लोहरदगा जिला के पार्टी पदाधिकारियों पर लगाये गये अनुशासनहीनता के आरोपों के मद्देनजर अनुशासन समिति ने दो सदस्यीय टीम का गठन किया है जिसमें अनादि ब्रम्ह, अमुल्य नीरज खलखो शामिल हैं। इन्हें यह कहा गया है कि लोहरदगा जिला के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, से वन टू वन बात प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। बैठक में समिति के सदस्य अनादि ब्रहम, शमशेर आलम, अमुल्य नीरज खलखो शामिल थे।

## आज से शुरू होगा ईसाई धर्मावलंबियों का चालिसा काल

रांची। कैथोलिक चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में बुधवार से चालिसा काल की शुरुआत हो रही है। चर्चों में सुबह पांच बजे से आराधना शुरू हो जाएगी, जो शाम पांच बजे तक चलेगी। परमेश्वर की आराधना के लिए चर्चों में भीड़ होगी। खजूर के पत्तों को जलाकर उन्हें माथे पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही लोग पश्चाताप करेंगे और परमेश्वर के दुखभोग का स्मरण करेंगे। सभी वर्गों का खास ध्यान रखा गया है। संत मरिया महागिरजाघर चर्च में पांच बार अलग-अलग समय पर मिस्सा आयोजित किया जाएगा। संत मरिया महागिरजाघर चर्च के पल्ली पुरोहित, आनंद डेविड खलखो ने बताया कि चालिसा काल बुधवार से शुरू होगी और पांच बार मिस्सा होगा। इसमें सुबह 5 बजे, 8 बजे, 3.30 और शाम को भी मिस्सा होगा। प्रत्येक विनती के लिए अलग-अलग फादर शामिल होंगे। इस दौरान यीशु खीस्त का चिंतन और मनन किया जाएगा और माथे पर राख लगाया जाएगा। इसके बाद विनती और आराधना होगी।

# झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के गठन पर समाज ने सरकार का जताया आभार

- बंधु तिर्की के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री और कृषि मंत्री का जताया आभार

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड में पहली बार टीएसी की तर्ज पर झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसका उल्लेख किया है। झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के गठन की सूचना से राज्य भर के अनुसूचित जाति समाज में उत्साह है। राज्य के सभी 5 प्रमंडल से जुड़े अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

**मील का पत्थर साबित होगा यह सरकार का यह निर्णय**

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार ने किया।

पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार का ये निर्णय अनुसूचित जाति समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के माध्यम से समाज के लोगों का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास में मदद मिलेगी।

बंधु तिर्की ने कहा है कि इसका जल्द से जल्द गठन हो और गठन के वक्त राज्य के सभी जिलों का प्रतिनिधित्व हो, इसका ध्यान रखने की जरूरत है। राज्य के दोनों मंत्रियों से मिलने वालों में पूर्व डीएसपी रामचंद्र राम, इंद्रा देवी, सोरेन राम, कौशल पासवान, गणेश रवि, पंकज कुमार, विभाष पासवान, किशोर नायक और सुमन देवी शामिल थीं।

## राज्यपाल से मिला जुटान का डेलिगेशन दिया सुझावों से समाहित एक प्रतिवेदन



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से झारखंड यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (जुटान) का एक शिष्टमंडल मंगलवार को राज भवन में मिला। मौके पर राज्यपाल द्वारा पूर्व में उच्च शिक्षा में सुधार को मांगे गये सुझावों के आलोक में कतिपय सुझावों से समाहित एक प्रतिवेदन समर्पित किया गया। इसमें कहा गया है कि सीयूईटी के मूल्यांकन के आधार पर ही विद्यार्थियों को डिग्री में प्रवेश दिया जाये। स्नातक डिग्रीधारी विद्यार्थियों को अपनी भाषा समृद्ध करनी होगी। केवल सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि पर जोर न देकर गुणात्मक शिक्षा की ओर ध्यान देना होगा। पुस्तकालयों को समृद्ध एवं वाचनालय से युक्त होना आवश्यक है। शिष्टमंडल ने शिक्षकों की नियुक्ति एवं प्रोन्नति की दिशा में भी ध्यान आकृष्ट कराया।

# राज्यपाल से मिला मूलवासी सदान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



- जल जंगल जमीन पर अधिकार देने और मूलवासी सदानों को भी ग्राम प्रधान अध्यक्ष बनाने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मूलवासी सदानों को जल- जंगल जमीन में अधिकार देने और ग्राम प्रधान अध्यक्ष बनाने, ओबीसी का फर्जीवाड़ा सर्वेक्षण को तुरंत रोक लगाते हुए सही तरीके से सर्वेक्षण कराने और झारखण्ड में परिसीमन संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कराने की मुख्य मांग है।

राजेन्द्र प्रसाद ने राज्यपाल को बताया कि झारखण्ड 74 प्रतिशत गैर आदिवासी हैं, जिसमें 65% प्रतिशत मूलवासी सदान मूलनिवासी हैं। इनकी भाषा, संस्कृति पूजा पद्धति जनजातियों की तरह एक जैसी है। लेकिन दुर्भाग्यवश राज्य बनने के बाद सदानों कि लगातार उपेक्षा हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को साहिबगंज और पाकुड़ जिला के वैसे पंचायतों का सूची भी सौंपी जिन पंचायतों में जनजातियों की एक भी आबादी नहीं है। इसके बावजूद सदानों को वैसे पंचायतों में भी मुखिया ,प्रमुख ,जिला परिषद अध्यक्ष ,बनने से वंचित किया गया। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल का आश्वासन दिया है की वे मूलवासी सदानों की मांगों को राज्य सरकार और केंद्र सरकार को भेज देंगें। प्रतिनिधिमंडल में झारखण्ड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय, विशाल कुमार, धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, नवदीप महतो, डॉ ए प्रसाद आदि शामिल थे।

## विहिप व दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ता खलारी थाना प्रभारी से मिले



खलारी। रांची जिला ग्रामीण बजरंग दल संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो से औपचारिक मुलाकात की एवं भगवा वस्त्र पहना कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान दुर्गावाहिनी खलारी प्रखंड संयोजिका सुनीता महतो ने राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान थाना प्रभारी ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग की बात कही। मौके पर जीत चौहान, संतोष राणा, नीरा देवी, दीपशिखा पांडे, अनीता सिंह, सुनीता सिंह, अनीता लोहरा, सीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीएवी नीरजा सहाय में बाल संस्कार शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। नीरजा सहाय डीएवी में मंगलवार को नर्सरी से कक्षा 2 के बच्चों के लिए बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या के नेतृत्व में बच्चों के नैतिक मूल्य और चरित्र निर्माण के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि बच्चों का चहुमुखी विकास हो सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभ्यता, संस्कृति, योगा, जुंबा से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में फैकल्टी ऑफ आर्ट लिविंग डॉ संध्या सिन्हा थीं। उन्होंने विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा बच्चों को मातृ देवो भव और पितृ देवो भव का ज्ञान दिया। ओउम का सही उच्चारण करने का अभ्यास बच्चों को करवाया गया। शिक्षिका श्वेता सिंहा ने बच्चों को विकृति, प्रकृति और संस्कृति का अर्थ समझाया। उन्होंने कहा जो व्यक्ति दूसरों का छीन कर खाता है वह विकृति कहलाता है। जो खुद कमाए और खुद ही खाए वह प्रकृति कहलाता है और वैसे व्यक्ति जो दूसरों को खिलाकर खाए वह संस्कृति कहलाता है। शिक्षक अखंड नारायण द्वारा श्लोकों का उच्चारण किया गया, ताकि बच्चे इसको अच्छी तरह से समझ सकें। शिक्षिका घटा गिरि एवं सुनीता साहू द्वारा बच्चों को संस्कार एवं संस्कृति की शिक्षा दी गई। योगा एवं जुंबा का भी अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्म का आनंद लिया। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक और आत्मा की समग्र देखभाल होनी चाहिये। इसके लिए इस तरह के कार्यक्रम का होना अति आवश्यक है। शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कांग्रेस विधायक ने किया प्रतिनिधि नियुक्त



खलारी। कांके विधायक सुरेश बैठा ने वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बीरेंद्र यादव को खलारी प्रखण्ड के ग्रामीण विकास विभाग व असैनिक विभाग एनके डकरा का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया। विधायक ने कार्यकर्ता पर पूर्ण विश्वास करते हुए सरकारी तथा गैर सरकारी पदाधिकारी से सम्नव्य स्थापित कर अपने कर्तव्यों का पूरी लगन एवं निष्ठा से पालन करने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि चुने जाने पर खलारी के कांग्रेस मोनू रजक, राजा सिंह, राजेश सिंह मिंटू, विक्की सिंह, रोशन लाल, जावेद, तनवीर आलम, जालम सिंह, जगन्नाथ यादव, भूषण यादव, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, मनोज यादव, सतनारायण यादव, सुरेश यादव, अब्दुल अंसारी, सोनू पांडे, सुनील सिंह सलामत अंसारी,गांगुली उरांव, इंदिरा तुरी ने बधाई दी।

# ओरमांझी में विशेष ग्रामसभा का आयोजन

- मार्केट कंप्लेक्स की दुकान का आवंटन सुविधाजनक नहीं हुआ तो होगा विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता





ओरमांझी। डाक बंगला परिसर ओरमांझी में जिला परिषद योजना से लगभग 2.65 करोड़ की लागत से हुई नवनिर्मित मार्केट कंप्लेक्स की दुकान आवंटन को लेकर मंगलवार को पंचायत सचिवालय ओरमांझी में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामप्रधान दीनदयाल लोहरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभाग द्वारा दुकान आवंटन में लागू की जा रही कड़ी शर्त व महंगा किराए पर नाराजगी जताई गई। कहा गया कि किसानों व स्थानीय लोगों को दुकान आवंटन में प्राथमिकता मिले। सुविधा अनुरूप व किराये की राशि कम नहीं हुई तो विरोध किया जाएगा। वहीं मांगों के विरुद्ध आवंटन होने पर मार्केट कंप्लेक्स में ताला जड़ दिया जाएगा। बैठक में पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, मुखिया दीपक बड़ाईक, पंसस ललिता मेहता, उपमुखिया संतोष गुप्ता, सत्यमराज कुषवाह, अनिता देवी, दिवाकर साहू, सविता देवी, रामकुमार महतो, उमाशंकर साहू, सत्यनारायण तिवारी, श्यामकिशोर महतो, मीना देवी, विक्रांत तिवारी, रोहन वर्मन, बेबी देवी, भीम मुंडा, रामदेव साहू, जयकिशोर महतो, जगपति साहू, आनंद नायक, प्रकाश चंद्र, सुनील कुमार, रोहित मंडल, राजु कुमार साहू, विशाल वर्मा, संदीप साहू, अजित कुमार, मनोज गुप्ता, उज्जवल साहू, अमित कुमार, लाल साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पहान महासंघ ने आदिवासी समाज के विरोध का किया समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पहान महासंघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं महासचिव हलधर चंदन पहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए ऐतिहासिक धरोहर केंद्रीय सरना स्थल (सिरम टोली) के मुख्य प्रवेश द्वार पर फ्लाई ओवर रैंप निर्माण को लेकर आदिवासी समाज की ओर से किए जा रहे विरोध का समर्थन किया है। संघ ने कहा है कि भारत एक सर्व धर्म सम्भाव राष्ट्र है और जिसमें सभी धर्मो को सामान रूप से सम्मान का अधिकार है और यह धर्मनिरपेक्षता के प्रमुख सिद्धांतों में से एक है। जो भारत के अखंडता को प्रदर्शित करता है सर्वधर्म समभाव में भले सभी धर्म के मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं मगर उनका लक्ष्य एक है। इस लिए आदिवासी समाज की मांगे जायज है।

- ऐतिहासिक धरोहर केंद्रीय सरना स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार पर फ्लाई ओवर रैंप निर्माण का विरोध

संघ ने कहा है कि सरना स्थल आदिवासी समाज का पारंपरिक पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहर है जिससे उनकी आस्था और पहचान जुड़ी हुई है। जिसके खंडित या अवरोध पर उनकी भावनाओं पर ठेस पहुंचता है। संघ ने आगे कहा कि किसी भी प्रस्तावित परियोजनाओं में मुख्य उद्देश्य और संभावित प्रभावों के विभिन्न बिंदुओं और पहलुओं की विस्तृत जानकारी और आम जन मानस की जन भावनाओं को ध्यान में रख कर किया जाता है मगर यहां आदिवासी जन भावनाओं को दरकिनार किया गया है जो परियोजनाओं में इंजीनियरों की एक बड़ी चूक है। जिसमें सुधार की आवश्यकता है।



संघ ने कहा है कि आदिवासी समाज विकास के अवरोधक नहीं है मगर परियोजनाओं के नाम पर किसी भी समाज की मूल पहचान को भेंट चढ़ा देना घोर अन्याय है। आदिवासी समाज फ्लाईओवर निर्माण का नहीं बल्कि केंद्रीय सरना स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने रैंप की वजह से हो रहे अवरोध के विरोध में प्रदर्शन कर रहा है। जिससे सरहुल पूजा शोभा यात्रा के दौरान भीड़ अनियंत्रित होने और किसी बड़ी घटनाओं की संभावना हो सकती है। इसलिए परियोजनाओं में यथाशीघ्र संभावित बदलाव के साथ सरहुल पूजा से पूर्व रैंप को हटा कर विकास की क्रम को आगे बढ़ाया जाए।

## गोपाल कृष्ण झा के निधन पर समाजसेवी, पत्रकारों व शुभचिंतकों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। बिरसा चौक स्थित संट पीटर्स कॉलोनी निवासी जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कृष्ण झा का निधन सोमवार 3 मार्च, 2025 को देर रात्रि एचईसी परिसर स्थित पारस अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। वह प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे। मुंबई स्थित एक कैंसर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। विगत लगभग एक सप्ताह से वह पारस एचईसी अस्पताल में इलाजरत थे। विदित हो कि स्व. झा ने भारतीय सेना व सीसीएल में भी अपनी सेवाएं दी। सेवानिवृत्ति के बाद वह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने लगे। वह पत्रकारों के अखिल भारतीय संगठन 'इंडियन जर्नलिस्ट फेडरेशन' से भी जुड़े रहे। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार सुमन कुमार, ललन कुमार मिश्र, नवल किशोर सिंह, समाजसेवी जयंत झा(जप्पू), दीपक प्रसाद, रामशंकर प्रसाद, विजय शर्मा, अजय सिन्हा, पप्पू चक्रवर्ती, बोस दा, जयंत झा सहित काफी संख्या में शुभचिंतकों व अन्य परिजनों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## ओरमांझी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

ओरमांझी। झालसा के निदेशक न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर प्रखंड के टुंडाहोली पंचायत में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें आठ मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया गया कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित है, उसका निबटारा के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी, श्रमवाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, चेक बाउंस, वन व बिजली से संबंधित मामले हो या ट्रैफिक चालान, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से विवादों का सुलझाया जा सकता है। इसके अलावे नशा उन्मूलन व डायन बिसाही की भी जानकारी दी गई। डालसा कर्मियों द्वारा नशा का सामाजिक बुराई बताया, और लोगों से नशा से दूर रहने का आहवान किया। वहीं पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम व डायन बिसाही के खिलाफ कानून की जानकारी दी। कार्यक्रम में रामजीत महतो, रंजीत महतो आशीष बैठा, संतोष कुमार, शीला तिग्गा, किरण कुमारी, दीपक गंझू, जगमोहन मुंडा, राजा वर्मा व ग्रामीण उपस्थित थे।



# शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान

- यज्ञ मंडप मंगल भवन अमंगल हारी पाठ से गूंजा

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में नवनिर्मित दशभुजी मां देवी दुर्गा देवी के मंदिर के ग्यारह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य अंचल पाठक,मृत्युंजय पाठक, विकास पाठक,नरोत्तम पांडेय, भरतेन्दु द्विवेदी, ध्रुव मिश्रा, आशुतोष पांडेय सोनू पांडेय की अगुवाई में बतौर मुख्य यजमान साधन कुमार राय सपत्नी लखी राय, राजेंद्र साहू अनिता देवी, सुदामा वर्मा संगीता देवी, जोगिंद्र महतो सुलेखा महतो, परना महतो, सारिका देवी, उमेश महतो मीना देवी, संजीत साहू, मनीता देवी, मोतीलाल गुप्ता, भारती देवी, मोहन सोनी, गयात्री देवी से यज्ञाचार्य ने कई धार्मिक अनुष्ठान कराए। सबसे पहले शक्ति देवी की आराधना की गई। इसके बाद गौरी गणेश के पूजन के साथ ही मां सरस्वती मां लक्ष्मी, मां कालिके महामृत्युंजय अंबिका अंबे व सभी आवाहित देवी देवताओं की यज्ञशाला में बने हवन कुंड में यजमानों ने घी सामग्री से आहुतियां डाल मंगल कामना की। इस दौरान हनुमान चालीसा का भी पाठ हुआ। जिससे यज्ञ मंडप मंगल भवन अमंगल हारी पाठ से गूंजता रहा। वहीं तालियां बजती रही और मन मगन रहा। इस दौरान यज्ञ मंडप में उमड़े भक्तों ने मंत्रों के बीच यज्ञकुंड की परिक्रमा कर आरती ली और ईश्वर से परिवार के कल्याण के लिए मंगल कामना की। वहीं यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए सुबह से ही भारी भीड़ लगनी शुरू हो गई। वहीं परिक्रमा दिन भर चलती रहती है। यहां प्रखंड क्षेत्र के दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं शाम में कथावाचिका रश्मि किशोरी ने कहा कि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की कथा का वर्णन करते कहा कि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण आयु, आरोग्य, पुष्टि, सिद्धि एवं आनंद कथा मोक्ष प्रदान करने वाला दिव्य ग्रंथ है। देवी भागवत एक अत्यंत गोपनीय पुराण है जिसका वर्णन सर्वप्रथम भगवान शिव ने महर्षि नारद के लिए किया। पूर्वकाल में उसे फिर स्वयं भगवान व्यास ने भक्तिनिष्ठ महर्षि जैमिनि के लिए श्रद्धापूर्वक कहा और फिर उसी को वर्तमान में प्रेषित किया जाता है। इसके श्रवण करने तथा पाठ करने से समस्त प्राणियों को पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने ने कहा कि सभी प्राणी जिनके भीतर स्थित हैं और जिनसे सम्पूर्ण जगत प्रकट होता है, जिन्हें परम तत्व कहा गया है, वे साक्षात स्वयं भगवती ही हैं। सभी प्रकार के यज्ञों से जिनकी आराधना की जाती है, जिसके साक्षात प्रमाण हैं, वे एकमात्र भगवती ही हैं। जो इस समग्र जगत को धारण करती हैं तथा योगीजन जिनका चिंतन करते हैं। जिनसे यह विश्व प्रकाशित है, एकमात्र भगवती दुर्गा ही इस जगत में व्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि हमें कथा का श्रवण करके उन पर अमल करना चाहिए। भागवत कथा के दौरान वादकों में बेंजों में सुशील कुमार तबला में हरि कुमार और पैड में बबलू कुमार वहीं झांकी में कृष्ण मुरारी, दिनेश गोस्वामी, पप्पू गोस्वामी, लालबाबू गोस्वामी, बासुदेव मिश्रा अहम भूमिका निभा रहे हैं। कथा के अंत में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद व भंडारे का वितरण भी किया गया

# अर्पिता महिला मंडल ने शांति सदन में कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन वितरित किया

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची/ओरमांझी। अर्पिता महिला मंडल ने समाज सेवा की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए शांति सदन में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के तहत, संगठन की अध्यक्ष प्रीति सिंह और रीता मिश्रा के मार्गदर्शन में मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों के बीच 50 कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन के पैकेट वितरित किया गया। इस सहायता से शांति सदन के निवासियों को ठंड से राहत, व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर, सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के सीएमओ और मुख्यालय की कमेटी मेंबर्स भी उपस्थित रहे और इस मानवीय कार्य की सराहना की। शांति सदन के निवासियों और कर्मचारियों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं अर्पिता महिला मंडल ने इस पहल को अपने सामाजिक सेवा कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। संगठन आगे भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# अलमुनियम फैक्ट्री में ब्लास्ट छत उडा, जलते कर्मी जान बचाकर भागे


ब्लास्ट के बाद फैक्ट्री के बाह पहुंचे लोग।


ब्लास्ट के बाद उड़े फैक्ट्री की छत।

## स्वास्तिक अलमुनियम फैक्ट्री विकास की घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** मेसरा थाना क्षेत्र के कल्याणी बस्ती में स्थित स्वास्तिक अलमुनियम फैक्ट्री में मंगलवार को अचानक ब्लास्ट हो गई। ब्लास्ट इतनी जोरदार हुई कि फैक्ट्री के उपर लगे चदरे की छत उड़कर दूर खेतो में जा गिरे, वहीं फैक्ट्री के अंदर व बाहर धूंआ-धूंआ हो गया। कर्मी जान बचाने के लिए भागने लगे। एक कर्मी जलते हुए बाहर निकला उसके साथ घायल दो कर्मी को पचार के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। बताया जाता है कि धमाके की अवाज दूर तक सुनाई दी। घटना के समय फैक्ट्री में लगभग 30-35 कर्मी कार्य कर रहे थें। घटना के बाद आसपास के लोगों की भिड़ लग गई। दोनो घायल कर्मी ब्रजश महतो व शनि उरांव की हालत खतरे से बाहर बताया गया है। इधर सूचना मिलते ही मेसरा थाना प्रभारी संजीव कुमार, एसआई अंजय चंद्रवंशी व पुलिस जवानों के साथ पहुंचें। फैक्ट्री संचालक सरोज शर्मा, प्रबंधक डीके करण व अन्य कर्मियों से घटना के संबंध में पुछताक्ष की, और ब्लास्ट होने का कारणो का पता लगा रही है। वहीं फैक्ट्री प्रबंधक की ओर से ब्लास्ट होने का कारण सोर्ट सर्किट बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा फैक्ट्री में ब्लास्ट की जांच कराई जाएगी। संचालक व प्रबंधक पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोसी जो भी कार्रवायी होगी। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बस्ती के बीच से फैक्ट्री को हटाने की मांग की गई है।

## बेलांगी में विद्युत विभाग की लापरवाही से घटी घटना

# शॉर्ट-सर्किट से पुआल, सरसों और धान जलकर राख

- एक लाख की हुई क्षति
- मवेशियों की बची जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धूं-धूं कर जलते पुआल, सरसों और धान।

**रातू।** बेलांगी में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुये शॉर्ट सर्किट से एक बड़ी दुर्घटना टल गयी। लेकिन, खलियान में रखे सोमरा उरांव का पुआल, बीस बोरा धान और सरसों जलकर राख हो गया। घटना मंगलवार की दोपहर 12 बजे की है। आधा दर्जन दुधारू पशु पुआल के समीप ही बंधी हुई थी और वह घर में काम कर रहे थे। इसी बीच उन्हें पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। दौड़कर वह बाहर निकले, तो देखा बाहर 11 हजार केवी वोल्ट के तार और एलटी तार आपस में लटक गये हैं और शॉर्ट सर्किट से आग निकल रहा है। पुआल में आग लग चुकी थी। उन्होंने जान की परवाह किये बिना मवेशियों का रस्सी काट वहां से हटा दिया। हालांकि, दहकती आग से उनका दाहिना हाथ और एक मवेशी आंशिक रूप से झुलस गया। पीड़ित परिवार की सूझबूझ से जान माल की क्षति नहीं हुई। लेकिन, एक लाख रुपये का पुआल, सरसो एवं धान स्वाहा हो गया। ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

### बांस खूंटे से बिजली प्रवाहित

राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 75 के पास हुये शॉर्ट-सर्किट की घटना तीन बांस के खूंटे के सहारे 11 हजार वोल्ट के तार प्रवाहित है। उसी के नीचे से ग्रामीणों के लिये एलटी तार खींची गई है। तेज हवा आने पर दोनों तार संपर्क में आ जाते हैं और चिंगारी निकलने लगती है।

### विभागीय अधिकारी खामोश

पहले भी घटना घट चुकी है। तार को दुरुस्त करने की मांग को लेकर अर्जी भी दी गयी है। लेकिन, विभागीय अधिकारी और अभियंता खामोश हैं। राज्य सरकार बिजली के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर रही है। वहीं, विभाग की गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण लोगों की जान खतरे में है। ग्रामीणों ने अविलंब खंभे गाड़ व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुये आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जैलेन्द्र कुमार ने श्राद्धकर्म के लिए खाध सामग्री व नकद देकर सहयोग किया



**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड के बिसा महली टोली निवासी मसोमत जटली देवी 100 वर्ष का निधन पिछले दिनों हो गया था। परिवार में उसकी दो बेटियां हैं। उनका श्राद्धकर्म हेतु भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने खाद्य सामग्री एवं नगद राशि प्रदान कर सहयोग किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित ई-निविदा IRQP Work for Barkatha-Tetron Road from 0.00 to 32.100 Km (total Length32.100 KM) for the Year 2023-24 Under RCD Road Division Hazaribag जिसका ई-निविदा प्रसंग संख्या (BID Reference No. RCD/HAZARIBAG/194/2024-25 दिनांक 24.02.2025, पी. आर. संख्या 347118 Road(24-25).D दिनांक 25.02.2025 द्वारा प्रकाशित निविदा में निविदा खोलने की तिथि 17.03.2025 के स्थान पर 18.03.2025 पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
प.नि.वि. पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 347750 (Road) 24-25 (D)


## खबर एक नजर में

### छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का हुआ वितरण

**राहे।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को सामान्य कोटि अंतर्गत सत्र 2023-24 के 14 छात्र- छात्राओ के बीच साइकिल का वितरण किया गया। बीडीओ अशोक कुमार,प्रमुख लीलमनी देवी, बीपीओ प्रवीण कुमार और कल्याण पदाधिकारी के उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदि मौजूद थे।

### रातू : बुलेट और मोपेड के बीच टक्कर में दो घायल

**रातू।** सिमलिया नयाटोली स्थित रिंग रोड के पास सोमवार की रात बुलेट और मोपेड के बीच हुयी सीधी टक्कर में दो लोग घायल हो गये हैं। इसमें मांडर के नगड़ा निवासी गोपी उरांव और पिठोरिया कोकोदोरो के रहने वाले नदीम शादिया शामिल हैं। दोनों को ट्यूलिप हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, बाईक सवार एक दूसरे के विपरीत दिशा से आ रहे थे और आपस में टकरा गये। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। चिकित्सकों ने बताया कि नदीम शादिया को गंभीर चोटें आई है।

### बजट में कृषि और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता : डॉ अमर चौधरी

**अनगड़ा।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और रांची विश्वविद्यालय में वानिज्य व्यवसाय प्रबंधन के हेड और डीन डॉ अमर कुमार चौधरी ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तिय वर्ष 2025 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इस वजट में कृषि और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गयी है। जो सरकार का सराहनीय कदम है। वजट में किसानों के कृषि यंत्रों के लिए 140 करोड़ रुपये लाब और डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही मईयां सम्मान योजना मद में 13.363 करोड़ 35 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मालुम हो कि झारखंड सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से संबल बनाने के लिए मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत पहले महिलाओं को एक हजार रुपये मिलते थे जिसे बढ़ाकर 25 सौ रुपये किए गए हैं। कहा कि यह महिलाओं की सशक्तिकरण कि दिशा में सकारात्मक कदम है।

### वाहन के धक्के से बाइक सवार नाबालिक की मौत

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सिंगारी-रानूदारू रोड में अश्वाबेड़ा अस्कीटांढ़ के समीप एक सवारी वाहन ने बाइक सवार को पीछे से ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक सवार नाबालिग घासीराम मुंडा(15) पिता सोमा मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार एक अन्य युवक सोहन मुंडा(23) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार की शाम करीब सात बजे की है। मृतक घासीराम व घायल सोमा दोनों रूसूजारा तेतरमथानी के रहनेवाले है। सोहन के कमर, छाती, पैर व सिर में गंभीर चोट लगी है। के सहयोग से घायल सोहन मुंडा को इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वाहन जोन्हा साप्ताहिकी बाजार जा रही थी। इसी दौरान घटना घटी। घासीराम मुंडा व सोहन जोन्हा साप्ताहिकी बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे।

### मजदुर यूनियन के दो दिवसीय आयोजन में महामंत्री राघवान रघुनंदन का आगमन आज

**खलारी।** कोल फील्ड मजदुर यूनियन सीसीएल के महामंत्री राघवान रघुनंदन एन के एरिया में आगमन। यूनियन महामंत्री का आगमन का उद्देश्य एनके एरिया के सभी परियोजनाओ का निरीक्षण अथवा दो दिवसीय कार्यक्रम शिरकत करेंगे। उक्त जानकरी केंद्रीय संगठन सचिव ध्वजा राम धोबी ने दिया।

### दहेज में फारच्यूनर गाडी नही देने पर शादी तोडी

**नामकुम।** दहेज में फारचुनर गाडी मांगने और षादी से मना कर देने के आरोपी गंगा सागर यादव को नामकुंम पुलिस ने बलिया से गिरफतार कर जेल भेज दिया। थानेदार मनोज कुमार ने बताया की आरोपी के खिलाफ स्थानीय जोरार निवासी द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें आरोपी गंगासागर ने अपने सहायक प्रबधंक बेटे आषीस कुमार यादव की षादी करने के लिए पच्चीस लाख रूप्या नकद और सोने के गहने की मांग रखी थी जिसे पीडीत परिवार के द्वारा स्वीकार कर लिया गया था पर षादी से कुछ दिन पूर्व लडके के पिता गंगा सागर यादव द्वारा फारच्युनर गांडी की मांग की जाने लगी और नहीं देने पर षादी नही करने की धमकी दी गयी। जिसके बाद पीडित परिवार ने मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर बलिया जाकर आरोपी को गिरफतार कर नामकुम लाया गया। पुलिस ने आरोपी गंगा सागर यादव को मंगलवार को जेल भेज दिया।

### शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के भूसूर में श्री श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत कथा के समापन के बाद मंगलवार को 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीणों के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार कीर्तन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के अनुष्ठान से मन और वातावरण में शुद्धता आती है। ईश्वर की साधना हमें भगवान के करीब ले जाता है। इससे पूर्व सोमवार की रात को वृन्दावन धाम मथुरा की पूज्य दीदी सुनीता साध्वी ने कथा वाचन का समापन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद महतो ने बताया कि बुधवार को पूणाहुति और भंडारा के साथ नौ दिनी महायज्ञ का समापन हो जाएगा। मौके पर राजेंद्र महतो, नेवालाल महतो, गणेश किशोर महतो, कमल महतो, कौशल किशोर महतो, मुकेश महतो, रामप्रसाद महतो, डिप्टी महतो, बालेश्वर महतो, आशा देवी,शंकर महतो, कामेश्वर महतो, मंजू देवी, हेमंत कुमार,तापेश्वर महतो, झबुलाल महतो, जयलाल महतो, संदीप महतो, रोहित महतो, कामेश्वर महतो आदि शामिल थे।

### रातू : चितरकोटा में दो के खिलाफ केस

**रातू।** थाना क्षेत्र के मौजा तिगरा में जमीन विवाद को लेकर पाली निवासी पारस महतो के पुत्र सिकंदर महतो से 15 लाख रंगदारी मांगे जाने के खिलाफ रातू थाने में चितरकोटा छोटकाटोली निवासी रंजीत खलखो व संदीप उरांव पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। रुपये नहीं देने पर 28 फरवरी कोनिमार्णाधीन मकान की गिट्टी, बालू और ईट उठाकर ले जाने का भी आरोप है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### स्व उदयनाथ महतो की 7वीं पुण्यतिथि मनाई गयी

ठाकुरगांव-थाना क्षेत्र के पतरातू गांव में मंगलवार को स्व उदयनाथ महतो की 7वीं


खेलों के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

पुण्यतिथि मनाई गयी। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य सुषमा देवी, कुर्मी विकास मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार, गोपाल महतो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व सांसद ने ग्रामीणों से स्व उदयनाथ महतो के द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही उन्होंने लोगो से सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, दहेजप्रथा, नशापान, जुआ आदि से दूर रहने की बात कही। मौके पर विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन भी किया गया। खेलों के सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में लक्ष्मी महतो, जलेश्वर महतो, बालगोविंद मुंडा, ताहिर अंसारी, अरुण महतो, भोला महतो, बिहारी महतो, हीरालाल महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## नागपुरी में अनुपस्थित रहे तीन छात्र छात्राएं

**बेड़ो।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित दशवीं बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में तीन परीक्षार्थियों ने नागपुरी की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। जहां प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल पांच परीक्षा केंद्रों में केवल दो परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई। तीन परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी नहीं थे। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 68 में 03 अनुपस्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वही छात्र छात्राओं ने सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा लिखे।

## सरना समिति महावीर नगर कमाती धौड़ा में सरहुल पूजा को लेकर बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** सरना समिति महावीर नगर कमाती धौड़ा के तत्वाधान में मंगलवार को सरहुल पूजा मनाने को को लेकर महावीर नगर कमाती धौड़ा सरना स्थल पर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार उरांव ने किया। बैठक में गत वर्ष के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने सरहुल पूजा के आयोजन को लेकर अपने अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से 07 मार्च को पुनः बैठक कर सरहुल पूजा के सफल संचालन के लिए सरहुल समिति का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुखिया तेजी किस्पोट्टा, सुभाष उरांव, देवपाल मुंडा, शशि मुंडा, रंथु उरांव, किरण किस्पोट्टा सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**ओरमांझी।** प्रखंडी के सुदूरवर्ती गांव व रांची रामगढ़ की सीमाना में स्थित नवनिर्मित श्रीश्री 108 संकट मोचन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को गांव की 251 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निाकली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से रामगढ़ जिला के उर्वा, बोनखेता होते हुए चुटूपालू से होते हुए उर्वा जलाशय पहुंची। जहां से कलश में जलभर कर यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान बाजे-गाजे व झंडा लिए लोग जयश्रीमा व जय हनुमान की जयकारा लगा रहे थें। कलश यात्रा में शामिल पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू व आजसू नेता रामधान बेदिया आदि ने मंदिर निर्माण करने व उत्साह पूर्व प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए महायज्ञ पूजा समिति व गांव वालों की सरहाना किया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेष आदिवासी पड़ा समाज के अध्यक्ष समुंदर पाहन, मुखिया रीना देवी, उपमुखिया नरेश यादव, फुलचंद साहू, सुरेश मुंडा, सिकंदर मुंडा, तिर्थनाथ महतो, बिजय आंनद, शिबनारायण बेदिया, आशाराम महतो, मोहन महतो, कालीदास बेदिया, प्रेम बेदिया, सोनराम महतो, समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, सचिव राजेश बेदिया, कोषाध्यक्ष पारसनाथ महतो, किशोर महतो, संदीप महतो, योगेंद्र महतो, भुनेश्वर महतो, सावित्री देवी, रेश्मा देवी, अनुपमा मांझी व गुड़िया देवी सहित ग्रामीण शामिल थें।

## चिकित्सा प्रभारी व जनप्रतिनिधियों की बैठक

# आरोग्य मंदिर में मिलेगी बेहतर सुविधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ओरमांझी।** जनसेवी संगठन प्रगति परिषद कार्यालय वीरटोली आनन्दी में मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आनंदी व बारीडीह में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्धता को लेकर एक बैठक हुई। मुखिया पार्वती देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि चिकित्सा प्रभारी डा. रेणु बाखला ने आनन्दी और बारीडीह, दोनों आरोग्य मंदिर (उपकेन्द्रों) की समीक्षा की, और दोनो में स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस कर ग्रामीण जनता को हर संभव स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। शैलेन्द्र मिश्र कहा समाज व राष्ट्र का निर्माण में जनता का स्वास्थ्य बेहतर रहन जरूरी है। बैठक में बीपीओ डा. विशाल मिश्रा, पंसस शशि मिश्रा, उपमुखिया बनवारीलाल साहू, संचिता कुमारी, मानकी जयनारायण सिंह, नन्दकिशोर मुंडा, रामकिशुन मुंडा, विनिता देवी, वार्ड सदस्य भूषण महतो, अवध करमाली, अशोक नायक, सीएचओ उमा कुमारी, सुनिता कुमारी, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहित ग्रामीण उपस्थित थें।

## रंगदारी को लेकर आठ पर प्राथमिकी

**रातू।** मौजा सिमलिया स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप स्थित एक भू-खंड को लेकर गांव के ही प्रदीप कुमार के पुत्र शुभम कुमार से रंगदारी मांगे जाने की बात सामने आयी है। मामले को लेकर रातू थाने में जमीन माफिया लखन सिंह उर्फ हीरामणि सिंह, मंटू कच्छप, महादेव उरांव, रामचरण उरांव, सन्नी उरांव, धर्मेन्द्र राय, जितेन्द्र राय व नवनीत कच्चप के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। भुक्तभोगी ने बताया कि आरोपी पहले भी उनसे रंगदारी ले चुके हैं। उनके विरुद्ध थाने में कांड संख्या 457/2023 दर्ज है। इसके बावजूद 1 मार्च को घर के पास उन्हें रोका और नवनीत दादा से बात करो कहकर गाली दी और मारपीट की गयी।

# एमएच शॉपिंग गोदाम में लगी आगसामान जलकर राख

- अग्निशमन विभाग ने कॉल रिसीव नहीं किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


एमएच शापिंग में लगी आग।

**नामकुम।** मंगलवार दोपहर थानाक्षेत्र के नामकुम स्टेशन समीप जोरार बस्ती के एमएच, शॉपिंग प्रा0 लिमिटेड के गोदाम में आग लग गई। हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। निदेशक सन्नी गोप ने बताया कि घटना दोपहर लगभग तीन बजे की है। वे उस समय गोदाम के कार्यालय में मौजूद थे, जब अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग तेजी से पूरे गोदाम में फैल गई और भीषण रूप धारण कर लिया, जिससे वहां रखा टीवी, गद्दा, टेबल, सोफा, मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप सहित अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। संचालक ने बताया कि हादसे में लगभग 15 से 20 लाख रुपये का नुकसान होने की संभावना है। पीडीत सन्नी गोप ने बताया कि आग लगने पर उनके द्वारा तुरंत अग्निशमन विभाग को 101 नंबर पर फोन किया गया लेकिन हैरानी की बात यह रही कि किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। ऐसे में स्थानीय लोगों ने ही आग बुझाने की कोशिश की और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन दल की इस लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।


**प्रपत्र-VII**
**गुमला समाहरणालय, गुमला**
**(भू- अर्जन शाखा)**

**समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता -सह-समुचित सरकार**
**अधिघोषणा**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1)के अधीन)**

ज्ञापांक - भू0अ0 दिनांक -

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना **अघरमा मोड़ (SH-03) से टकरमा -ससिया पथ का (लम्बाई 13.9 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य ग्राम- टकरमा, थाना-बसिया, थाना नं0-23, अंचल -बसिया, जिला -गुमला, कुल- 3.24 एकड़ यानि 1.31174 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन ने अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.24 एकड़ यानि 1.31174 हेक्टेयर** है और जो **ग्राम- टकरमा, थाना- बसिया, थाना नं0- 23, अंचल - बसिया, जिला -गुमला** में है जिसका विवरण क्र0 सं0- 01 से 28 तक निम्नलिखित है:-

| क्र0सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भू-खण्ड सं0) उ0 | द0 | पु0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 235 | रैयती | 0.03 | मझीयस | 234 | 238 | अंश | सड़क |
| 2 | 2 | 251 | रैयती | 0.03 | बैठखाता/निरमल गुड़िया वो अतुल गुड़िया वो निरदुल गुड़िया पिता जुनुल मुंडा वो सुनील गुड़िया वो पप्पु गुड़िया पिता बिलकन मुंडा वो कुलचन्द मुंडा | सड़क | अंश | 250 | 254 |
| | | 254 | | 0.03 | | सड़क | अंश | 252 | 255 |
| 3 | 3 | 264 | रैयती | 0.015 | आनन्द मसीह मुण्डा वो खीस्तानन्द मुण्डा वो थॉमस मुण्डा वो इमोएल मुण्डा पेसरान पतरस मुण्डा 1 हिस्सा ब हिस्सा बराबर वो जोहन मुण्डा वल्द थॉमस मुण्डा 1 हिस्सा कौम मुण्डा साकिन देह/एसी मुंडा पिता उदय मुंडा वो विजय मुंडा पिता मनोहर मुंडा | सड़क | अंश | 256 | 265 |
| | | 265 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 264 | 263 |
| 4 | 9 | 266 | रैयती | 0.01 | इसाक मुण्डा वल्द दाउद मुण्डा कौम साकिन देह। | सड़क | अंश | 263 | 267 |
| 5 | 14 | 191 | रैयती | 0.10 | विजय होरो वो कमल होरो पिता निरल होरो वो संजय होरो पिता नसकलन होरो वो जुगलन होरो वो जुसफ होरो पिता सिलाफ होरो निज ग्राम | अंश | सड़क | 196 | 243 |
| 6 | 18 | 85 | रैयती | 0.03 | जोनरान मुण्डा वल्द लिमायुस मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह। | 90 | 84 | अंश | सड़क |
| 7 | 21 | 84 | रैयती | 0.035 | जुनस होरो पिता अनमोल मुंडा वो पियारा होरो पिता एर्वाया मुंडा वो निर्यजन होरो वो नैयजन होरो वो रुदुन होरो पिता पावल मुंडा | 85 | 229 | अंश | सड़क |
| | | 76 | रैयती | 0.02 | | गुड़रडीह | 78 | सड़क | अंश |
| | | 52 | रैयती | 0.03 | | 54 | 52 | सड़क | अंश |
| | | 98 | रैयती | 0.03 | | 96 | 93 | अंश | सड़क |
| | | 239 | रैयती | 0.02 | | 238 | 242 | अंश | सड़क |
| 8 | 22 | 230 | रैयती | 0.05 | जोहन पहान वो मरकश पाहन वो सामुएल पाहन वो ईश्वरदन पाहन पेसरान मनशीद पाहन कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्से बराबर। | 229 | 231 | अंश | सड़क |
| | | 96 | रैयती | 0.015 | | सकिया | 98 | अंश | सड़क |
| 9 | 23 | 367 | रैयती | 0.025 | जोहन पहान वो मरकश पाहन वो सामुएल पाहन वो ईश्वरदन पाहन पेसरान मनशीद पाहन कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्से बराबर। | अंश | सड़क | 368 | डुमरडीह |
| 10 | 27 | 263 | रैयती | 0.03 | तेपरा जुशेफ मुण्डा वल्द सीमा मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह। | सड़क | अंश | 265 | 266 |
| | | 303 | रैयती | 0.01 | | सड़क | अंश | 306 | 302 |
| 11 | 31 | 314 | रैयती | 0.02 | डीबोर्ड ट्रस्टीज सफ दो गोशनर प्रोपटी सर्व। | अंश | सड़क | 315 | 315 |
| | | 315 | | 0.015 | | अंश | सड़क | 313 | 316 |
| | | 316 | | 0.27 | | अंश | सड़क | | |
| 12 | 32 | 46 | रैयती | 0.30 | सालेन गुड़िया पिता पौलुस मुंडा वो दान गुड़िया वो उज्जवल गुड़िया पिता सुदाम गुड़िया वो मनोज गुड़िया वो जिदान गुड़िया वो नामजन गुड़िया पिता निवरजन गुड़िया वो सामीन गुड़िया पिता सुलेमान मुंडा वो हेमन्त गुड़िया पिता मुकुंद गुड़िया वो जीवन गुड़िया पिता पौलुस मुंडा | अंश | सड़क | सड़का | 45 |
| | | 245 | | 0.20 | | अंश | अंश | 243 | रास्ता |
| | | 246 | | 0.055 | | सड़क | अंश | 245 | रास्ता |
| | | 255 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 254 | 256 |
| | | 256 | | 0.04 | | सड़क | अंश | 255 | 264 |
| | | 306 | | 0.015 | | सड़क | अंश | 307 | 303 |
| | | 307 | | 0.04 | | सड़क | अंश | 310 | 306 |
| 13 | 34 | 298 | रैयती | 0.01 | मतियस अईन्द वो मिदिज अईन्द वो जुलियन अईन्द पिता बरनाबस मुंडा वो जुरी अईन्द पति नामजन्द अईन्द वो पवन अईन्द वो जुलतन अईन्द पिता जोहन मुंडा | | | | |
| | | 242 | | 0.11 | | 239 | 245 | अंश | सड़क |
| 14 | 43 | 244 | रैयती | 0.17 | मुशोमात श्रीमती जौजे मधु भोगता कौम भोगता साकिन देह। | सड़क | अंश | 462 | 245 |
| | | 370 | | 0.03 | | सड़क | अंश | 372 | सिमाना |
| 15 | 44 | 243 | रैयती | 0.20 | सुखा खड़िया पिता सुकरू खड़िया निज ग्राम। | अंश | सड़क | 191 | 245 |
| 16 | 46 | 90 | रैयती | 0.02 | बोबेस हेमरोम पिता जोहन मुंडा वो सलीत हेमरोम पिता खिरसाए मुंडा वो परवल हेमरोम वो सयुन हेमरोम पिता बिसराम हेमरोम वो जोहन मुंडा पिता मतियस मुंडा वो जोसेफ मुंडा वो सामुएल मुंडा पिता मंगरा मुंडा वो जोहन मुंडा पिता कोका मुंडा वो पतरस वो खिरसो सहाय वो मतियस वो मिसान पिता बिरसा मुंडा | 91 | 85 | अंश | सड़क |
| | | 91 | | 0.03 | | 94 | 90 | अंश | सड़क |
| | | 94 | | 0.02 | | 93 | 91 | अंश | सड़क |
| | | 93 | | 0.015 | | 96 | 94 | अंश | सड़क |
| | | 89 | | 0.015 | | 90 | 90 | अंश | सड़क |
| 17 | 51 | 267 | रैयती | 0.015 | बेरपद मुण्डा वो जुश्फ मुण्डा वो जरमुसहाय मुण्डा पेशरान सामुएल मुण्डा कौम मुण्डा साकिन देह ब हिस्सा बराबर। | सड़क | अंश | 266 | 310 |
| | | 310 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 267 | 307 |
| 18 | 52 | 297 | रैयती | 0.035 | समुएल पाहन वो जयमशीह पाहन पेशरान जुशुक पाहन वो शपील पाहन मनयीत पाहन वो दाउद पाहन नथानीएल पाहन पेशरान जयमशीह पाहन कौम मुण्डा साकीन देह। | सड़क | अंश | 298 | 292 |
| 19 | 53 | 238 | रैयती | 0.015 | सचिल उरांव वल्द आदम उरांव एक हिस्सा वो वेलयमान उरांव वो मोहन उरांव पेसरान प्रभुदास उरांव एक हिस्सा बहिस्से बराबर वो मोसोमात इजसबर जौजे कलोजीन उरांव एक हिस्सा कौम उरांव साकिन देह। | 235 | 239 | अंश | सड़क |
| 20 | 55 | 250 | रैयती | 0.09 | शपील मुण्डा वो सनतोष मुण्डा वो सौरभ मुण्डा वो प्रकाश मुण्डा पेशरान आनन्द मसीह मुण्डा कौम मुण्डझ साकीन देह ब हिस्से बराबर। | सड़क | अंश | 248 | 251 |
| | | 47 | | 0.035 | | 51 | 46 | सड़का | अंश |
| 21 | 58 | 234 | | 0.085 | वकास्त | सड़क | 235 | अंश | सड़क |
| | | 372 | | 0.035 | | सड़क | अंश | 373 | 370 |
| | | 465 | | 0.05 | | सड़क | अंश | लरिया | 364 |
| 22 | 59 | 291 | | 0.015 | वकास्त भुईहरी | सड़क | अंश | 292 | 374 |
| | | 292 | | 0.02 | | सड़क | अंश | 297 | 291 |
| | | 374 | | 0.05 | | सड़क | अंश | 291 | 373 |
| 23 | 60 | 373 | | 0.05 | वकास्त भुईहरी | सड़क | अंश | 374 | 372 |
| 24 | 64 | 368 | रैयत | 0.035 | कोका जोहन पाहन वो फिलिप पाहन वो इलियास पाहन पेसरान मनसीद पाहन कौम मुण्डा साकिन देह बहिस्सा बराबर। | अंश | सड़क | 365 | 367 |
| 25 | 69 | 313 | | 0.015 | वकास्त भुईहरी | 45 | सड़क | अंश | 315 |
| | | 312 | | 0.015 | | 313 | सड़क | 45 | 313 |
| | | 45 | | 0.04 | | अंश | सड़क | 46 | 312 |
| | | 54 | | 0.05 | | 81 | 52 | सड़क | अंश |
| | | 82 | | 0.03 | | रास्ता | परती | सड़क | अंश |
| | | 81 | | 0.005 | | 82 | 54 | सड़क | अंश |
| 26 | 72 | 190 | | 0.065 | वकास्त भुईहरी/हेरेन केरकेटा पिता कुअस खड़िया वो अलफेट केरकेटा वो तारकलेन केरकेटा वो सालीम केरकेटा पिता हरदुगन केरकेटा वो सुनील केरकेटा पिता इलियस केरकेटा वो शोभा केरकेटा पति नामजन केरकेटा | अंश | अंश सड़क | लरिया | 191 |
| 27 | 73 | 51 | | 0.085 | वकास्त भुईहरी | 52 | 47 | सड़क | अंश |
| | | 462 | | 0.10 | | | | | |
| 28 | 76 | 463 | | 0.16 | फारसा मुण्डा वो जोहन मुण्डा पेशरान नयनसुख मुण्डा कौम मुण्डा साकीन कोथेडेगा बहिस्सा बराबर। | सड़क | अंश | सड़क | 462 |
| कुल रकबा | | | | 3.24 | | | | | |

यदि अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या 30/2013 की धारा-15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-शून्य

**ग्राम- टकरमा, थाना-बसिया, थाना नं0-23, अंचल -बसिया, जिला -गुमला, कुल- 3.24 एकड़ यानि 1.31174 हेक्टेयर**

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेषभाग में पड़े कोयला खदान, लौह-पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागो में पड़े खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर आवश्यक नहीं है।

**जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गुमला के** कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है- शून्य है

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गुमला | अपर समाहर्त्ता गुमला | उपायुक्त गुमला

PR 347689 Land Reforms(24-25).D

# साइबर क्राइम का जाल

पूर्वी एशिया के कई देशों के चंगुल में बड़ी संख्या में भारतीय युवा भी हैं। साल 2022 के बाद म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, कंबोडिया आदि से छह सौ से अधिक भारतीयों को अपराधियों के चंगुल से बचाया जा चुका है। आशंका है कि कई हजार भारतीय युवा म्यांमार समेत विभिन्न देशों में साइबर अपराधियों के अड्डों में जबरन रोके गए हैं। आखिर हमारी एजेंसियां ऐसी धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों पर नकेल क्यों नहीं कस पा रही हैं। हाल के दिनों में कई ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि युवा अपनी जमीन बेचकर व कर्ज उठाकर विदेश जाते हैं, लेकिन एजेंटों की धोखाधड़ी से वे साइबर अपराधियों के शिकंजे में फंस जाते हैं। ऐसे वक्त में जब साइबर अपराधियों का नेटवर्क दुनिया की आर्थिकी को चूना लगा रहा है। यह एक विकट संकट है, जिसे दुनिया के देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह जानते हुए कि साइबर अपराधियों का संगठन लगातार ताकतवर होता जा रहा है और वे समानांतर काली अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। देश-दुनिया में ऑनलाइन फ्रॉड लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अंततः साइबर अपराधियों के अड्डों पर पहुंचा दिया जाता है। युवाओं के पासपोर्ट छीन लिए जाते हैं। ये अड्डे ऐसी जगहों पर होते हैं कि उस देश की पुलिस की पकड़ में वे आसानी से नहीं आ रहें हैं। हाल ही में जिन सत्तर भारतीयों को म्यांमार में साइबर अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराया गया, उसमें म्यांमार के सीमा सुरक्षा बल की बड़ी भूमिका रही है। इन मुक्त कराए गए भारतीयों में पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना,यूपी व राजस्थान आदि राज्यों के लोग थे। इसी तरह म्यांमार व अन्य पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधियों के चंगुल में फंसे हुए भारतीयों को मुक्त कराने के लिए इन देशों की सरकारों से सहयोग मांगा जाना चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# देश में मिलावट का कारोबार चरम पर

**भारतीय** खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने ईट राइट इंडिया अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई





- बृजमोहन ओझा

> विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है।

क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, ह्यहमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है।

खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें।

खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**मेरी** जीवन संगिनी, मुश्किल से मुश्किल परिस्थिति में मजबूती के साथ खड़ी होने वाली, हर वक्त मुझे हिम्मत देने वाली गांडेय की विधायक को जन्मदिन की बहुत बधाई।

आप हमेशा स्वस्थ्य रहें और दीघार्यु हों।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**जब** महिलाएं निर्णायक भूमिकाओं में होती हैं, तो वे स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और आर्थिक स्थिरता जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करती हैं। इससे संपूर्ण राष्ट्र का सतत विकास सुनिश्चित होता है। महिलाओं की नेतृत्व क्षमता में दूरदृष्टि, संवेदनशीलता और समावेशन का अद्भुत समन्वय होता है, जिससे समाज को दीर्घकालिक लाभ मिलता है।

**- अन्नपूर्ण देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# प्रधानमंत्री मोदी और जैव विविधता

## विज्ञान

**मुकुंद**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस पर ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "आज विश्व वन्यजीव दिवस पर आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। इसमें हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें। हमें वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व है।" आज अपने गृह राज्य गुजरात में विश्व वन्यजीव दिवस पर जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीएसएलआर कैमरे से एशियाई शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आए। उन्होंने एक ऐसी भी तस्वीर खींची जिसमें मादा शेरनी अपने शावक को दुलारती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में एक वीडियो क्लिप भी अपलोड की। इसमें वो भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 की है। कर्नाटक के मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने विचार रखे थे। उन्होंने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, "भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।"

यहां यह महत्वपूर्ण है कि जबसे मोदी सरकार आई है तब से देश ने बाघों के संरक्षण में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 2010 में भारत में करीब 1,700 बाघ थे। 2022 में उनकी संख्या बढ़कर 3,600 से भी ज्यादा हो गई है। यानी सिर्फ 12 साल में बाघों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। आज, दुनिया के करीब 75 फीसद बाघ भारत में रहते हैं। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता है और हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का पल है। यह सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है।

यही नहीं, बाघों के रहने वाले जंगलों को पूरी तरह से सुरक्षित किया गया ताकि वह अपना जीवन बिना किसी खतरे के जी सकें। बाघों के शिकार (जैसे हिरण) की संख्या पर ध्यान दिया गया ताकि बाघों को पर्याप्त भोजन मिलता रहे। समाज को बाघों से जुड़ी जानकारी दी गई और गांवों में बाघों से जुड़े संघर्षों को कम करने के उपायों पर तेजी से काम किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी का जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लेना अनायास नहीं है। दरअसल भारत में शेरों की आबादी भी बढ़ी है। वैसे भी देश में शेरों का संरक्षण सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण है। शेर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग हैं। शेरों का भारतीय मुद्रा और आधिकारिक दस्तावेजों में दिखाई देता है। भारत एशियाई शेरों का घर है। एशियाई शेर सिर्फ गुजरात के गिर के जंगलों में पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों ने शेरों की आबादी को 2015 में लगभग 523 से बढ़ाकर 2020 में लगभग 674 तक पहुंचा दिया। केंद्र सरकार की 15 अगस्त, 2020 को घोषित प्रोजेक्ट लायन महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य लंबे एशियाई शेरों के भविष्य को सुरक्षित करना है। गुजरात में शेरों की संख्या और स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नियमित रूप से गणना की जाती है। इसके अलावा आग प्रबंधन, बाढ़ की तैयारी और निरंतर वन्यजीव निगरानी जैसे उपाय यह सुनिश्चित करते हैं कि शेरों के पास सुरक्षित आवास हों और किसी भी आपात स्थिति का तुरंत समाधान किया जाए। बड़ी बात यह है कि अप्रैल 2023 में शुरू किया गया इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया भर में शेरों सहित बड़ी बिल्लियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है। शेरों के इतिहास की बात करें तो वह 30 लाख वर्ष पूर्व अफ्रीका और यूरेशियन महाद्वीप में विचरण करते थे। शोधकताओं का अनुमान है कि वर्तमान में पृथ्वी पर शेरों की उपस्थिति 30,000 से 100000 के बीच है।

जहां तक गिर वन्यजीव अभयारण्य का सवाल है तो वह एशिया में शेरों का एकमात्र निवास स्थान होने के कारण जाना जाता है। गिर अभयारण्य 1424 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 258 वर्ग किलोमीटर में राष्ट्रीय उद्यान और 1,153 वर्ग किलोमीटर वन्य प्राणियों के लिए आरक्षित अभयारण्य है। पास में ही मितीयाला वन्य जीव अभयारण्य है।

# यत्र नार्यस्तु पूज्यंते , रमंते तत्र देवता महिला सशक्तिकरण और योग

## समाज



**विमला कुमारी**

**भारतीय** संस्कृति में नारी के महत्व के विषय में कहा गया है कि जहां नारी पूजी जाती है वहां देवता वास करते हैं अर्थात जिस समाज में नारी का समुचित सम्मान होता है वहां शांति, समृद्धि और उन्नति का साम्राज्य रहता है ।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पहली बार 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। दिसंबर 1977 में संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने एक और प्रस्ताव पारित कर महिला अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र दिवस की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियां का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिवस लैंगिक समानताओं को बढ़ाने के लिए आव्हान करता है।

भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना है - नारी ।वैदिक काल में नारियों को पुरुषों के बराबर का दर्जा प्राप्त था। मध्यकाल में राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के कारण महिलाओं की स्थिति कमजोर पड़ गई ।उसके बावजूद उन्होंने संघर्ष करते हुए राजनीतिक, साहित्यिक, शैक्षिक और धार्मिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की। रजिया , रानीदुर्गावती ,जीजाबाई जैसी महिलाओं ने नारी जाति को गौरव प्रदान किया । मीराबाई ने भक्ति रस की धारा बहाई और इतिहास में एक मिशाल बन गई ।अंग्रेजी राज में नारियों की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आया उनको शिक्षा पाने का अधिकार मिला। आजादी की लड़ाई में अनेक महिलाओं जैसी एनी बेसेंट ,विजय लक्ष्मी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।सन 1950 में जब देश को संविधान मिला तो स्त्रियों की सुरक्षा, सम्मान और पुरुषों के समान अवसर प्राप्त हुए। आज महिलाएं राजनीतिक सामाजिक, आर्थिक ,सांस्कृतिक, आध्यात्मिक क्षेत्र के साथ-साथ योग के क्षेत्र में भी कदम बढ़ा रही है। योग द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। संतुलित एवं सशक्त व्यक्तित्व के लिए स्वस्थ मन और तन दोनों ही आवश्यक है जहां आर्थिक सशक्तिकरण महिलाओं को संसाधनों तथा आय पर नियंत्रण का लाभ देता है वही योग महिलाओं के विभिन्न सामाजिक समस्याओं के माध्यम से जीवन निर्धारक निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। महिलाएं योग में प्रतिभागिता को अपनाकर अपनी क्षमताओं को विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकती है। भारतीय संस्कृति ने अनादि काल से ही महिला को समाज का अति आवश्यक अंग स्वीकार करते हुए उन्हें सम्मान और प्रतिष्ठा के सर्वोच्च स्तर पर रखा है। प्रकृति ने स्त्री और पुरुष में प्रदत्त शारीरिक भेद करते हुए स्त्री को सृजनात्मक शक्ति से युक्त किया है ।भारतीय चिंतन परंपरा में ईश्वर शिव को अर्धनारीश्वर मनाया गया है ।आदि शक्ति मां पार्वती और आदि देव महादेव को जगत के माता-पिता मानते हुए कवि कुल कालिदास जी ने रघुवंशम में मंगलाचरण किया है उन्होंने पार्वती और शिव को शब्द और अर्थ की भांति एक दूसरे में ओत- प्रोत रहते हुए शब्द के ज्ञान का आशीर्वाद मांगा है ।अगर हम वैदिक साहित्य की बात करें तो भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है वैदिक साहित्य में मंत्र , आरण्यक , उपनिषद के अध्ययन से पता चलता है कि तत्कालीन समाज में नारी को परिवार और समाज में अत्यंत प्रभावशाली सम्मानित पद प्राप्त था ।वैदिक समाज में अनेक विदुषी मंत्र द्रष्टा नारियां हुई है जिन्हें ब्रह्म वादिनी या ऋषिका कहा जाता था। उन्हें समाज में अंगिरा ,अगस्त्य और वशिष्ठ ऋषि के समान ही सम्मानित पद प्राप्त था। आपला, यामी, मैत्री , कात्यायनी , गार्गी आदि वैदिक काल की प्रमुख मंत्र द्रष्टा नारियां थी।

हमारे ग्रंथो में तो नारी को घर की लक्ष्मी कहा गया है। रजनीश ने कहा है -जहां- जहां प्रेम और दया है वहां-वहां नारी उपस्थित है। 50 की दशक के बाद भारतीय समाज में शहरीकरण, औद्योगिकरण और आर्थिक दबाव के कारण शिक्षित स्त्रियां घर से बाहर नौकरी या काम धंधा करने लगी। परिवार की आर्थिक उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगी ।लाखों चुनौतियों के बावजूद महिलाएं अपनी नेतृत्व शैली की वजह से अपनी पहचान बनाए रखने में सफल हुई। इस बात में कोई संशय नहीं है कि नारी अपने जीवन में घर के सीमित दायरे के लिए नहीं बनी। समय के साथ-साथ इस दुनिया में सजीव और निर्जीव सभी वस्तुओं का आधुनिकरण हुआ ।आज के आधुनिक युग में पुरुष और महिलाएं आधुनिकता को अपनाकर प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं। किसी भी समाज या राष्ट्र का स्वरूप वहां की नारी की स्थिति पर निर्भर करता है समाज में नारी की स्थिति जितनी सशक्त मजबूत होगी वह समाज और राष्ट्र उतना ही विकसित और मजबूत होगा ।कुछ महापुरुषों के नारी विषयक विचार इस प्रकार है -मुंशी प्रेमचंद ने लिखा है-ह्व स्त्री पुरुष से इतनी श्रेष्ठ है जितना प्रकाश अंधेरे से।ह्व

अरस्तु के अनुसार -ह्वनारी की उन्नति और गरिमा पर ही राष्ट्र की उन्नति निर्भर करता हैह्व

नेपोलियन ने कहा है-मुझे कोई 100 योग्य माताएं दे मैं उसे श्रेष्ठ राष्ट्र दूंगा। यदि महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार सशक्त होगा और नए समाज का उदय होगा जीवन की कला को अपने हाथों से संवार कर नारी ने संसार का रूप निखारा है ।

**(लेखिका योगाचार्य हैं।)**

## स्पीड न्यूज

### मजदूरों का हित सर्वोपरि : आरएन सिंह



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड क्षेत्रीय कार्यालय भुरकुंडा में मंगलवार को एनसीओईए (सीटू) द्वारा सांगठनिक सभा का आयोजन किया गया। इसमें हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) को छोड़कर संतोष यादव के नेतृत्व में आए हुए साथियों को एनसीओईए (सीटू) के कार्यकारी अध्यक्ष कॉमरेड अरुण कुमार सिंह एनसीओईए (सीटू) की सदस्यता दिलाई। साथ ही फूल माला पहनाकर सभी नये सदस्यों का संगठन में स्वागत किया। स्वागत समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष बासुदेव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव आरएन सिंह ने कहा कि संतोष यादव के नेतृत्व में आए हुए साथियों तथा हमारे पूर्व के साथी एक साथ मिलकर भुरकुंडा ब्रांच को बरका-सयाल क्षेत्र में सबसे मजबूत यूनियन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ़ होते हैं। श्री सिंह ने कहा कि हमारे संगठन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हमारे संगठन का उद्देश्य मजदूरों की समस्याओं का समाधान करना है। इधर एनसीओईए (सीटू) में शामिल होने के बाद रिभर साईड भुरकुंडा निवासी संतोष यादव ने कहा कि संगठन के साथियों को एक सूत्र में पिरोकर सगठन को और बुलंदियों पर ले जाने का काम करूंगा। संतोष यादव के नेतृत्व में एसीओईए (सीटू) का दामन थामने वाले में सुनील यादव, मो. असगर अंसारी, सुभाष तिवारी आदि शामिल है। स्वागत समारोह में गोपाल यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, सुशील कुमार, विकास कुमार, किरण कुमार, संजय कुमार, गणेश उरांव, एतवा मुंडा, मनोज पांडेय, राकेश कुमार, सखलाल महतो, प्रकाश कुमार, सन्यासन घोष, प्रमोद सिंह, अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

### यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा शाखा द्वारा मंगलवार को यूनियन कार्यालय भुरकुंडा में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य नरेश मण्डल ने की। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नरेश मडल, सुरक्षा समिति सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 जून को ऑफिसर्स क्लब भुरकुंडा में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन धूमधाम से मनाया जायेगा। नरेश मंडल ने बताया कि केंद्रीय सम्मेलन में झारखण्ड के सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर दिवाल लेखन, पोस्टर-पर्चा आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर सभी साथी जुट गए हैं। बैठक में अनुज कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, आलोक पुरखत, अशोक कुमार, मदन मोहन ओझा, जोगेंद्र ठाकुर, विजय शंकर यादव, दिवाकर पटेल, अशोक राम, रंजीत कुमार, रामचंद्र राजभर आदि मौजूद थे।

### रजरप्पा में खोरठा की हुयी परीक्षा



रजरप्पा । झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक मैट्रिक परीक्षा 2025 परीक्षा केंद्र रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर महाविद्यालय सिरू दुलमी में मैट्रिक के खोरठा विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 235 बच्चे शामिल हुए जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण कदावारमुक्त तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा की सफल संचालन हेतु केंद्र अधीक्षक के रूप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बयांग के प्रधानाध्यापक उमेश महतो एवं महाविद्यालय के प्राचार्य लोचन राम महतो के अलावे विक्षक के रूप में राजेश कुमार ओहदार, कामेश्वर महतो, संदीप कुमार, राजेन्द्र कुमार, बिमल महतो, डमर लाल महतो, आशीष कुमार, सुनीता कुमारी, इरम रिजवाना, कविता कुमारी, वीणा कुमारी, विकास कुमार, सुधन महतो, पंकज मुंडा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इधर, गोला, चितरपुर, दुलमी आदि जगहों के परीक्षा केंद्र में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

### अबुआ नहीं, ठगुवा बजट : रौशन



भुरकुंडा (रामगढ़)। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड में पेश हुए बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट पूरी तरह से फ्लॉप है। यह अबुआ नहीं ठगुवा बजट है। इस बजट में ना ही आदिवासी ना मूलवासी ना युवा और ना ही किसान वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें पूरी तरह से इन सभी वर्गों को बजट से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को ध्यान देना चाहिए कि मैया सम्मान निधि योजना के चक्कर में झारखंड सरकार जनता पर और अतिरिक्त बोझ न डाल दे। पूर्व से ही झारखंड के कई योजनाओं का सही समय पर संचालन नहीं हो पा रहा है। उसपर भी ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि झारखंड का आम जनमानस इस बजट से काफी उम्मीद रखता था परंतु यह बजट पेश होने के बाद झारखंड का आम जनमानस पूरी तरह से निराश हो गया है।

### सड़क हादसे में मजदूर की मौत



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के सरना स्थल बोंगाबार फोरलेन सड़क पर मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल पर सवार होकर कोयला लाने जा रहे मजदूर की मौत घटना स्थल पर हो हो गयी। घटना की खबर जैसे ही परिजन व ग्रामीणों को हुई वैसे ही सभी लोग घटना स्थल पहुंचकर सड़क को करीब एक घंटे के लिए जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों छोर पर वाहनों की जाम लग गयी। जानकारी के अनुसार बंधिया बोंगाबार निवासी अशोक मुंडा, पिता स्व नारायण मुंडा दोपहर में साइकिल पर सवार होकर कोयला लाने के लिए कुजू ओर जा आ रहा था। इसी बीच सरना स्थल बोंगाबार फोरलेन सड़क पर पीछे से अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया।

# हजारीबाग के ब्लॉक कार्यालयों में चरम पर भ्रष्टाचार

## ग्रामीणों का आरोप, बिना रिश्वत नहीं होता कोई काम

अभय कुमार सिंह

हजारीबाग। हजारीबाग जिले के ब्लॉक कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। आम जनता की समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही, और बिना रिश्वत कोई काम आगे नहीं बढ़ता। ऐसा आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सबसे बड़ी बात की ये मामला सिर्फ एक ब्लॉक कार्यालय का नहीं है। आप किसी भी ब्लॉक कार्यालय में चले जाएं आपको हर ब्लॉक में ऐसे शिकायतकर्ता मिल जायेंगे जो ब्लॉक के कर्मचारियों के कार्यशैली से छुब्द हैं। इस मामले को लेकर उपायुक्त कार्यालय में लगातार शिकायतें दर्ज होती रहती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन संबंधी मामलों, प्रमाण पत्रों और सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन जब तक जेब से पैसा नहीं निकले, फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। खासतौर पर अंचल कार्यालयों में भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, एलपीसी, भूमि मापी जैसे मामलों में भारी गड़बड़ियां हो रही हैं। सीओ कार्यालयों में आम लोगों को महीनों तक दौड़ाया जाता है, जबकि दलालों के जरिए मोटी रकम देने पर काम चुटकियों में हो जाता है। भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीनों की बंदरबांट की जा रही है।

**विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन में भी हो रही है अवैध वसूली**


विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी योजनाओं में भी अवैध वसूली हो रही है। जरूरतमंदों से फॉर्म भरने के नाम पर पैसे लिए जाते हैं, और बिचौलियों के बिना कोई काम नहीं होता। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी दलालों की भूमिका बढ़ गई है, जिससे असली लाभुकों को उनका हक मिलने में देरी हो रही है।

चिंताजनक बात यह है कि ब्लॉक के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर किसी का डर नहीं है। शिकायतें उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचती हैं, लेकिन जांच के आदेश के बावजूद दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। कई बार देखा गया है कि ये कर्मचारी नेताओं व रसूखदार दलालों की शह पर भ्रष्टाचार को अंजाम देते हैं। अगर हजारीबाग में भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी है तो सरकार और जिला प्रशासन को तत्काल कठोर कदम उठाने होंगे। प्रत्येक ब्लॉक में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की शिकायतें सुनी जाएं। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को बर्खास्त कर ट्रांसफर-पोस्टिंग में पारदर्शिता लाई जाए। हजारीबाग के ब्लॉक कार्यालयों में व्याप्त यह भ्रष्टाचार सरकारी तंत्र में जनता के भरोसे को खत्म कर रहा है। यदि इसे जल्द नहीं रोका गया, तो लोग सरकारी व्यवस्था से पूरी तरह निराश हो जाएंगे। प्रशासन को अब जगना होगा और जनता की परेशानियों का समाधान ईमानदारी से करना होगा, वरना यह भ्रष्टाचार विकास की हर योजना को खोखला कर देगा।

# चरही में ईंट भट्ठ संचालक चोरी का कोयला कर रहे इस्तेमाल

## सरकार को करोड़ों का चूना लगा रहे हैं कारोबारी

खबर मन्त्र संवाददाता



ईंट भट्ठा के पास पसरा अवैध कोयला।

हजारीबाग/चरही। चरही में अवैध ईंट भट्ठों का धंधा इतनी तेजी से फल-फूल रहा है कि अब इसे एक संगठित माफिया कहना गलत नहीं होगा। बांग्ला ईंट भट्ठा और चिमनी ईंट भट्ठा संचालक बेखौफ होकर सरकारी संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। इन अवैध कारोबारियों की दबंगई इतनी है कि स्थानीय पुलिस भी कार्रवाई से पहले दस बार सोचती है।

ये धंधेबाज सरकार को तीन स्तरों पर चूना लगा रहे हैं। पहला, ये नदियों के किनारे की सरकारी भूमि से मिट्टी उठाकर ईंट बना रहे हैं। दूसरा, बालू और पानी का अवैध दोहन कर रहे हैं। तीसरा, ईंट पकाने के लिए चोरी का कोयला इस्तेमाल कर रहे हैं।

नतीजा यह है कि लाखों-करोड़ों का यह अवैध कारोबार प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है, और सरकार राजस्व के रूप में भारी नुकसान झेल रही है। खनन विभाग की कार्रवाई भी केवल खानापूर्ति तक सीमित है। कभी-कभार कुछ ट्रैक्टर जब्त किए जाते हैं, लेकिन बड़ी मछलियों पर हाथ डालने की हिम्मत किसी में नहीं दिखती।

इस लूटखसोट का सबसे बड़ा खामियाजा पर्यावरण और स्थानीय जनता भुगत रही है। नदियों के किनारे अंधाधुंध मिट्टी कटाई से जलस्तर गिर रहा है, और कोयले का धुआं हवा में जहर घोल रहा है। स्थानीय लोगों में अब इस अवैध कारोबार के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। लेकिन सवाल यह है कि प्रशासन कब जागेगा? क्या दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई होगी या फिर इन धंधेबाजों की बल्ले-बल्ले यूं ही चलती रहेगी?

### सर्वोदय निकेतन में पुस्तक मेला संपन्न



कुजू। सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल गायत्री परिवार हरिद्वार में सद साहित्य प्रदर्शनी सह एकदिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बाल निर्माण, युग निर्माण, चरित्र निर्माण, महापुरुषों की जीवनी, घरेलू उपचार, पर्यावरण सुरक्षा, समय प्रबंधन, युग चेतना आदि से संबंधित हजारों पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका अवलोकन विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने किया। सभी ने अपनी पसंद एवं आवश्यकतानुसार मेले से उचित मूल्य देकर पुस्तकें प्राप्त की। इससे पूर्व विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने फीता काटकर पुस्तक प्रदर्शनी सह मेले का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने कहा कि अच्छी पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने वकीलों की समस्याओं को विस में उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में राज्यभर के वकीलों की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि झारखंड में 36 बार एसोसिएशन हैं, जिनसे जुड़े लगभग 35,000 वकील न्यायिक व्यवस्था का अहम हिस्सा हैं। इसके बावजूद, इनके कार्यस्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। विधायक ने कहा कि अधिकतर बार एसोसिएशन परिसरों में पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, वाई-फाई, वातानुकूलित बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कई जगहों पर वकीलों के लिए पर्याप्त चैंबर तक नहीं हैं, जिससे उनके कार्य में बाधा आती है। उन्होंने वकीलों की सामाजिक सुरक्षा पर भी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को जल्द लागू करने की मांग की। साथ ही, वकीलों को जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा और आकस्मिक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं का लाभ देने की अपील की। प्रदीप प्रसाद ने सरकार से आग्रह किया कि राज्य के सभी बार एसोसिएशन परिसरों के विकास के लिए विशेष बजट आवंटित किया जाए और एक अनुदान योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि वकीलों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा तो न्यायिक प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने सरकार से इस विषय पर जल्द ठोस कदम उठाने की मांग की।

### एसपी ने की लंबित मामलों की समीक्षा

रामगढ़। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मंगलवार को रामगढ़ थाना के लंबित कांडों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्य रूप से महिला से संबंधित लंबित कांडों जैसे- बलात्कार, पोक्सो, छेड़खानी एवं 02 वर्ष से अधिक समय से लंबित अपहरण, गृहभेदन, चोरी, लूट, डकैती, हत्या के काण्डों की समीक्षा किया गया। 6 मार्च को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षकद्वारा महिला से संबंधित लंबित कांडों का शीर्षवार समीक्षा निर्धारित है के संबंध में सभी अनुसंधानकर्ता को जानकारी देते हुए, लंबित कांडों में अविलम्ब गिरफ्तारी करने, फरार रहने की स्थिति में वारंट, इश्तेहार, कुर्की की कार्रवाई करने तथा कांडों के निष्पादन के संबंध में अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। 6 माह से अधिक समय से लंबित कांडों की संख्या शून्य करने हेतु निर्देश दिया गया।

### कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना को लेकर डीसी व एसपी ने की बैठक



रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना को लेकर बैठक हुयी। सर्वप्रथम कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसमें इनके द्वारा प्लॉट संख्या 31 से भूमि पूजन कर उत्खनन का कार्य प्रारम्भ करने की बात कही गई। अभी तक कुल 84.92 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट क्लिअर किया गया है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा वर्षवार गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी एवं अन्य पर स्टेटमेंट क्लिअर किये जाने की संख्या एवं रकबा पृच्छा की गई। उक्त के आलोक में कैबीपी के द्वारा कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना हेतु पाँच वर्षो का माइन ऑपरेशन तालिका पर वर्षवार समीक्षा की।

# जेएसपी पतरातू में सुरक्षा सप्ताह शुरू

## कर्मचारियों ने सुरक्षा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सह सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा और स्वस्थ्य-विकसित भारत के लिए अत्यावश्यक थीम के साथ सुरक्षा मार्च निकाला गया। जिसमें सुरक्षा रथ भी शामिल था। यह मार्च सेक्टर 2 कॉलोनी से शुरू होकर विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए प्लांट के मुख्य कार्यालय तक पहुंचा। इस आयोजन में कर्मचारियों और उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सुरक्षा सर्वोपरि, शून्य हानि सदैव जैसे नारे लगाते हुए शून्य दुर्घटना लक्ष्य की प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यालय के सामने प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने सुरक्षा ध्वज फहरा किया। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने नजदीकी हादसों, असुरक्षित परिस्थितियों और असुरक्षित कार्यों की रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर देते हुए कर्मचारियों से किसी भी तरह की चोट गलने से बचने के लक्ष्य को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करके हम कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित बना सकते हैं। इस अवसर पर सबों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षा को अपने कार्य जीवन का मूल मंत्र बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन फायर एवं सेफ्टी विभाग के तत्वावधान में किया गया। जिसमें सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कहा गया कि यह आयोजन सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने और कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू ने यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे सभी को अपनाना चाहिए।

### मजदूरों के हितों की रक्षा राकोमयू कर सकती है: महेश सिंह

रामगढ़। यूनियन चलाना आसान काम नहीं है। इसके लिए सुबह से लेकर देर रात तक कोयला मजदूरों के बीच रहना, उनकी समस्याओं को सुनना तथा समाधान की दिशा में सार्थक प्रयास करना होता है। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ही एक ऐसा यूनियन है, जो मजदूरों के हितों का विचार रखती हैं। बाकी सभी यूनियन केवल अपनी पॉकेट गर्म करने और मजदूरों को मूर्ख बनाने में लगे हैं। उनकी यह दुकानदारी अधिक दिनों तक नहीं चलने वाली है। उक्त बातें यूनियन के रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह ने मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना स्थित सामुदायिक भवन में यूनियन की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि 1973 के पहले कोयला मजदूरों की स्थिति काफी दयनीय थी। स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी ने कोयला उद्योग का

## एक नजर में

### बरही में श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ शुरू



बरही। बरही धनबाद रोड स्थित भगवती मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। मंगलवार को इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा की शुरुआत भगवती मंदिर परिसर से हुई, जहां जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता और मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने संयुक्त रूप से कलश देकर महिलाओं को रवाना किया। श्रद्धालुओं का यह विशाल जुलूस धनबाद रोड होते हुए सूर्य मंदिर स्थित नदी तक पहुंचा, जहां महिलाओं ने पवित्र जल भरकर पुनः मंदिर परिसर में कलश स्थापना की। आचार्य वेद पंडित जयनंदन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिपूर्वक कलश स्थापना कराई। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि भगवती सेवा संस्थान 15 वर्षों से इस महायज्ञ का आयोजन कर रहा है, जिससे न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि भगवान स्वयं भक्तों के बीच उपस्थित रहते हैं। महायज्ञ के लेकर पूरे बरही को दुल्हन की तरह सजाया गया है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। महायज्ञ में आचार्य वेद पंडित जयनंदन शास्त्री, आचार्य शिव राम, उप प्राचार्य शिव राम पांडेय, पंडित चंद्रशेखर सुमन शास्त्री, पवन पांडेय और मंदिर के पुजारी कामेश्वर पांडेय शामिल हैं। मुख्य यजमान के रूप में संतोष केशरी, शंकर प्रसाद केशरी, शिव कुमार केशरी, शिव शंकर कसेरा और विशेश्वर साव सपत्नीक महायज्ञ में भाग ले रहे हैं। इस शुभ अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष विपिन सिन्हा, कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, महासचिव बलराम केशरी, सचिव मनोज कुमार उपाध्याय, उमेश दास, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, संजय केशरी, जयप्रकाश केशरी, मोतीलाल चौधरी, संजय यादव, रमेश श्रीवास्तव, हितेश राज, राजकुमार केशरी, राजकुमार यादव, भाजपा नेत्री सुषमा विश्वकर्मा, बंटी ठाकुर, दीपक भगत, उमेश ठाकुर, रमेश श्रीवास्तव, युगल यादव और नंदकिशोर कुमार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के इस पावन आयोजन में पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

### झरपो के बच्चों ने 13 घंटे रखा रोजा



टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो गांव में आस्था और धार्मिक संस्कार की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब 10 वर्षीय मासूम बच्चों ने रमजान के पवित्र महीने में 13 घंटे का रोजा रखा। पूर्व झारखंड ग्रामीण पुलिस (चौकीदार) तैयब मियां के पोते—वारिश अंसारी, शिफत प्रवीण और सफीक अंसारी—ने पूरे श्रद्धा भाव से उपवास रखा और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए दुआ मांगी। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि रमजान इस्लाम धर्म का पवित्र महीना है, जिसमें रोजेदार अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं और पूरे महीने उपवास रखते हैं। बच्चों के पिता साहबान अंसारी ने बताया कि वह आजीविका के लिए प्रदेश में हैं और जब उन्हें पता चला कि उनके छोटे-छोटे बच्चे रोजा रख रहे हैं, तो उन्होंने समझाने की कोशिश की कि अभी वे छोटे हैं और बाद में इस परंपरा का पालन कर सकते हैं। लेकिन बच्चों ने अपनी धार्मिक निष्ठा और जिद से यह उपवास पूरा किया। बच्चों के इस समर्पण को देखकर परिवार और गांववालों ने उनकी सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

बरही। पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान सचिन कुमार (21 वर्ष), पिता स्वर्गीय कैलाश भुइयां, ग्राम तिलोकरी, थाना जयनगर, जिला कोडरमा के रूप में हुई है। पीड़िता की मां ने 27 दिसंबर को बरही थाना में आरोपी के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही सचिन फरार था, लेकिन पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। अंततः मंगलवार को बरही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर विश्वास मजबूत हुआ है। वहीं, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कजरू साव बने इंटक के हजारीबाग जिला अध्यक्ष



बड़कागांव। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी. संजीवा रेड्डी के निर्देशन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय और प्रदेश महासचिव महेन्द्र मिश्रा ने ट्रेड यूनियन क्षेत्र में सक्रियता और सराहनीय योगदान को देखते हुए कजरू साव को हजारीबाग जिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके नेतृत्व में मजदूरों के हितों के लिए संगठन और अधिक मजबूत होगा। प्रदेश महासचिव महेंद्र मिश्रा, प्रदेश सचिव बीरेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, परमेश्वर कुमार, अमरजीत कुमार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, अशोक देव, मणिकांत वर्मा, प्रमोद राम, अर्जुन साव, वीरेंद्र कुमार, केडी सिंह, डॉ. प्रकाश, ओमप्रकाश गोप, रितलाल मंडल, विनोद कुशवाहा, मुगेश्वर चौधरी, बेबी देवी, प्रकाश यादव, मोहम्मद रबानी, प्रवेज आलम और जावेद मालिक सहित कई गणमान्य लोगों ने कजरू साव को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### तैलिक साहू समाज ने किया नायक की पूजा



टाटीझरिया । टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत और दारू प्रखंड के टटगांव गांव के सीमावर्ती चरका पत्थर में तैलिक समाज द्वारा चार दिवसीय नागराज नायक की पूजा बड़े ही विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ शुरू की गई। समाज के लोगों ने बताया कि यह आयोजन लगभग 20 वर्षों बाद दोबारा किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को झरपो बुध बाजार परिसर में भगत का भव्य स्वागत किया गया। गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई और उन्हें झरपो देवी मंडप होते हुए पूजा स्थल चरका पत्थर, टटगांव तक ले जाया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उल्लास के साथ पूजा स्थल पर पहुंचकर भगत का अभिनंदन किया। पूजा अनुष्ठान चार दिनों तक चलेगा, जिसमें नहाए-खाय, उपवास, कथा-जागरण, मुख्य पूजा और भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक विधियों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। इस भव्य आयोजन में सरजू साव, कौलेश्वर साव, संजय साव, सुखदेव साव, संदीप कुमार, राजेश साव, अशोक साव, अजय साव, लक्ष्मण कुमार, संतोष कुमार, नारायण साव, बिरजू साव, छोटी साव, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समाज के लोगों ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन से समुदाय में एकता और संस्कृति को बल मिलेगा, साथ ही नागराज नायक जी की कृपा से समाज में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

# वनोत्पाद : पोषणीय आहार में योगदान एवं भूमिका

नरेन्द्र प्रसाद

दुनिया भर का नीति निर्धारकों का ध्यान पौराणिक काल से ही उर्जा बहुल्य कृषि फसलों जैसे गेहूं, चावल, मकई इत्यादि पर ही ध्यान केन्द्रित रहा है, जबकि ज्यादातर अनाजों में खाद्य योग्य वनोत्पाद की तुलना में पोषक तत्व काफी कम पाया जाता है जो मानव स्वास्थ के लिए पर्याप्त नहीं है।

वर्तमान समय में मौजूदा कृषि फसलों से भूखों को पेट भरा जा सकता है परन्तु पौषणयुक्त खाद्यों के अभाव में अप्रत्यक्ष रूप से कुपोषण का समस्या भयंकर रूप लेता जा रहा है, जो दुनिया भर के नीति निर्धारकों के लिए चुनौती है। इन्हें ऐसी नीती पर विचार करने की जरूरत है जो लोगों में सर्वस्विकृत है जिसके लिए पौषणयुक्त फलों एवं फूलों पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। हमारे जंगलो में पाए जानेवाले फल, नट्स, सब्जी, मशरूम एवं वन्य जीव कई रूप में मनुष्यों का खाद्यान्न सुनिश्चित करने में भागीदारी निभाता है। विश्व के कई मानव समुदाय पूर्ण रूप से वनों में उपलब्ध खाद्य पर आश्रित हैं।

विशेषकर मंदी का दौर में यह कृषि फसलों का पूरक के रूप में काम करता है। जंगलों में पाए जानेवाले कुछ फल-फूल एवं कंद-मूल जिसमें कृषि फसलों की तुलना में ज्यादा मात्रा में सूक्ष्म पोषक तत्व पाया गया है, जो मनुष्यों को स्वस्थ्य रखने में सहायक होता है, जिसका शरीर में कमी होने से कई प्रकार का बीमारियॉ होने लगता है जैसे विटामिन ए की कमी से जीवों में अंधापन का शिकार होना (विश्व में पाँच लाख बच्चे प्रतिवर्ष इस बीमारी का शिकार हो रहे है), संक्रमण रोग (हैजा, चेचक एवं स्वास से संबंधित) होता है। वैसा पौष्टिक आहार जिसमें विटामिन ए उपलब्ध है जिसके लिए जंगल में या जंगल के आस-पास रहनेवाले लोग पत्तीनुमा सब्जी, नारंगी रंग का फल एवं सब्जी नियमित रूप से खोते हैं। बच्चों का संज्ञात्मक (वौधीक) विकास जो वनों में पाए जानेवाले फलों जिसमें लौह, जिंक और विटामिन बी12 पाया जाता है जिसक्रे कमी से जीवन पर्यान्त कष्टमय हो जाता है, इसको दूर करने के लिए



वन्य जीवों का मांस जों सूक्ष्म पोषक अवयव का मुख्य श्रोत है। इसके अलावा जंगलों में पाए जानेवाले नाना प्रकार के पत्तीनुमा सब्जी, फल एवं वनस्पतीय खाद्य जिसमें प्रचुर मात्रा में बिटीमीन ए, लौह, फोलेट, नायसिन एवं कैल्सियम पाया जाता है। इसका सेवन से उपरोक्त बीमारी से बचा जा सकता है। यूनाइटेड रिपब्लिक, तंजानियाँ द्वारा अध्ययन में पाया गया है कि जंगलों के आस पास रहनेवाले बच्चे जो खाद्ययुक्त वनोत्पाद का नियमित उपभोग करता है उसमें रोग निरोधक क्षमता अन्य बच्चों की तुलना में अधिक होता है। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि प्रकृति अवस्था में पाए जानेवाले पौधों का फलों में बिटामिन ए एवं कैल्शियम का मात्रा घर के आस पास में उगाए गए पौधों का फलों की तुलना में अधिक होता है।

वनोत्पाद में पोषणीय आहार पर शिक्षा एवं शोध एक नया विषय हो सकता है जिसे वन प्रबंधन के अंतर्गत प्रविष्ट कर नई चुनौती समझकर काम किया जा सकता है जिसे आसान बनाने के लिए पोषणयुक्त वनोत्पाद का चयन में स्वदेशी जानकारों की मदद लेकर आगे बढ़ाना होगा जिससे शहरीकरण अथवा वैश्विकरण के कारण हो रहे वनोत्मुलन एवं वनोवकरण से वन खाद्यो में लगातार कमी पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है।







प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात दौरे के क्रम में वन जीवों के साथ

# वन-सम्पदा और पृथ्वी का अस्तित्व



नागेन्द्र सिंह

विश्व वानिकी दिवस प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। विश्व वानिकी दिवस पहली बार वर्ष 1971 ई. में इस उद्देश्य से मनाया गया था कि दुनिया के तमाम देश अपनी मातृभूमि की मिट्टी और वन - सम्पदा का महत्व समझे तथा अपने - अपने देश के वनों और जंगलों का संरक्षण करें। अगर हम भारत की बात करें तो 22.7% भूमि पर ही वनों और जंगलों का अस्तित्व रह गया। भारत में वन महोत्सव जुलाई 1950 से ही मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत तत्कालीन गृहमंत्री कुलपति कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने की थी। उद्देश्य विश्व वानिकी दिवस का उद्देश्य है कि विश्व के सभी देश अपनी वन-सम्पदा की तरफ ध्यान दें और वनों को संरक्षण प्रदान करें। भारत में भी वन-सम्पदा पर्याप्त रूप से है। भारत में 657.6 लाख हेक्टेयर भूमि (22.7 %) पर वन पाए जाते हैं।

वर्तमान समय में भारत 19.39 % भूमि पर वनों का विस्तार है और छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे ज्यादा वन-सम्पदा है उसके बाद क्रमशः मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य में। भारत सरकार द्वारा सन 1952 ई. में निर्धारित राष्ट्रीय वन नीति के तहत देश के 33.3 % क्षेत्र पर वन होने चाहिए। लेकिन वर्तमान समय में ऐसा नहीं है। वन-भूमि पर उद्योग-धंधों तथा मकानों का निर्माण, वनों को खेती के काम में लाना और लकड़ियों की बढती माँग के कारण वनों की अवैध कटाई आदि वनों के नष्ट होने के प्रमुख कारण ह। इसलिए अब समय आ गया है कि देश की राष्ट्रीय निधि को बचाए और इनका संरक्षण करें। हमें वृक्षारोपण (पेड़-पौधे लगाना) को बढावा देना चाहिए। इसके सम्बन्ध में प्रसिद्ध पर्यावरणविद कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने कहा था कि -वृक्षों का अर्थ है जल, जल का अर्थ है रोटी और रोटी ही जीवन है। इतिहास विश्व वानिकी दिवस मनाने का विचार 1971 में यूरोपीय कृषि परिसंघ की 23वीं महासभा में आया। वानिकी के तीन महत्वपूर्ण तत्वों- सुरक्षा, उत्पादन और वनविहार के बारे में लोगों को जानकारियां देने के लिए उसी साल बाद में 21 मार्च के दिन को यानि दक्षिणी गोलार्ध में शरद विषव और दक्षिण गोलार्ध में वसंत विषव के दिन को चुना गया। वन प्रागैतिहासिक काल से ही मानवजाति के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण रहा है। वन का मतलब केवल पेड़ नहीं है बल्कि यह एक संपूर्ण जटिल जीवंत समुदाय है। वन की छतरी के नीचे कई सारे पेड़ और जीव-जंतु रहते हैं। वनभूमि जीवाणु, कवक जैसे कई प्रकार के अकशेरूकी जीवों के घर हैं। ये जीव भूमि और वन में पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.



वनों से लाभ वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज़.के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि. फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं। पेड़, कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूर्य की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं। वन प्रकाश का परावर्तन घटाते हैं, ध्वनि को नियंत्रित करते हैं और हवा की दिशा को बदलने एवं गति को कम करने में मदद करते हैं। इसी प्रकार वन्यजीव भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये हमारी जीवनशैली के महत्वपूर्ण अंग हैं. वन-सम्पदा जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों का आशय सामान्य रूप से वृक्षों के समूह से होता है लेकिन वास्तव में ये विभिन्न जीवों का एक जटिल समुदाय है। एक-दूसरे पर परस्पर आश्रित अनेक पौधे और जानवर वनों में निवास करते हैं तथा वन के भू-तल पर अनेक प्रकार के छोटे-छोटे जीव-जंतु, जीवाणु और फंगस पाये जाते हैं जो मिट्टी और पौधों के मध्य पोषक तत्वों का आदान-प्रदान करने में मदद करते हैं। वनों से मानव समुदाय को अनेक बहुमूल्य वस्तुएं प्राप्त होती हैं।

# वन है तो जल है, जल है तो हम हैं

डॉ शीतल



हमारी पृथ्वी काफी बेहतरीन व सुन्दर है जिसमें सभी जीव-जंतुओं का अपना-अपना अहम योगदान व महत्ता है। हरे-भरे पेड़-पौधे, विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, पठार, नदियां, समुद्र, महासागर, आदि सब प्रकृति की देन है, जो हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिए आवष्यक है। वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार से लाभ पहुंचाते हैं। जिसमें वन हमें भोजन ही नहीं वरन् जिंदगी जीने के लिए हर जरूरी चीजें मुहैया कराती है। पेड़ पृथ्वी के लए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंतत्रत करते हैं। इसलिए यह कहने में कोई अतिषयोक्ति नहीं है कि वनों का मानव जीवन के अस्तित्व में अहम योगदान है। वनों का सृजन, प्रबंधन, उपयोग एवं संरक्षण की विधा को वानिकी कहा जाता है और वनों के संरक्षण के लिए ही दुनियाभर में 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है। देखा जाए तो, वानिकी के सिमटने का मुख्य कारण है जनसंख्या वृद्धि। आबादी को आवास, भोजन के साथ तमाम बुनियादी चीजों की आवष्यकता होती है। भोजन एवं अन्य चीजों की जरूरत के लिए उद्योगों में बेतहाषा वृद्धि हो रही है और उद्योग के लिए जमीन सहित सभी संसाधनों की आवष्यकता पड़ती है। विकास के नाम पर पर्यावरण को अंधाधुंध क्षति पहुंचायी जा रही है। देखा जाए तो उद्योग-धंधों, मकानों का निर्माण, अनाज उत्पादन करने एवं लकड़ियों की बढ़ती मांग जैसे मुख्य कारक ही वनों के नुकसान का प्रमुख कारक हैं। नेपाल के 40 प्रतिशत भूभाग में वन क्षेत्र फैला हुआ है। वहीं जिला वन कार्यालय, सप्तरी के तथ्यांक अनुसार, नेपाल के सप्तरी जिला के कुल भूभाग 1,35,928.80 हेक्टेयर में 25 प्रतिशत क्षेत्र यानि कि 34,179.30 हेक्टेयर वन फैला हुआ है। यहां पर हो रहे वनों के नुकसान को लेकर सप्तरी जिला के जिला वन अधिकारी नंद लाल राय यादव ने माना कि ''सप्तरी में वनों की स्थिति दयनीय है। वहीं वनों के नुकसान का प्रमुख कारण गरीबी, बेरोजगारी और चेतना की कमी है जिसे सुधारने के लिए पुरा वन विभाग लगा हुआ है। लेकिन कर्मचारियों की कमी की वजह से इस पर पूर्ण रूप से नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।''

वहीं भारत में 657.6 लाख हेक्टेयर यानि कि 22.7 प्रतिशत भूमि पर वन पाए जाते हैं जिसमें विगत नौ वर्शों में 2.79 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र विकास की भेंट चढ़ गये जबकि 25 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रत्येक साल घट रहा है। यहां यह उल्लेख करना दिलचस्प है कि भारत में ही अभी 27.5 करोड़ लोग वनों से होने वाली आय पर निर्भर हैं। पुर्वानुमानों के अनुसार वन विनाष की मौजूदा रफ्तार अगर जारी रहती है तो सन् 2020 तक दुनिया की लगभग 15 प्रतिषत प्रजातियां धरती से लुप्त हो जायेगी। पेड़ों की अंधाधुध कटाई एवं सिमटते जंगलों की वजह से भूमि बंजर और रेगिस्तान में तब्दील होती जा रही है जिससे दुनियाभर में खाद्य संकट का खतरा मंडराने लगा है। यूएनईपी के मुताबिक, विष्व में 50-70 लाख हेक्टेयर भूमि प्रतिवर्श बंजर हो रही है वहीं भारत में ही कृशि-योग्य भूमि का 60 प्रतिषत भाग तथा अकृशित भूमि का 75 प्रतिषत गुणात्मक ह्रास में परिर्वितत हो रहा है। भारत में पिछले नौ सालों में 2.79 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र विकास की भेंट चढ़ गए जबकि यहां पर कुल वन क्षेत्रफल 6,90,899 वर्ग किलोमीटर है। वन न केवल पृथ्वी पर मिट्टी की पकड़ बनाए रखता है बल्कि बाढ़ को भी रोकता और मृदा को उपजाऊ बनाए रखता है।



# वन और जैव विविधता



प्रशांत झा

विश्व वानिकी दिवस मनाने का विचार 1971 में यूरोपीय कृषि परिसंघ की 23 वीं महासभा में आया। वानिकी के तीन महत्वपूर्ण तत्वों- सुरक्षा, उत्पादन और वनविहार के बारे में लोगों को जानकारियां देने के लिए उसी साल बाद में 21 मार्च के दिन को यानि दक्षिणी गोलार्ध में शरद विषव और दक्षिण गोलार्ध में वसंत विषव के दिन को चुना गया।

वन प्रागैतिहासिक काल से ही मानवजाति के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण रहा है। वन का मतलब केवल पेड़ नहीं है बल्कि यह एक संपूर्ण जटिल जीवंत समुदाय है। वन की छतरी के नीचे कई सारे पेड़ और जीवजंतु रहते हैं। वनभूमि बैक्ट्रेरिया, कवक जैसे कई प्रकार के अकशेरूकी जीवों के घर हैं। ये जीव भूमि और वन में पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि। फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं।

पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं। पेड. कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूरज की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं। वन प्रकाश का परावर्तन घटाते हैं, ध्वनि को नियंत्रित करते हैं और हवा की दिशा को बदलने एवं गति को कम करने में मदद करते हैं। इसी प्रकार वन्यजीव भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये हमारी जीवनशैली के महत्वपूर्ण अंग हैं।

समय की मांग है कि वनों को बचाया जाए क्योंकि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से समस्याएं पैदा होती हैं। वनक्षेत्र घटकर 30 प्रतिशत रह गया है जबकि पहले 60 प्रतिशत पर ही इसके क्षरण का विरोध किया गया था। इस वर्ष विश्व वानिकी दिवस का ध्येय वाक्य वन एवं जैवविविधता रखा गया है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को यह सूचना देने का अवसर उपलब्ध कराना है कि कैसे वनों का रखरखाव और संपोषणीय रूप से उनका इस्तेमाल किया जाए।

वन जैव विविधता एक व्यापक शब्दावली है जो वन्यक्षेत्र में पाए जाने वाले सभी सजीवों और उनकी पारिस्थतिकीय भूमिका से संबध्द है। इसके तहत न केवल पेड़ आते हैं बल्कि विविध प्रकार के जंतु और सूक्ष्मजीव, जो वन्यक्षेत्र में रहते हैं और उनकी गुणसूत्रीय विविधता भी आती है। इसे पारिस्थितिकी तंत्र, भूदृश्य, प्रजाति, संख्या, आनुवांशिकी समेत विभिन्न स्तरों पर समझा जा सकता है। इन स्तरों के अंदर और इनके बीच जटिल अंतःक्रिया हो सकती है। जैव विविध वनों में यह जटिलता जीवों को लगातार बदलते पर्यावरणीय स्थितियों में अपने आप को ढालने में मदद करती है और पारिस्थितिकी तंत्र को सुचारू बनाती है।

पिछले 8000 वर्षों में पृथ्वी के मूल वनक्षेत्र का 45 प्रतिशत हिस्सा गायब हो गया। इस 45 प्रतिशत हिस्से में ज्यादातर हिस्सा पिछली शताब्दी में ही साफ किया गया। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि हर वर्ष 1.3 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र कटाई की वजह से खत्म होता जाता है। वर्ष 2000-2005 के बीच वनक्षेत्र की वार्षिक कुल क्षति 73 लाख हेक्टेयर रही है (जो विश्व के वन क्षेत्र के 0.18 फीसदी के बराबर है)।

पिछले वर्षों में शहतीर लगाना वनों के लिए महत्त्वपूर्ण कामकाज माना जाता था। हालांकि हाल के वर्षों में यह अवधारणा ज्यादा बहुप्रयोजन एवं संतुलित दृष्टकोण की ओर बदली है। अन्य वन्य प्रयोजनों और सेवाओं जैसे वनविहार, स्वास्थ्य, कुशलता, जैवविविधता, पारिस्थतिकी तंत्र सेवाओं का प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन का उपशमन अब वनों की महत्ता के अंग समझे जाने लगे हैं। इसे लगातार जटिल एवं अनोखे तत्व के रूप में मान्यता मिलती जा रही है।

जैव विविधता संधिपत्र(सीबीडी) में सीधे वन जैव विविधता के विस्तारित कार्यक्रम के जरिए वनों पर ध्यान दिया गया है। यह संधिपत्र 2002 में सीबीडी के सदस्य देशों की छठी बैठक में स्वीकार किया गया। वन कार्य कार्यक्रम में वन जैवविविधता के संरक्षण, उसके अवयवों का संपोषणी रूप से इस्तेमाल, वन आनुवांशिक संसाधन का न्यायोचित उपयोग आदि पर केंद्रित लक्ष्य और गतिविधियां शामिल हैं। जैव विविधता पर कार्यक्रम में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य शामिल हैं, वे हैं- संरक्षण, संपोषणीय इस्तेमाल, लाभ साझेदारी, संस्थानात्मक एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से उपयुक्त पर्यावरण और ज्ञान आकलन एवं निगरानी आदि।

## झारखंड के वनों पर एक नजर

जमींदारी प्रथा बिहार भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के तहत समाप्त कर दिया था, जब तक झारखंड, के रूप में ज्यादा 79 प्रतिशत, के जंगलों से अधिकांश निजी स्वामित्व वाले थे। ये अधिग्रहण जमींदारी जंगलों से पहले अपने प्रचंड विनाश दिन का आदेश था. हालांकि, चीजें बेहतर उसके बाद के लिए एक मोड़ ले लिया। वर्तमान में, राज्य वन क्षेत्र के अंतर्गत कुल भूमि का अपनी 29.61% रही है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर के बुद्ध मंदिर, साकची के बाउंड्री के पास लगे पेड़ पर नये पत्तों के साथ खिले रंग-बिरंगे फूल लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

# जमशेदपुर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष चुने गये अरुण सिंह, महासचिव प्रवीण सेठी

- भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह बनाये गये मुख्य संरक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



नयी कार्य समिति के साथ मुख्य संरक्षक अभय सिंह।

**जमशेदपुर।** आगामी रामनवमी के त्यौहार को लेकर सारी कमिटियां अपनी-अपने स्तर से तैयारी में जुटी हुई है, हर वर्ष कमेटी के समक्ष आने वाली परेशानियों को देखते हुए उनके समाधान के लिए जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति आज दिनांक 4 मार्च को अरूण सिंह की अध्यक्षता में तुलसी भवन विसटूपुर में एक बैठक की गई। आज की बैठक में समिति के मुख्य संरक्षक अभय सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की नयी कार्यकारणी एक साल के लिए बनायी गयी थी और यह कहा गया था कि अगर यह कार्यकारणी बेहतर तरीके से अगर काम करती है तो इसका कार्यकाल बढ़ाया जायेगा।

अभय सिंह ने उपस्थित सभी रामनवमी अखाड़ा समिति के सदस्यों से अपनी-अपनी राय रखने का सुझाव दिया।बाल मंदिर अखाडा समिति के संरक्षक श्री सुमन अग्रवाल ने कहा कि अरूण सिंह के नेतृत्व में जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति पिछले वर्ष बहुत बेहतर तरीके से जिला प्रशासन एवं अखाड़ा समितियों मे समन्वय बनाने का काम किया है एंव विसर्जन घाटों को भी पहले से बेहतर बनवाने का प्रयास किया है इसलिए वर्तमान समिति को और पांच वर्ष काम करने का मौका दिया जाना चाहिए।वहां उपस्थित सभी रामनवमी अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने सुमन अग्रवाल की सुझाव पर सहमति दी।

जमशेदपुर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष अरूण सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारी टीम आप सभी के सहयोग से बेहतर काम करती रहेंगी।इसके साथ ही रामनवमी अखाड़ा समिति एंव जिला प्रशासन के बीच बेहतर तरीके से तालमेल बना कर जमशेदपुर शहर मे हर्ष उलास एंव शान्ति पूर्ण तरीके से राम नवमी का त्यौहार संपन्न कराने में अपनी भुमिका निभाते रहेगी।

विश्व हिंदू परिषद जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर रामनवमी अखाड़ा समिति के साथ विहिप जमशेदपुर खड़ी रहेगी।

संरक्षक के रूप में सुमन अग्रवाल, पन्ना सिंह जांघेल, डॉ संतोष, उमेश सिंह, बाबा रवि गिरी महाराज, बूढ़ा मंडल, अशोक गौड़, द्विवेदी अखाड़ा के लाइसेंसी ललन द्विवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर त्रिवेदी अखाड़ा के शंभू त्रिवेदी उपाध्यक्ष पद पर विजय तिवारी, शंकर रेड्डी, महेश सिंह जम्बू अखाड़ा प्रमुख बंटी सिंह, कदमा के भीम सिंह, विद्युत साव, सतीश मुखी भूषण दीक्षित, मनोज बाजपेई, महासचिव के पद पर प्रवीण सेठी, सचिव के पद पर संतोष कालिंदी, ओम प्रकाश सिंह, विजय सिंह के साथ सह सचिव प्रदीप मुखर्जी, धर्मेंद्र कुमार, धीरज सिंह, संजय सिन्हा, उत्तम दास के नाम पर सहमति दी।

## स्पीड न्यूज

### आग लगने से घायल महिला की मौत

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर के रहने वाली माधवी बाग उम्र 40 साल पति कालूराम बाग विगत कुछ दिन पहले घर में आग लगने क वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के क्रम में आज उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम हुआ और उनका शाव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### 32 वर्षीय युवक ने कर ली आत्महत्या

**जमशेदपुर।** मांझी टोला आदित्यपुर के रहने वाले जयदेव साइन उम्र 32 की मौत हो गई है। उसने निजी कारण से खुद अपनी जान दी है। शव को जब्त कर स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया उनके शाव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### सीआइएसएफ का स्थापना दिवस 10 को

**जादूगोड़ा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्थापना दिवस 10 मार्च को जादूगोड़ा बैरक मैदान में होना है। इस कार्यक्रम में एक ओर जहां जवान अपनी कौशल का प्रदर्शन करेंगे वही देश के लिए कुर्बान होने वाले जवानों के वीरता गाथा को भी याद किया जायेगा। इस कार्यक्रम में यूसिल के वरीय अधिकारियों समेत कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट उपस्थित रहेंगे। इधर, कार्यक्रम की सफलता को जादूगोड़ा बैरेज के बाहर आसपास फैली गंदगी को इंस्पेक्टर पवन कुमार की अगुवाई में साफ-सफाई अभियान चलाया।

### आरकेएफएल प्लांट एक में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक परिसर में 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी चितरंजन सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलायी। प्लांट हेड ने इस वर्ष सुरक्षा सप्ताह पर सरकार द्वारा दिए गए थीम की जानकारी देते हुए लोगों को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ स्वस्थ रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि देश का विकास हम स्वस्थ और सुरक्षित रहकर ही कर सकते हैं।

# मास्टर्स नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहले दिन झारखंड को दो स्वर्ण, सात पदक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**
















**बेंगलुरु।** बंगलुरु में मास्टर्स नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शानदार शुरूआत हुई, जिसमें देशभर के अनुभवी एथलीटों ने अपने अद्भुत कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड के विभिन्न आयु वर्गों के कई एथलीटों ने पदक जीतकर अपनी क्षमता और खेल भावना का परिचय दिया।

### पहले दिन के प्रमुख परिणाम:

- एम एल चटर्जी (75+ वर्ग) : स्वर्ण पदक (5 किमी वॉक)
- एस के तोमर (50+ वर्ग) : स्वर्ण पदक (हैमर थ्रो)
- महेश धोबी (55+ वर्ग) : रजत पदक (5 किमी वॉक)
- पी जी सोय (60+ वर्ग) : रजत (ट्रिपल जंप),
- चरजीत कौर (60+ वर्ग) : रजत (5 किमी वॉक)
- हुसैनी लोहार (75+ वर्ग) : कांस्य (5 किमी वॉक)
- गीता रानी हांसदा (30+ वर्ग) : कांस्य (800 मीटर दौड़)

## हिल टॉप स्कूल के निशांत व सिद्धांत को अलंकार अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सोमवार को जे एन टाटा की 186 वीं जयंती के अवसर पर रिक्रिएशन क्लब में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिलटॉप स्कूल को उसकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों और समर्पण के लिए प्रतिष्ठित अलंकार अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,

नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही, स्कूल के मेधावी छात्र निशांत कुमार और सिद्धांत पांडा को भी उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार हिलटॉप स्कूल और उसके विद्यार्थियों के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनकी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है।

## झारखंड में पेसा कानून लागू नहीं करने के खिलाफ भारत आदिवासी पार्टी का धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय जमशेदपुर के समक्ष किया गया। धरना के पश्यात तीन सूत्री ज्ञापन राज्यपाल के नाम से उपायुक्त को सौंपा गया।

इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा ने कहा कि पेसा नियमावली पर झारखंड सरकार विगत छह महीने से माननीय उच्च न्यायालय झारखंड की आदेशों का अवमानना कर रहा है।साजिश के तहत आदिवासियों का सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक, वित्तीय अधिकारों से वंचित करने का काम कर रहे है। जिससे हमें जल, जंगल और जमीन,की अधिकारों से छलने का काम कर रहे हैं। भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला पूरी तरह से पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के अंतर्गत आते है यहीं पर टाटा कंपनी का उद्योग स्थापित है। यह उद्योग आदिवासियों की जमीन पर अवस्थित है। 117 साल होने के बाद भी आदिवासियों को किसी रोजगार से जोड़ने का काम नहीं कर रहे हैं।

## विधायक जगत माझी ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने का मामला विस में उठाया

- तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से की मांग, सरकार ने उपायुक्त और विभाग से मांगे प्रस्ताव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/ मनोहरपुर।** विधायक जगत माझी ने बजट सत्र के दौरान मंगलवार को विधानसभा में ग्रामीण पर्यटन की परिकल्पना को साकार करने के लिए तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से मांग की। विधायक ने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग से पूछा कि क्या ग्रामीण पर्यटन इको टूरिज्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है, स्थानीय समुदायों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों एवं उनकी संस्कृति को संवारने के साथ ही इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही विधायक ने पूछा है कि अगर मेरे प्रश्न स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मनोहरपुर, आनंदपुर, गोइलकेरा, सोनुवा, गुदडी, बंदगांव प्रखण्ड में ग्रामीण पर्यटन की परिकल्पना को अमली जामा पहनाने का मंशा रखती है। इसके उत्तर मंब सरकार ने जानकारी दी कि मनोहरपुर, आनंदपुर, गोइलकेरा, सोनुवा, गुदड़ी, बंदगांव प्रखण्ड में ग्रामीण पर्यटन की परिकल्पना को अमली जामा पहनाने हेतु प्रस्ताव/प्रतिवेदन की मांग उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम एवं निदेशक, पर्यटन निदेशालय, रांची से की गयी है।

## पतंजलि योग परिवार, पूर्वी सिंहभूम ने धूमधाम से मनाया संस्थापक दिवस समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सात दिवसीय पतंजलि योग विज्ञान शिविर के समापन और लौह नगरी जमशेदपुर के संस्थापक उद्योग पुरुष जमशेदजी नौसेरवानजी टाटा के 18वीं जयंती पर बिरसानगर स्थित दिव्य योगशाला में स्थापना दिवस समारोह बहुत ही हर्ष उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। मौके पर वैदिक यज्ञ - हवन, भजन संध्या, योग सत्र एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। मुख्य अतिथि महिला पतंजलि योग समिति बिहार और झारखंड की प्रभारी सुधा झा ने कहा कि योग सभी कार्यों में कुशलता लाती है। जमशेदजी टाटा ने उद्योग नगरी की स्थापना की और अब हम सब मिलकर इस उद्योग नगरी को योग नगरी में परिणत करने का प्रयास कर रहे हैं।

# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में जमशेदपुर एफसी और ओडिसा एफसी के बीच मुकाबला आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मैच की पूर्व संध्या पर अपने खिलाड़ियों को निर्देशित करते हेड कोच खालिद जमील।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी 5 मार्च को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) लीग चरण के अपने अंतिम घरेलू मैच में ओडिशा एफसी से भिड़ेगी।

प्लेऑफ में जगह पक्की होने के बाद, मेन ऑफ स्टील की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने की कोशिश करेगी। दूसरी ओर, ओडिशा एफसी प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी जंग जारी रखते हुए जीत के लिए बेताब होगी।

जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने नॉकआउट दौर में लय बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हमें अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना होगा और पिछले मैच से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। प्लेऑफ से पहले यह हमारा आखिरी घरेलू मैच है और हम अपने प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका देना चाहते हैं। अपने पिछले मैच में, जमशेदपुर एफसी ने कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला था। पहले हाफ में गोल खाने के बाद, मेन ऑफ स्टील ने दृढ़ता दिखाई और खेल के अंत में श्रीकुट्टन के क्रॉस से किए गए अपने ही गोल के जरिए बराबरी कर ली।

इस नतीजे ने सुनिश्चित किया कि जमशेदपुर एफसी ने सीजन के आखिरी चरण में अपनी लय बरकरार रखी और केरला ब्लास्टर्स को प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

चोट से वापसी करने वाले ऋत्विक दास ने भी टीम की एकता और दृढ़ संकल्प के बारे में बात की। उन्होंने कहा, टीम पहले से कहीं ज्यादा एकजुट है। खिलाड़ियों से लेकर कोचिंग स्टाफ तक, हर कोई जीतना और बेहतर करना चाहता है। जीतने की उस मानसिकता ने पूरे सीजन में हमारी मदद की है और हम प्लेऑफ में भी इसे जारी रखना चाहते हैं।

## एक नजर में

### एआइडीएसओ ने साकची गोलचक्कर पर किया प्रदर्शन, प. बंगाल के शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



**जमशेदपुर।** एआइडीएसओ ने आज पश्चिम बंगाल समेत देश के सभी विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में छात्र संघ का चुनाव कराने की मांग पर साकची गोलचक्कर पर प्रदर्शन किया। विगत 1 मार्च को पश्चिम बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने और साथ मे विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों को लेकर आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर शिक्षा मंत्री का काफिला का गाड़ी चढ़ा दिया गया था जिससे कई छात्र गंभीम रूप से घायल हुए। इस बर्बरता पूर्ण घटना के खिलाफ छात्र संगठन एआइडीएसओ पश्चिम बंगाल राज्य कमिटी की और से विगत कल 3 मार्च को राज्यव्यापी विरोध दिवस हड़ताल का आह्वान किया गया था और इस घटना के विरोध मे उतरे। सशक्त छात्र आंदोलन संगठित कर कैंपस में लोकतांत्रिक माहौल को बचाने के लिए4 मार्च को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) के केंद्रीय परिषद द्वारा अखिल भारतीय संकल्प दिवस का आह्वान किया गया था। इसी क्रम मे आज साकची गोलचक्कर मे पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन के साथ संकल्प दिवस मनाया गया। इसमें राज्य सचिव मंडली सदस्या खुशबू कुमारी, सोनीसेन गुप्ता, पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव शुभम कुमार झा, जिला उपाध्यक्ष झरना महतो, नगर अध्यक्ष सबिता सोरेन, सचिव खुदीराम हांसदा, राजेश गोप, अमित कुमार, समीर महतो, राहुल महतो, अपूर्व महतो, दिव्या समेत अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### गम्हरिया में पूर्व सांसद सुनील महतो की समाधि पर लगा नेताओं का मेला



**गम्हरिया।** शहीद सुनील महतो स्मारक रक्षा समिति की ओर से जमशेदपुर के दिवंगत सांसद सुनील महतो के 18वें शहादत दिवस पर छोटा गम्हरिया स्थित उनके समाधि स्थल पर कार्यक्रम कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर सर्वप्रथम उनके अनुज व आजसू केंद्रीय सचिव सुसेन महतो ने समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। तत्पश्चात विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि देने वालों में झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, जिला संयोजक डॉ शुभेन्दू महतो, लालबाबू सरदार, अमृत महतो, जगदीश महतो, सन्नी सिंह, शंकर मुखी, आजसू नेता महेश्वर महतो, कांग्रेस नेता फुलकान्त झा समेत कई नेता शामिल थे।

### देवघर पंचायत के देवघर गांव में बाहा बोंगा पूजा



**जमशेदपुर।** देवघर पंचायत के देवघर गांव में आज बाहा बोंगा का पूजा नायके (पुजारी) के अगुवाई में संपन्न हुआ। इस पूजा में सभी ग्रामीणों ने पारंपरिक ड्रेस में भाग लिया, जैसा कि आदेश दिया गया था। पूजा के दौरान, ग्रामीणों ने मुर्गा का बली देकर पूजा अर्चना की। यह संथाल समाज के पारम्परिक पूजा है, जो हर गाँव में नए फूल खिलने के मौसम में किया जाता है। इस पूजा का उद्देश्य प्रकृति की सुंदरता और उर्वरता को मनाना है। यह पूजा संथाल समाज की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम इस पूजा के आयोजन के लिए देवघर पंचायत के ग्रामीणों और पूजा नायके को बधाई देते हैं। इस दौरान नायके बाबा बिमल मुर्मू, माझी बाबा सिमल मुर्मू, छोटू सोरेन, बिष्णु मुर्मू, ताला मुर्मू आदि उपस्थित थे।

### जमशेदपुर महिला विवि में विज्ञान रथ का आगमन



**जमशेदपुर।** विज्ञान दिवस पर रसायन विभाग ने सीएसआईआर एवं आईआईएमटी भुवनेश्वर के सहयोग से विज्ञान रथ का छात्राओं से परिचय कराया। यह रथ सीएसआइआर के महानिदेशक ने 14 फरवरी 2025 को भुवनेश्वर से रवाना किया था जो उड़ीसा, पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालय से भ्रमण करते हुए महिला विश्वविद्यालय के प्रांगण में पहुंचा इस विज्ञान रथ का मुख्य उद्देश्य भारत में विज्ञान के क्षेत्र में होने वाले नये-नये आविष्कारों से छात्राओं को अवगत कराते हुए माननीय प्रधानमंत्रीश्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करना है। इस रथ का विवि के सभी अध्यापक एवं छात्राओं ने स्वागत किया एवं विज्ञान रथ के ज्ञान का लाभ उठाया। कई वैज्ञानिक का पदार्पण भी हमारे प्रांगण में हुआ। छात्राओं के कई प्रश्नों का उत्तर दिये गये। कुलपति प्रो डॉ अद्यजिला गुप्ता ने विज्ञान दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विज्ञान रथ के द्वारा हमारी छात्राओं को विज्ञान से संबंधित कई बातों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह एक अच्छी पहल है। भविष्य में हमारी छात्राओं को नये अवसर प्राप्त होंगे। मौके पर चीफ साइंटिस्ट डॉ के गोपाल कृष्णन, सीनियर साइंटिस्ट डॉ अनिमेष जाना, साइंटिस्ट डॉ मनोज कुमार, टेकनिकल ऑफिसर विभु दत्ता प्रधान, सीनियर मैनेजर टाटा स्टील प्रेम राज मिश्रा, काजलमणि दुबे टाटा स्टील, छात्रकल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, डॉ अनामिका, आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ रत्ना मित्रा, अनीता शुक्ला, डॉ सरिता कुमारी, डॉ नूपुर अन्विता मिंज अन्य शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।




### आइसीसी वनडे टूनार्मेंट में सर्वाधिक 50+ रन बनाने वाले बल्लेबाज बने विराट, सचिन को पीछे छोड़ा

| खिलाड़ी | 50+ स्कोर | पारियां |
|---|---|---|
| विराट कोहली | 24 | 53 |
| सचिन तेंदुलकर | 23 | 58 |
| रोहित शर्मा | 18 | 42 |
| कुमार संगकारा | 17 | 56 |
| रिकी पोंटिंग | 16 | 60 |

### भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सबसे ज्यादा कैच

विराट कोहली - 336
राहुल द्रविड़ - 334
मोहम्मद अजहरुद्दीन - 261
सचिन तेंदुलकर - 256
रोहित शर्मा - 229

## 2023 का बदला पूरा, भारत ने आस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी से किया बाहर, कोहली बने हीरो

# भारत 5वीं बार चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में

■ विराट कोहली मैन ऑफ द मैच रहे।

**एजेंसी**

**दुबई।** भारतीय टीम ने अब तक आइसीसी नॉकआउट्स में मिली सभी हारों का आस्ट्रेलिया से बदला चुकता कर दिया। उसने आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराते हुए खिताबी मुकाबले में एंट्री मार ली है। भारत के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद शमी ने कमाल करते हुए 3 विकेट झटके तो बल्लेबाजी में विराट कोहली ने 84 रनों की पारी खेली, जबकि श्रेयस अय्यर ने 45 रन खेलकर एक्स फैक्टर की भूमिका निभाई। आखिरी में केएल राहुल और हार्दिक पंड्या (24 गेंदों में 3 छक्के और एक चौका की मदद से 28 रन) ने तेवर दिखाते हुए आस्ट्रेलिया को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। भारत की फाइनल में भिड़ंत इसी मैदान पर 9 मार्च को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विनर के साथ होगी। इसका मतलब है कि टूनार्मेंट का मेजबान फाइनल की मेजबानी नहीं कर सकेगा।



### कोहली भारत के टॉप फील्डर

कोहली ने सेमीफाइनल जैसे बड़े मैच में आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस का कैच लेकर इतिहास रच दिया। विराट ने जडेजा की गेंद पर कैच लेकर विश्व क्रिकेट में सनसनी फैला दी। विराट ने अब तक सभी प्रारूपों में 336* कैच लिए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन गए हैं। इस मामले में विराट राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। विराट ने अपने 549वें मैच में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

**रोहित ने रचा इतिहास, क्रिस गेल का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा:** रोहित शर्मा अब आइसीसी वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अब तक यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम था। लेकिन रोहित उनसे आगे निकल गए हैं। जब आइसीसी एकदिवसीय टूनार्मेंट की बात आती है, तो उनमें एकदिवसीय विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी शामिल हैं। क्योंकि दोनों प्रतियोगिताएं 50 ओवर की हैं। रोहित शर्मा ने अब आइसीसी वनडे में 65 छक्के लगाये हैं। क्रिस गेल 64 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### कोहली ने हासिल किया बड़ा कीर्तिमान, बने भारत के नंबर 1 खिलाड़ी

कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में 17 मैचों की 16 पारियों में 1 शतक और 5 अर्धशतकों से साथ 746 रन बना दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रीलंका के महेला जयवर्धने (22 मैच- 742 रन) और भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को पीछे छोड़ दिया है। जो विराट से पहले चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। धवन ने 10 मैचों में 3 शतक और 3 अर्धशतकों के साथ 701 रन बनाए हैं।

विराट ने सौरव गांगुली को भी पीछे छोड़ था, जो उनसे पहले भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। गांगुली ने 13 मैचों में 3 शतक और 3 अर्धशतकों के साथ 665 रन बनाए हैं। इस मैच में 4 रन बनाते ही उन्होंने गांगुली को पीछे छोड़ दिया था। इस मैच से पहले विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने 15 मैचों में 1 शतक और 5 अर्धशतकों की मदद से कुल 662 रन बनाए थे।

### आस्ट्रेलिया 264/10 (49.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| हेड कै. गिल बो. चक्रवर्ती | 39 | 33 | 05 | 02 |
| कॉनली कै. राहुल बो. शमी | 00 | 09 | 00 | 00 |
| स्मिथ बो. शमी | 73 | 96 | 04 | 01 |
| लाबुशेन एलबीडब्ल्यू जडेजा | 29 | 36 | 02 | 01 |
| इंगलिस कै. कोहली बो. जडेजा | 11 | 12 | 00 | 00 |
| एलेक्स कैरी रन आउट | 61 | 57 | 08 | 01 |
| मैक्सवेल बो. अक्षर पटेल | 07 | 05 | 00 | 01 |
| ड्वारशुइस कै. अय्यर बो. चक्रवर्ती | 19 | 29 | 01 | 01 |
| एडम जम्पा बो. हार्दिक | 07 | 12 | 00 | 00 |
| एलिस कै. कोहली बो. शमी | 10 | 07 | 00 | 01 |
| तनवीर सांघा नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :07

**विकेट पतन** : 4-1, 54-2, 110-3, 144-4, 198-5, 205-6, 239-7, 249-8, 262-9, 264-10.

**गेंदबाज** : मोहम्मद शमी : 10-0-48-3, हार्दिक पंड्या : 5.3-0-40-1, कुलदीप यादव : 8-0-44-0 वरुण चक्रवर्ती : 10-0-49-2, अक्षर पटेल : 8-1-43-1, रवींद्र जडेजा : 8-1-40-2.

### भारत 267/6 (48.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित एलबीडब्ल्यू कॉनली | 28 | 29 | 03 | 01 |
| गिल बो. बेन ड्वारशुइस | 08 | 11 | 01 | 00 |
| कोहली कै. ड्वारशुइस बो. जंपा | 84 | 98 | 05 | 00 |
| श्रेयस अय्यर बो. जंपा | 45 | 62 | 03 | 00 |
| अक्षर पटेल बो. एलिस | 27 | 30 | 01 | 01 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 42 | 34 | 02 | 02 |
| हार्दिक कै. मैक्सवेल बो. एलिस | 28 | 24 | 01 | 03 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 02 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 03

**विकेट पतन** : 30-1, 43-2, 134-3, 178-4, 225-5, 259-6.

**गेंदबाज** : बेन ड्वारशुइस : 7-0-39-1, नाथन एलिस : 10-0-49-2, कूपर कॉनली : 8-0-37-1, एडम जम्पा : 10-0-60-2, तनवीर सांघा : 6-0-41-0, ग्लेन मैक्सवेल : 6.1-0-35-0, ट्रैविस हेड : 1-0-6-0.

### अय्यर और कोहली ने बना दिया भारत के लिए मैच

कप्तान के आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर मैदान पर आए और विराट कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। इस दौरान विराट कोहली ने 53 गेंदों में एडम जांपा को चौका जड़ते हुए 25वें ओवर में हाफ सेंचुरी पूरी की। श्रेयस अय्यर उनका बखूबी साथ दे रहे थे। ऐसा लग रहा था वह भी हाफ सेंचुरी पूरी करेंगे, लेकिन 27वें ओवर की पहली गेंद पर एडम जांपा की थोड़ी तेज रफ्तार से डाली गई गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 62 गेंदों में 3 चौके की मदद से 45 रन की पारी खेली। इस साझेदारी के दम पर भारत का सैकड़ा पूरा हुआ।

**हार्दिक की भूमिका रही अहम :** कोहली के आउट होने के बाद राहुल और हार्दिक ने मोर्चा संभाला। हार्दिक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारत के जीत के बेहद करीब ले आए। जब टीम को जीत के लिए छह रन बनाने की जरूरत थी, तभी हार्दिक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हो गए। हार्दिक ने 24 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक के आउट होने के बाद राहुल ने मैक्सवेल की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। राहुल 34 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि जडेजा भी दो रन बनाकर नाबाद रहे। आस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस और एडम जैम्पा ने दो-दो विकेट झटके, जबकि बेन ड्वारशुइस और कूपर कोनोली को एक-एक विकेट मिला।



## नॉकआउट मैच के दबाव से पार पाने उतरेंगे द. अफ्रीका और न्यूजीलैंड




**एजेंसी**

**लाहौर।** चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम का सामना सेमीफाइनल में बुधवार को न्यूजीलैंड से होगा। यह दोनों ही टीमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करती हैं, लेकिन बड़े मैचों में दबाव में आ जाती हैं। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची थी, लेकिन न्यूजीलैंड के ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में भारत से हार मिली थी। मिचेल सेंटनर की अगुआई में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया से आगे शीर्ष पर रहा। कागजों पर दोनों टीमें बराबरी की दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्रमशः 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, लेकिन उस समय इस टूनार्मेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था और इसका वह महत्व नहीं था जो अब है।

दक्षिण अफ्रीका जहां बड़े टूनार्मेंट के चोकर्स (मुख्य मुकाबलों में हार का सामना करने वाली टीम) के अपने तमगे को हटाना चाहेगा, वहीं न्यूजीलैंड की टीम भी खिताब पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब होगी।


## दिग्गज भारतीय स्पिन गेंदबाज पद्माकर शिवालकर का निधन

**नयी दिल्ली।** देश के दिग्गज बाएं हाथ के स्पिनरों में से एक पद्माकर शिवालकर का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे और पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे। 1960 और 70 के दशक के दिग्गज खिलाड़ियों में से एक शिवालकर ने मुंबई घरेलू क्रिकेट में बेजोड़ राज किया। हालांकि उन्हें कभी देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला, क्योंकि उस समय बिशन सिंह बेदी भारतीय टीम में बाएं हाथ के स्पिनर थे। लेकिन उन्होंने 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए। संन्यास के बाद शिवालकर ने मुंबई रणजी ट्रॉफी टीम को भी कोचिंग दी। शिवालकर का निधन मुंबई के पूर्व कप्तान मिलिंद रेगे के निधन के बाद हुआ है और क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने उनके निधन पर दुख जताया है।

## न्यूजीलैंड दौरे पर पाक के मुख्य कोच बने रहेंगे आकिब जावेद

**एजेंसी**

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिये कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा, पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप का कोच बनाया था लेकिन दोनों ने बोर्ड के साथ मसलों का हवाला देकर छह से आठ महीने के भीतर इस्तीफा दे दिया। इसके बाद आकिब को सफेद गेंद की टीम का अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया और दक्षिण अफ्रीका तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं में वह टेस्ट टीम के भी मुख्य कोच रहे। वह तीन देशों की श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम के कोच थे जिसमें मेजबान टीम एक भी जीत दर्ज किये बिना बाहर हो गई। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद युसूफ बल्लेबाजी कोच होंगे।



## अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला



**तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। 40 साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गए। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया।

## आइपीएल 2025 सीजन की शुरुआत टिकटों की बिक्री पांच मार्च से

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) ने टाटा आइपीएल 2025 सीजन की शुरूआत की है, जिसके लिए टिकटों की बिक्री पांच मार्च से शुरू होगी। गुजरात टाइटन्स के सीओओ कर्नल अरविंदर सिंह ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि टाटा आइपीएल 2025 के एक और धमाकेदार सीजन के लिए उत्साह के साथ, गुजरात टाइटन्स (जीटी) दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने घरेलू मैचों के लिए प्रशंसकों और दर्शकों का स्वागत करता है। गुजरात फ्रैंचाइजी ने बुधवार, पांच मार्च से लाइव होने वाले ऑनलाइन टिकटों की घोषणा की है। डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो आधिकारिक टिकटिंग पार्टनर है और प्रशंसक गुजरात टाइटन्स (जीटी) ऐप और डिस्ट्रिक्ट ऐप पर ऑनलाइन टिकट खरीद सकते हैं।

## न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाबर आजम और रिजवान बाहर

**लाहौर।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया है। चयनकताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन बाद न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित टीम में कई बदलाव किये है। जिसके तहत रिजवान और बाबर आजम को पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर कर दिया है। सलमान आगा को टी-20 कप्तानी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई है उन्हें उप-कप्तान बनाया गया है। हालांकि एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मोहम्मद रिजवान की कप्तानी बरकरार रखी गई। लेकिन शाहीन अफरीदी को बाहर कर दिया गया है। घरेलू टी20 टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 27 वर्षीय बड़े हिटर बल्लेबाज अब्दुल समद टीम में शामिल किया गया हैं।

## भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है। एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम इसमें आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा के मिश्रण को देख रहे हैं। विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा, इस चैंपियनशिप में पूरे एशिया के असाधारण खिलाड़ी एक मंच पर आयेंगे, जो इस प्राचीन अभ्यास की ताकत, लचीलापन और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि भारत इस प्राचीन खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है।



## पीटी उषा ने तदर्थ समिति नियुक्त करने का बचाव किया बोलीं- बीएफआई जिम्मेदारी पूरी करने में विफल रहा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करने के फैसला का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआइ) पिछले एक साल में अपनी मौलिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है और व्यवस्था को बहाल करने तथा उचित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए उनका यह कदम जरूरी था।

उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज ने उन पर मनमाने आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था। नारंग आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। आईओए के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थगन के बावजूद उषा अपनी रुख पर का दृढ़ता से कायम है। बीएफआई द्वारा दायर याचिका पर अदालत ने आईओए से जवाब मांगते हुए नोटिस जारी किया है।



### उषा ने नारंग को भेजा जवाब

उषा ने नारंग को भेजे जवाब में कहा, नारंग आपके इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि इस निर्णय या मेरी ओर से किसी कथित मनमानी कार्रवाई के कारण खिलाड़ियों को नुकसान हो रहा है। तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय मनमाना नहीं था, बल्कि व्यवस्था बहाल करने, उचित प्रशासन सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक आवश्यक कदम था।

# चंद्रपुरा डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान में एम-1 स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

›› यह कार्यक्रम प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्र में मूल्यवान साबित होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा के प्रशिक्षण संस्थान में डीवीसी में नव पदोन्नति पाए एम-1 अधिकारियों को एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। डीवीसी के कार्यपालक निदेशक-ईंधन संजय कुमार घोष कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के सीजीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ जीएम व परियोजना प्रधान विजयानन्द शर्मा वरिष्ठ जीएम पीके मिश्रा सीआईएसएफ के उप समादेष्टा नकुल कुमार वर्मा डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय आदि ने उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि डीवीसी में नव पदोन्नति अधिकारियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करके नेतृत्व से उन्हें पोषित करने और अपने कार्यकाल को मजबूत करने के लिए इन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्र में मूल्यवान साबित होगा। यह अपनी भूमिकाओं के लिए आवश्यक सर्वोत्तम प्रथम और नीतियों के बारे में जानेंगे और अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ इंटरएक्टिव सत्रों में भाग लेंगे। संबंधित अधिकारी प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने और योगदान के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस होंगे। यह प्रशिक्षण केवल जानकारी प्राप्त करने के बारे में नहीं बल्कि डीवीसी में नेतृत्व और निर्णय लेने के लिए एक मजबूत आधार बनाने के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# गोड्डा : दो पिस्टल और गोली के साथ अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** डीएसपी मुख्यालय गोड्डा जे पी एन चौधरी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र से दो अवैध आग्नेयाश्त्र के साथ एक आरोपी गिरफतार किया गया है। उन्होंने बताया पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की गई। सोमवार को सूचना मिली की सुंदर पहाड़ी थाना के ग्राम कटहल वाडी में एक युवक राम पत रस मरांडी उम्र 33 वर्ष, पिता ईश्वर मरांडी ऊर्फ मार्टिन जिनका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और कई थानों में इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है। अपने हाथों में पिस्टल लहराकर लोगों को धमकी दे रहे हैं और अपने नए मकान दामा कोल के पास उपस्थित होकर कानून व्यवस्था के लिए समस्या पैदा कर रहे हैं। इस बात की जानकारी वरीय पदाधिकारियों को दी गई। उनके निर्देश पर थाना प्रभारी सुंदर पहाड़ी आशीष कुमार यादव, रविंद्र गुप्ता, पटवारी सोरेन एएसआई सुंदरपहाड़ी ने जवानों के साथ मिलकर घेरा बंदी कर उसे अपने कब्जे में लिया और तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उसे कब्जे में लेकर उसके घर की तलाशी ली गई तो उसके घर के छप्पर से एक पिस्टल भी बरामद कर लिया गया। रामपत्रस मरांडी के नाम पाकुड़ दुमका गोड्डा जिले में 8 बार प्राथमिकी दर्ज कराए गए हैं। प्रेस वार्ता में डी एस पी मुख्यालय के अलावे पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक, सदर प्रभाग गोड्डा, भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### चंदनकियारी के खिलाड़ी झारखंड का नाम करेंगे रोशन : विधायक उमाकांत रजक



बोकारो। चास प्रखंड स्थित पारटांड़ में आदिवासी क्लब की ओर से आयोजित नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक और विशिष्ठ अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। इसमें साहिल क्लब और ब्रदर्स बॉयज बालीडीह के बीच हुए फाइनल मैच में साहिल क्लब ने एक-शून्य से जीत दर्ज किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक उमाकांत ने प्रथम पुरस्कार के रूप में पुरस्कृत 30000/- व द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम को 20 हजार प्रदान किया। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में राज्य और देश स्तर तक पहुंचने की अग्रिम बधाई दी। अपने स्तर पर उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब चंदनकियारी के खिलाड़ी भी धोनी और सचिन की तरह झारखंड का नाम रौशन करेंगे। इसके लिए वृहत कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। वहीं कांग्रेस नेता देव शर्मा ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। बस उन्हे तराशने की जरूरत हैं। मौके पर जिप सदस्य सुषेण रजवार मुधुनिया मुखिया प्रदीप कुमार सुशील सोरेन अशीन शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सफल रहे विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत





बेरमो। जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा 9 में विज्ञान विषय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने सक्रियता पूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज की साथ ही कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के भैया बहनों के बीच स्पोकन इंग्लिश की प्रतियोगिता संपन्न की गई इस प्रतियोगिता का विषय अंग्रेजी में था प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय प्रबंधकारी समिति के सचिव अनिल अग्रवाल के द्वारा हुआ विजेता भैया बहनों को पुरस्कार देकर अग्रवाल ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया इस प्रतियोगिता में विजेता के रूप में कक्षा चतुर्थ की बहन दिव्यांशी प्रिया प्रथम,कक्षा पंचम के भैया मोहन कुमार द्वितीय तथा कक्षा तृतीय के भैया दर्शन कुमार महतो तृतीय स्थान घोषित किए गए वही कक्षा 9 में पुरस्कार पाने वाले नमन बोरा तथा रागिनी कुमारी,अपने उद्बोधन ने माननीय सचिव अग्रवाल ने बच्चों का आशीर्वाद देते हुए कहा कि मेहनत करते रहे सफलता अवश्य मिलेगी विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमेश कुमार उपाध्याय ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया विद्यालय के समस्त आचार्य जी एवं दीदी जी इस प्रतियोगिता में उपस्थित रहे।

### बेरमो : हरला थाना क्षेत्र में पान मसाला भण्डारण बिक्री और वितरण की जांच की गयी



बेरमो। मंगलवार को डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं हरला थाना प्रभारी के सहयोग से विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा हरला थाना क्षेत्र के बसन्ती मोड, कूलिंग पाउण्ड 2, ए रोड, सेक्टर 8 कुल 63 दुकानों की जांच की गई। जिसमें 7 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1200 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम द्वारा बताया गया कि अपर मुख्य सचिव सह राज्य खाद्यय सुरक्षा आयुक्त स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेशानुसार तम्बाकू तथा निकोटीन युक्त गुटखा तथा पान मसाला के भंडारण, वितरण एवं बिक्री को अगले एक वर्ष तक के लिये प्रतिबन्धित किया गया है। सभी दुकानदार को सुझाव दिया जाता है कि तम्बाकू/पान मसाला/निकोटीन युक्त गुटखा का विक्री न करें। छापामारी के दौरान विभिन्न दुकानदारो को जिला परामर्शी द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया कि स्कूल के 100 गज के दायरे में किसी भी मादक पदार्थ की बिक्री न करें अन्यथा पकडे जाने पर कोटपा 2003 की धारी 6 बी के तहत कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, के साथ हरला थाना का गश्ती दल उपस्थित थी।

### बेरमो : हथियार के बल पर लूट


बेरमो/ऊपरघाट। बोकारो जिला के पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत लहिया मे बीते रविवार को संध्या 5 बजे के लगभग घटना को अंजाम दिया गया है जिसका पेंक थाना मे मामला दर्ज किया गया है। घायल कय्यूम अंसारी ने बताया की मै अपने राशन दुकान मे ग्राहकों को राशन बिक्री कर रहा था उसी क्रम मे मेरे गांव लहिया के ही कुछ दबंगों ने हथियार के बल पर मनोवर अंसारी जिसके हाथ मे पिस्तौल था, असगर अंसारी के हाथ मे लाठी था मंजूर अंसारी के हाथ मे लोहे का रड़ था एका एक मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया साथ ही घर मे रखे 90 हजार रुपये एवं सोने चांदी के जेवरात को लूट लिया। वही मेरी पत्नी जब इसका विरोध की तो यह तीनो लोग मेरे पत्नी के साथ भी अभद्र व्यवहार एवं जान से मारने एवं अंजाम भुगतने का धमकी देते हुए भाग निकला। घटना के क्रम में गांव के अंजुम कमिटी का सेक्रेटरी सहाबुद्दीन अंसारी ने बचाव एवं अपराधियों को रोकने एवं समझाने की कोशिश की तो उनके ऊपर भी हमला कर माथा को चोटिल कर दिया। वही घायल कय्यूम ने बताया जब मै अपना इलाज करवाने हॉस्पिटल मे चला गया तभी दबंगों ने उल्टा मेरे एवं मेरे घर वालों पर पेंक थाना मे मारपीट एवं गली गलौज का मामला दर्ज कर दिया। इस सबंध मे पेंक थाना प्रभारी अनिल कुमार लिंडा ने बताया की मामला दोनो तरफ से दर्ज कर जांच किया जा रहा है। इस मामले मे जो भी दोषी पाया जायेगा उस पर कानूनी कार्यवाही होगी।

### करगली मे नौ दिवसीय रामचरितमानस महायज्ञ में बह रही है भक्ति की बयार



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली गेट दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित 67वां श्री श्री रामचरितमानस महायज्ञ के नौ दिवसीय महायज्ञ के छठा दिन मंगलवार की यज्ञ मंडप की परिक्रमा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस धार्मिक कार्य में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सहभागिता अधिक रही। दूसरी ओर विद्धवान आचार्यों के मंत्रोचारण से वातावरण गुंजयमान होता रहा। उज्जैन से पधारेलोकेशानन्द शास्त्री जी आचार्य ने बताया कि यज्ञ मंडप परिक्रमा का विशेष महत्व है। इस धार्मिक कृत्य में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को को न सिर्फ अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है। बल्कि वह सद्गति को भी प्राप्त होते हैं। बताया कि सामाजिक स्तर पर भी यह आम धारणा है कि यज्ञ मंडप परिक्रमा मात्र से ही प्राण त्रैविध तापों से मुक्त हो जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह का माहौल दिखा। यज्ञाचार्य ने बताया कि महायज्ञ सर्व कल्याण के लिए होता है। अन्नाद भवंती, प्रजनाद अन्न संभव, यज्ञात भवंती प्रज्नयो यज्ञ कर्म समुछ्वव। अन्न से समस्त प्राणियों का कल्याण होता है। बारिश से अन्न की उत्पत्ति होती है। यहां फुसरो सुभाष नगर, जवाहर नगर, बेरमो सीम, रामनगर, घुटियाटांड आदि विभिन्न जगहों से सैकड़ो श्रद्धालुओं ने परिक्रमा और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि का कामना किया। इस अवसर पर यहां आयोजित रामायण पाठ से करगली गेट सहित आसपास का सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ समिति के सुशील सिंह और अनिल सिंह ने कहा कि पिछले 67 वर्षो से यहां प्रतिवर्ष महायज्ञ का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को हवन के साथ यज्ञ संपन्न होगा।

### विद्यार्थियों और युवाओं के विकास की दिशा में बजट सराहनीय : डॉ गंगवार



बोकारो। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से विधानसभा में पेश किए गए बजट पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार ने कहा कि जिस प्रकार से बजट में बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर सरकार का जोर है कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं को आर्थिक मदद दी जा रही है और इसके लिए 310 करोड़ रुपये अलग से प्रावधान किया गया है-यह बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने की दिशा में काफी अहम व सराहनीय है। प्राथमिक स्कूलों के विकास पर जोर भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में से 2500 केंद्र भवन का निर्माण आगामी वर्षों में स्कूलों में 1050 समेकित गणित एवं विज्ञान लैब के अधिष्ठापन की योजना भी प्रदेश के शैक्षणिक विकास की दिशा में काफी लाभप्रद होगी। उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पीपीपी मोड पर खूंटी गिरिडीह जमशेदपुर धनबाद देवघर और जामताड़ा जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा महत्वपूर्ण है। युवाओं के विकास हेतु राज्य में 59 नए डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलना वर्ष 2025-26 में राज्य के वैसे प्रखंड जिसमें स्टेडियम नहीं है-उन प्रखंडों में मॉडल प्राक्कलन पर स्टेडियम का निर्माण सभी गांवों में एक सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की स्थापना तथा झारखंड उत्कृष्ट खिलाड़ी सीधी नियुक्ति की योजना आदि निश्चय ही खेल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। कुल मिलाकर हेमंत सरकार का यह बजट सूबे में युवा-विकास तथा शैक्षणिक उत्थान की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है।

## स्पीड न्यूज

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से एसके बरियार की दिवंगत पत्नी मंजू सिन्हा की आत्मा की शान्ति के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लव कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत मंजू सिन्हा सामाजिक कार्यों से लगातार जुड़ी रहती थीं। कस्तूरी सिन्हा ने कहा कि मंजू सिन्हा एक सरल एवं सहृदय महिला थीं और वे सबके प्रति समभाव रखती थीं। गीता कुमारी ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच को शक्ति देने में मंजू सिन्हा का एक अहम योगदान था। ब्रह्मानंद गोस्वामी ने कहा कि उनका प्रत्येक कार्य राष्ट्रीय विचार धारा से जुड़ा रहता था। उनके कार्य को देखकर एक उत्साह प्राप्त होता था। डॉ नरेंद्र कुमार राय ने कहा कि वे जब तक जीवित रहीं तब तक अखिल भारतीय साहित्य परिषद को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित मेला में प्रत्येक वर्ष मंच प्रदान करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहती थीं जहां परिषद के सभी कवि-कवयित्री एकत्र होकर अपनी कविता का पाठ करते थे। मौके पर डीएन सिंह कृपानंद सिन्हा रीता रॉय सुमन कुमारी तथा पुष्पा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### एसकेएमयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार को मिला सेवा विस्तार

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह को राजभवन की ओर से छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में राजभवन ने विश्वविद्यालय को मंगलवार को एक पत्र भेज सूचित किया है। उक्त पत्र के आलोक में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा राजीव कुमार ने मंगलवार को परीक्षा नियंत्रक डॉ साह का सेवा विस्तार संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। प्राप्त आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ साह को एक मार्च से अधिकतम छह माह अथवा जेपीएससी से नियमित नियुक्ति होने तक के लिए सेवा विस्तार किया गया है। यहां बता दें कि डॉ साह अर्थशास्त्र विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। पिछले एक साल से परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत हैं। डॉ साह विश्वविद्यालय में कॉमर्स और सामाजिक विज्ञान के डीन, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष समेत विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

### बेरमो : गौ तस्करों से छुड़ाये गये 6 नंदी बैल

बेरमो। बोकारो सेक्टर 12 थाना अंतर्गत जैप 4 के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष बबलू पांडे ने छह नंदी बैलों को गौ तस्करों से छुड़ाकर पुलिस को सौंप दिया, यह घटना सुबह 11:30 बजे की है डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। बबलू के अनुसार जब वह दूंदी बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे थे तब उन्होंने टाटा मैजिक पर 6 नंदी बैलों को लदा देखा वाहन में तीन लोग भगवा गमछा ओढ़े बैठे थे जब उन्होंने गाड़ी रोकने की कोशिश की तो चालक भागने लगा बबलू पांडे ने बाइक से गाड़ी रोक दी जिससे तीन तस्कर भाग निकले उनके चार अन्य साथी जो बाइक पर थे वह फरार हो गए।

# दुमका : डायन बिसाही के आरोप में मारपीट, मां को बचाने में पुत्र की मौत

## पूर्व में भी हो चुकी है घटना, पुलिस की पहल पर हुआ था समझौता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाजरत घायल।

**दुमका।** केंद्र सरकार, राज्य सरकार, शासन-प्रशासन व न्यायालय जहां अंधविश्वास से छुटकारा दिलाने को लोगों को जागरूक करने को लेकर कई योजनाएं चला करोड़ों खर्च कर रही है। वहीं वर्तमान समय में भी लोग अंधविश्वास में पड़े है। प्रशासन आए दिन हाट-बाजारों में डायन बिसाही समेत अन्य अंधविश्वास के प्रति लोगों को जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। वहीं लोगों में जागरूकता कार्यक्रम का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। आए दिन लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए भी ऐसे कुकृत को अंजाम दे रहे है। ऐसा ही एक मामला जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकड़ियाडीह गांव से सामने आया है। गांव में डायन बिसाही के आरोप में महिलाओं एवं उसके परिजनों से जमकर मारपीट की गई। मारपीट का आरोप दीनू मड़ैया और उसके चार बेटे समेत कुल 8 लोगों पर लगा है। जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल है। आरोप है की दीनू मड़ैया अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ नरेश राणा के घर पर पहुंच नरेश की मां को डायन बिसाही के आरोप में गाली गलौज करने लगा। बेटे और पति ने जब इसका विरोध किया तो बेटे को पड़कर बिजली के खंभे से बांध कर उसकी बेरहमी से पिटाई करने लगे। बचाने आए पिता पर भी जानलेवा हमला किया गया। किसी तरह इसकी सूचना मुफस्सिल थाना को दी गई। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच घायल पिता पुत्र को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान नरेश राणा की मौत हो गई। जबकि उसके पिता का इलाजरत है। पीड़ित पक्ष को डायन बिसाही के आरोप में पहले भी मारपीट की गई थी। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत थाना में की गई थी। थाना द्वारा दोनों पक्षों को बुलाया समझौता कराया गया था। इसके बाबजूद दीनू मड़ैया द्वारा अक्सर डायन बिसाही के आरोप में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इसी का परिणाम है कि घटना का पुनार्वृति में बेटे की मौत हो गई, तो पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है। आरोपी घर से फरार होने में कामयाब हो गया। जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। इस मामले में फिलहाल पुलिस कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है।

### घर में घुसकर वृद्धा से युवक ने किया दुष्कर्म

**दुमका।** घर में घुसकर 60 साल की वृद्धा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र की लखीकुंडी पंचायत की है। जहां बीते दो मार्च की रात को एक शराबी युवक ने वृद्धा से कुकृत किया है। पीड़िता ने मंगलवार को महिला थाना में मामला दर्ज कराया है। जिसमें मोहलीपाड़ा के एक युवक को नामजद आरोपी बनाया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह लखीकुंडी में अकेली रहती है। दो मार्च की देर शाम करीब 9 बजे घर के आंगन में बैठी हुई थी। तभी मोहलीपाड़ा एक युवक नशे की हालत में जबरन घर में घुस गया और डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। तीन मार्च को शहर में रहने वाली बेटी के पास जाकर सारी बताई। महिला थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने बताया कि महिला के बयान पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आरोपी की तलाश में दबिश दी, लेकिन वह घर में नहीं मिला। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# दुमका : अज्ञात वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार दंपत्ति की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शव को सड़क पर रखकर जाम करते परिजन।

**दुमका।** जिला के जामा थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया मुख्यमार्ग पर सोमवार को कमारदुधानी गांव के पास स्थित आर्चरी स्टेडियम के निकट अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से घायल दंपत्ति को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। जबकि इलाज के दौरान देर रात पति की भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार को मुफस्सिल थाना के खुशालपुर गांव निवासी 42 वर्षीय ज्वेल मरांडी अपनी पत्नी सोनामुनि मुर्मू और बेटा के साथ कैरबनी मिशन हॉस्टल बेटा को छोड़ने गये थे। लौटने के क्रम में आर्चरी स्टेडियम के पास हादसे का शिकार हो गये। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि दंपत्ति के मौत की सूचना अस्पताल प्रबंधन ने थाना को दिया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव को लेकर मंगलवार को स्टेडियम के पास दुमका मसलिया मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस के काफी समझाने बुझाने एवं आश्वासन देने के बाद परिजन लगभग दो घंटे बाद जाम हटाया। परिजनों द्वारा मृतक दंपत्ति के 10 वर्षीय पुत्र के सरकारी आवासीय विद्यालय में दाखिला की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि बच्चे का नामांकन हर हाल में कराया जायेगा। इसके बाद परिजन माने और जाम हटाया।

# पीएचईडी और पंचायती राज विभाग से खराब पड़ें चापाकलों को दुरूस्त करायें : डीसी बोकारो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** वीडियो संवाद के माध्यम से डीसी विजया जाधव ने कार्यालय कक्ष में सभी बीडीओ, डीपीआरओ, एएमसी चास और कार्यपालक अभियंता आदि के साथ किया बैठक, दिया जरूरी दिशा झ्र निर्देश। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से डीसी विजया जाधव ने वीडियो संवाद (वीसी) के माध्यम से गर्मी के मौसम में आमजनों को पेयजल संकट नहीं हो। इसके लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त चास, बीडीओ आदि के साथ बैठक किया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास/तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को स्थानीय स्तर पर सभी जल सहियाओं के साथ बैठक करके क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों/सोलर जल मिनार/लघु जल मिनार आदि की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने 03 दिनों के अंदर इस सूची को तैयार करने को कहा। साथ ही, पेयजल विभाग से लगाएं गए चापाकलों, जल जीवन मिशन के माध्यम से अधिष्ठापित जल मीनार, सिंगल विलेज जलापूर्ति योजना की मरम्मत कार्य को पेयजल विभाग द्वारा कराएं। उन्होंने कनीय अभियंता के साथ नियमित बैठक करने को कहा। वहीं, शेष योजनाओं द्वारा चापाकल/जलापूर्ति योजना की मरम्मती पंचायती राज विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग के द्वारा आवंटित राशि के 30 फीसदी पानी मद से खर्च कर सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो सफीक आलम को विभिन्न पंचायतों के मुखिया से इस दिशा में अविलंब कार्य शुरू करने को समन्वय करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीडीओ को भी अपने स्तर से सभी मुखियाओं के साथ बैठक कर कार्ययोजना की रूप रेखा तैयार कर जल्दी मरम्मत कार्य को शुरू करने को कहा। डीसी ने कहा कि प्रखंड अंतर्गत संचालित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बस स्टैंड के शौचालय, विभिन्न हाट-बजार के शौचालय आदि की मरम्मती भी जिला पंचायती राज विभाग मुखिया के माध्यम से 15वें वित्त आयोग के 30 फीसदी स्वच्छता मद से मरम्मती कार्य करने का निर्देश दिया।

# बोकारो में नौ और दस मार्च को मेगा हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ,शिशु का सुरक्षा बेहतर स्वास्थ्य जिला के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है इसको लेकर डीसी विजया जाधव ने स्वास्थ्य विभाग को 9-10 मार्च को जिले के सभी नव प्रखंडों में मेगा हीमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को समाज कल्याण विभाग के समन्वय स्थापित कर शिविर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने एवं जिले के सभी गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, अनुमंडलीय अस्पताल, सदर अस्पताल में हीमोग्लोबिन जांच हेतु आवश्यक उपकरण दवाइयां उपलब्ध रखेंगे। जिले के सभी सहिया एवं आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायीका गर्भवती महिलाओं को हीमोग्लोबिन जांच हेतु नजदीकी अस्पताल जहां शिविर का आयोजन होना है वही ले जायेगी जिन गर्भवती महिलाओं को एक भी एएनसी नहीं हुए हैं उनको जन शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सरकार के द्वारा किए गए एमओयू अल्ट्रासाउंड क्लीनिक, अस्पताल में मुफ्त में अल्ट्रासाउंड करायेगें उक्त आयोजित शिविर के सभी क्रियान्वयन हेतु सभी चिकित्सा पदाधिकारी वृहद प्रचार, प्रसार कराएंगे सभी बीडीओ सभी सीओ अपने-अपने क्षेत्रो में आयोजित होने वाली शिविर के लिए माईकिंग एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार, प्रचार करायेंगें।

# बेरमो में पंसस की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रखण्ड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता गिरिजा देवी प्रखंड प्रमुख बेरमो ने की। बैठक में सासंद प्रतिनिधि शक्ति महतो, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, बीडीओ बेरमो मुकेश कुमार, सीओ बेरमो संजीत सिंह, पंसस अख्तर अंसारी, शम्भु सोनी, बैजू कुमार, रोमा देवी, अरुणा कुमारी, राखी देवी, बेबी रजक, सोनामति देवी, तालों देवी, अमित कुमार, दीपक गोप एवं प्रखंड कर्मी। आदि मौजूद थे। बैठक में प्रखंड के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। पंचायत समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाया और समाधान की मांग की। गिरिजा देवी प्रखंड प्रमुख ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन पंचायत समिति के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहा है। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 6 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरमो में विकलांग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## यूक्रेनी संसद ने ट्रंप की शांति पहल का किया स्वागत

**कीव।** यूक्रेनी संसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति पहल का स्वागत किया है और विश्वास जताया है कि वह शत्रुता को समाप्त करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यूक्रेनी संसद ने कहा कि यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं और मानते हैं कि श्री ट्रम्प की भूमिका शत्रुता को समाप्त करने तथा शांति लाने में निर्णायक होगी। यूक्रेनी संसद ने शांति सुनिश्चित करने के लिए श्री ट्रम्प की पहल का स्वागत किया।

## संघ प्रमुख भागवत का बिहार दौरा आज से



**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन राव भागवत बिहार के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार को पटना पहुंचेंगे। वो यहां से पूर्व विभाग संघचालक एवं विश्व संवाद केंद्र के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत प्रकाश नारायण सिंह उपाख्य छोटे बाबू के घर जाएंगे। उनके परिजनों से मिलकर रात्रि विश्राम मुजफ्फरपुर स्थित संघ कार्यालय में करेंगे। संघ प्रमुख छह मार्च को सुबह वीरपुर, सुपौल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## महाराष्ट्र : मंत्री धनंजय मुंडे ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने बीड जिले के एक सरपंच की हत्या से जुड़े विवाद के बीच मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने घोषणा की कि रांकापा के विधायक मुंडे को उनके मंत्री पद के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है और उनका त्याग पत्र आगे की कार्रवाई के लिये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भेज दिया गया है।

## फिल्म आरा हिले छपरा हिले की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** प्रीति शुक्ला और अवधेश मिश्रा की नई फिल्म आरा हिले छपरा हिले की शूटिंग शुरू। फिल्म आरा हिले छपरा हिले,अंशुमन सिंह फिल्म क्रिएशन और मैडज मूवीज के बैनर तले बनाई जा रही है ।इस फिल्म के निमार्ता अंशुमन सिंह और मधु शर्मा हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। आरा हिले छपरा हिले एक मनोरंजक और रोमांचक कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों को हंसाने के साथ–साथ उन्हें सोचने पर भी मजबूर करेगी। फिल्म की शूटिंग बिहार के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है। निर्माता अंशुमन सिंह ने कहा कि हम भोजपुरी सिनेमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सफलता का मूलमंत्र राष्ट्र सर्वोपरि : वैष्णव

नयी दिल्ली ।भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के कुलाधिपति और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नए अवसरों के साथ उतार–चढ़ाव आते हैं, लेकिन हमेशा याद रखें राष्ट्र सर्वोपरि की भावना ही सफलता का मूलमंत्र है। वैष्णव ने आईआईएमसी के 56वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस आशय की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमशील बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में मीडिया उद्यम स्थापित करने की क्षमता है।

## अंसल ग्रुप के दोषियों की संपत्ति जब्त करेंगे



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में अंसल ग्रुप के मामले पर सपा को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने सदन के माध्यम से प्रदेश के होम बायर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर्स को कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अंसल ने एक भी होम बायर के साथ धोखा किया तो उसकी सारी संपत्ति जब्त कर लेंगे। दोषियों को पाताल से भी खोजकर लाएंगे और उन्हें सजा दिलाएंगे।

# बिहार में नीतीश के नेतृत्व में फिर बनेगी राजग सरकार

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुटे जायें कार्यकर्ता : खट्टर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना ।** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर ने बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी से तैयारी में जुट जाने की अपील करते हुए मंगलवार को कहा कि प्रदेश में फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। खट्टर ने मंगलवार को यहां बापू सभागार में भाजपा के राज्य परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता में स्वार्थ को समाप्त कर काम किया है। उन्होंने कहा कि इस साल बिहार में चुनाव होने हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। फिर से श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में राजग की सरकार बनेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा और बिहार



दिलीप जायसवाल को प्रमाण पत्र देते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व अन्य।

में एक बार फिर एनडीए सरकार बनेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। बीते हफ्ते, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा था कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा। लेकिन सीएम का फैसला (भाजपा के) संसदीय बोर्ड द्वारा चुनाव के बाद किया जाएगा। जिसके बार एनडीए के सहयोगियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी, जो पिछले दो महीनों से हर जिलों में संयुक्त बैठकें आयोजित कर रहे थे। एनडीए गठबंधन के नेताओं ने तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की और सीएम पद के लिए नीतीश कुमार का समर्थन किया। केंद्रीय मंत्री और हम (एस) प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि वो सीएम उम्मीदवार के रूप में नीतीश का समर्थन करेंगे। शुक्रवार कोपटना में आयोजित दलित समागम में जीतन मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 243 में 225 से ज्यादा सीटें जीतेगा। वहीं चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और उपेंद्र कुशवाह के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) समेत अन्य भाजपा सहयोगियों ने भी एनडीए के सीएम चेहरे के रूप में नीतीश का समर्थन किया। अपना बयान देने के कुछ ही घंटों बाद ही दिलीप जायसवाल ने सफाई देते हुए दावा किया कि यह मीडिया है जिसने बयान को गलत तरीके से पेश किया। जब मैंने कहा कि चुनाव एनडीए नेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, तो यह स्पष्ट है कि वो हमारा सीएम चेहरा हैं। हम मिशन 2025 का नारा लेकर आए हैं, एक बार फिर से नीतीश। दिलीप जायसवाल की नियुक्ति ऐसे वक्त हुई है, जब बिहार अक्टूबर-नवंबर के महीने में विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने 26 फरवरी को नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय कहते हैं, कि भाजपा अपने नए अध्यक्ष के तहत बिहार प्रदेश संगठन पर्व मना रही है, जिसे सर्वसम्मति से चुना गया है।

## डॉ जायसवाल फिर बने बिहार भाजपा के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से डॉ दिलीप जायसवाल की ताजपोशी हुई है। पटना के बापू सभागार में मंगलवार को हुई प्रदेश परिषद की बैठक में औपचारिक तौर पर उनके नाम का ऐलान किया गया ।डॉ जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। बैठक में प्रदेश परिषद के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अध्यक्ष के लिए दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ दिलीप जायसवाल मूलरूप से खगड़िया जिले के रहने वाले हैं। कलवार जाति से ताल्लुक रखने वाले जायसवाल के पास एमएससी, एमबीए, पीएचडी और मास्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री है। जायसवाल की सीमांचल क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। वे 2009 में पहली बार एमएलसी बने थे। इसके बाद पूर्णिया, अररिया और किशनगंज क्षेत्र से तीन बार के मेंबर ऑफ लेजिसलेटिव काउंसिल हैं। वे 20 साल तक भाजपा के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भी सक्रिय निभा रहे हैं। दिलीप जायसवाल का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी करीबी माना जाता है।

# भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है दुनिया : मोदी

## अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला है बजट

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन बताते हुए मंगलवार को कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इन साझेदारियों का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक पहल करनी चाहिए। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर ये बजट वेबिनार हर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। ये बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे



खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, सरकार ने उससे अधिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश में विकास के लिए स्थिर नीति और अच्छा कारोबारी माहौल बहुत जरूरी है। कुछ साल पहले हम जन विश्वास अधिनियम लेकर आए। हमने अनुपालन को कम करने की कोशिश की। केंद्र और राज्य स्तर

### जनविश्वास 2.0 विधेयक पर कर रहे हैं काम : प्रधानमंत्री

पर 40 हजार से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए। इससे व्यापार करने में आसानी हुई। हमने सरलीकृत आयकर की अवधारणा पेश की। हम जनविश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं। गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों की समीक्षा के लिए, हमने एक समिति बनाने का फैसला किया है। हम उन्हें आधुनिक, लोगों के अनुकूल और कार्य-आधारित बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली।

## मेरे ही सहयोग से 1990 में लालू बने थे सीएम : नीतीश



**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को लालू यादव से जुड़े 35 साल पुराने प्रसंग का खुलासा नीतीश कुमार ने किया। उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लालूको उनकी जाति के लोग मुख्यमंत्री 1990 में नहीं बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि लालू यादव की जाति के लोगों ने भी मुझे मना किया था। बावजूद इसके मैंने लालू यादव का समर्थन किया और उन्हें बिहार का मुख्यमंत्री बनवाया। नीतीश ने कहा कि हाल के समय में उन्होंने दो बार तेजस्वी के साथ भी सरकार बनाई लेकिन दोनों बार इन लोगों ने गड़बड़ किया। इसी कारण वे इनसे अलग हुए और राजग के साथ मिलकर फिर से सरकार बनाई। विधानसभा में तेजस्वी को देखकर नीतीश ने उन्हें बच्चा बोलकर कहा कि आप लोग कुछ नहीं जानते हैं। शाम के बाद कोई घर से नहीं निकलता था। उनके मुख्यमंत्री बनने के पहले न तो बिहर में सड़कें थीं और ना ही विकास का कोई अन्य काम हुआ था।

# अमेरिका ने यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकी

## जेलेंस्की के साथ तीखी बहस के बाद ट्रंप ने लगाया प्रतिबंध


**एजेंसी**

वाशिंगटन। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई तकरार का बड़ा परिणाम सामने आ गया। व्हाइट हाउस ने बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जा रही सभी प्रकार की अमेरिकी सैन्य सहायता पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य सहायता के शिपमेंट पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है। सीएनएन की खबर के अनुसार, पिछले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने यह आदेश जारी किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि उनका ध्यान शांति पर केंद्रित है। यूक्रेन को भी इस लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति के आदेश के बाद यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकी जा रही है। अधिकारियों और विश्लेषकों ने कहा कि इस फैसले का बड़ा असर यूक्रेन पर पड़ेगा। इससे यूक्रेन की युद्ध लड़ने की क्षमता पर



गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रतिबंध तब तक कायम रहेगा जब तक जेलेंस्की शांति वार्ता समझौते के लिए तैयार नहीं होते। हालांकि वाशिंगटन और कीव के बीच खुली दुश्मनी के बावजूद कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सहयोग करने का वादा किया है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैंसियन ने कहा कि यूक्रेन को तत्काल तो नहीं लेकिन इस रोक का प्रभाव दो से चार महीनों के भीतर महसूस होगा। यूरोपीय देशों की सहायता से कीव को अभी लड़ाई में बने रहने में मदद मिलेगी। आखिर में यूक्रेन को एक प्रतिकूल शांति समझौता स्वीकार करना ही होगा।

## औरंगजेब पर दिये गये बयान लेकर सपा नेता अबू आजमी ने मांगी माफी



मुंबई। विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को हंगामा और दिन भर के लिए कामकाज स्थगित होने के बाद समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने अपने औरंगजेब समर्थक बयान पर माफी मांग ली है। उन्होंने कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करके विधानमंडल के दोनों सदनों का वक्त बर्बाद किया गया, जो राज्यहित में नहीं है। आजमी ने यह भी कहा कि औरंगजेब के बारे में मैंने वही कहा, जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है। अबू आजमी ने सोमवार को औरंगजेब को महान शासक बताया था। इसके बाद शिवसेना शिंदे समूह के नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनके बयान विरोध करके आजमी पर देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने और विधायक पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की थी।

# अयोध्या से जनकपुर के बीच ट्रेन चलाने का रास्ता साफ

**नयी दिल्ली ।** भारत और नेपाल ने अयोध्या से जनकपुर के बीच सीधी यात्री ट्रेन चलाने और रक्सौल से काठमांडू तक रेल लाइन बिछाने की कार्य योजना तैयार कर ली है। गत सप्ताह 27-28 फरवरी को भारत और नेपाल ने नौवीं परियोजना संचालन समिति (पीएससी) और सातवीं संयुक्त कार्य समूह की बैठकें हुयीं। रेलवे क्षेत्र में समग्र द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव रोहित रतीश और रेल मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक (यातायात परिवहन-फ्रेट) प्रदीप ओझा ने किया। नेपाली पक्ष का नेतृत्व दोनों बैठकों के लिए भौतिक बुनियादी ढांचा

### रक्सौल से काठमांडू तक रेल लाइन बिछाने की कार्य योजना तैयार

और परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुशील बाबू ढकाल ने किया। दोनों पक्षों ने भारत सरकार की अनुदान सहायता से विकसित की जा रही जयनगर-बिजलपुरा-बाडीर्बास और जोगबनी-बिराटनगर ब्रॉड गेज रेलवे लाइनों के निर्माण के चल रहे कार्यों पर चर्चा की। बिजलपुरा से बार्दीबास तक जयनगर-बिजलपुरा-बार्दीबास और नेपाल कस्टम यार्ड से बिराटनगर तक जोगबनी-बिराटनगर पर काम शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की गई। नेपाल ने आश्वासन दिया कि लाइनों के शेष खंडों पर काम शुरू करने और पूरा करने के लिए आवश्यक सुविधा प्रदान की जाएगी।

## भगदड़ मामले में रेलवे ने दिल्ली के डीआरएम सुखविंदर सिंह को हटाया

**नयी दिल्ली।** राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात को हुई भगदड़ की घटना के 17 दिन बाद भारतीय रेलवे ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुखविंदर सिंह को मंगलवार को उनके पद से हटा दिया। रेलवे बोर्ड ने एक आदेश में भारतीय रेलवे इलैक्टिक इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी पुष्पेश आर त्रिपाठी को दिल्ली का नया डीआरएम नियुक्ति किया है और श्री सुखविंदर सिंह (भारतीय रेलवे इलैक्टिक इंजीनियरिंग सेवा) की फिलहाल कोई नियुक्ति नहीं की गयी है और उन्हें प्रतीक्षारत रखा गया है। त्रिपाठी इस समय उत्तर मध्य रेलवे में प्रयागराज में मुख्य इलैक्ट्रिक लोको इंजीनियर के पद पर नियुक्त हैं।

## अमेरिका ने कनाडा-मेक्सिको पर 25 फीसदी लगाया टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा मंगलवार से प्रभावी हो गई। यह अमेरिका के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों को एक समान लाने के उद्देश्य से एक असाधारण कार्रवाई है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कमजोर होने का खतरा है। सीएनएन की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी तरह के चीनी आयात पर टैरिफ को 10 फीसद से दोगुना कर 20 फीसद कर दिया। यह शुल्क सैकड़ों अरबों चीनी सामानों पर मौजूदा टैरिफ के शीर्ष पर हैं। टैरिफ के प्रभावी होने से कुछ समय पहले व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको को खतरनाक कार्टेल गतिविधि और अमेरिका में आने वाली घातक दवाओं की आमद को रोकने के लिए पर्याप्त अवसर दिया, लेकिन दोनों स्थिति को संभालने में विफल रहे। यह टैरिफ ऐसे समय पर लगाया गया है जब देश में मुद्रास्फीति लगातार ऊंची बनी हुई है। ट्रंप ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य दोनों पड़ोसियों को मादक पदार्थ फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई तेज करने और अवैध आव्रजन को रोकने के लिए मजबूर करना है।

# टैरिफ वॉर की आशंका से सहमा शेयर बाजार

## नौ महीने बाद सेंसेक्स 73 हजार से नीचे

**एजेंसी**

**मुंबई।** अमेरिका के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने के बाद विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति, रिलायंस, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स नौ महीने बाद 73 हजार अंक से नीचे बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक टूटकर नौ महीने बाद 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72,989.93 अंक पर आ गया। इससे पहले 04 जून 2024 को यह 72,079.05 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 अंक पर रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली

**▸▸ सेंसेक्स 96 अंक टूटकर 72, 989 पर पहुंचा और निफ्टी 36 अंक फिसलकर 22082 पर बंद**

हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.08 प्रतिशत बढ़कर 38,721.96 अंक और समॉलकैप 1.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,325.88 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2221 में लिवाली जबकि 1737 में बिकवाली हुई वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 में तेजी जबकि 28 में गिरावट रही। बीएसई के सात समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे सीडी 0.18, एफएमसीजी 0.40, आईटी 0.77, दूरसंचार 0.45, ऑटो 1.13, टेक 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.62, ऊर्जा 0.62,



हेल्थकेयर 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.29, बैंकिंग 0.51, कैपिटल गुड्स 1.41, तेल एवं गैस 1.10, पावर 0.65 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत मजबूत रहे।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक लुढ़ककर 72,817.34 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,633.54 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 73,033.18 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,085.94 अंक के मुकाबले 0.13 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,989.93 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 145 अंक गिरकर 21,974.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,964.60 अंक के निचले जबकि 22,105.05 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,119.30 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,082.65 अंक पर बंद हुआ।

### ये टॉप गेनर्स और लूजर्स

सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में बजाज फिनसर्व 2.70, एचसीएल टेक 2.40, नेस्ले इंडिया 1.71, एशियन पेंट 1.66, सन फार्मा 1.13, भारती एयरटेल 1.13, इंफोसिस 1.08, मारुति 1.08, टाइटन 1.02, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.96, रिलायंस 0.80, आईटीसी 0.68, बजाज फाइनेंस 0.58, टेक महिंद्रा 0.43, एक्सिस बैंक 0.35, टाटा मोटर्स 0.31, कोटक बैंक 0.26 और एनटीपीसी

### गिरावट के बावजूद निवेशकों को 96 हजार करोड़ का लाभ

0.21 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एसबीआई 3.02, जोमैटो 2.45, टीसीएस 1.03, अडानी पोर्ट्स 0.63, पावरग्रिड 0.59, टाटा स्टील 0.58, एचडीएफसी बैंक 0.58, एलटी 0.47, इंडसइंड बैंक 0.38, आईसीआईसीआई बैंक 0.36, अल्ट्रासिम्को 0.33 और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 0.07 प्रतिशत लाभ में रहे।

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण बाजार की कमजोरी के बावजूद स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 384.97 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 384.01 लाख करोड़ रुपये था।

